रविवारीय

लखनऊ, रविवार
13 अप्रैल, 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -231 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये    epaper : epaper.swatantrabharat.net    web portal : swatantrabharat.net


माइकल क्लार्क का आरोप सीएसके का रवैया बड़ी हार टालने वाला रहता है





**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $34^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $21^0$ |
| सूर्योदय | - 05:45 |
| सूर्यास्त | - 06:28 |

बादल छाये रहेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट की अभूतपूर्व टिप्पणी

# विधेयकों पर तीन महीने में निर्णय लें राष्ट्रपति

### संविधान में किसी को भी असीमित वीटो की शक्ति नहीं

**नई दिल्ली।** पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किए हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है।



अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समयसीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाए जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समयसीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए। पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने 'तमिलनाडु बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल' मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर एक निश्चित समय सीमा के भीतर निर्णय लेना अनिवार्य है। अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान में किसी को भी असीमित वीटो की शक्ति नहीं दी गई है और अगर राष्ट्रपति या राज्यपाल जानबूझकर विधेयकों पर निर्णय नहीं लेते हैं तो उनकी निष्क्रियता को न्यायिक जांच के दायरे में लाया जा सकता है।

### केंद्र और राज्य के बीच सहयोग हो

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों को परामर्श के साथ कार्य करने की सलाह दी है। राज्यों को ऐसे विधेयकों पर, जिनके लिए राष्ट्रपति की सहमति आवश्यक है, केंद्र सरकार से पहले ही चर्चा करनी चाहिए ताकि बाद में टकराव की स्थिति न बने।

# एसोशिएटेड जर्नल्स पर ईडी का बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं। ईडी ने ये नोटिस कांग्रेस

### संपत्तियों पर कब्जे के लिए जारी किया नोटिस

### दिल्ली-मुंबई और लखनऊ में नोटिस चस्पा

नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों को लेकर दिया गया है। जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले की जांच में कुर्क किया था।



संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने शुक्रवार को दिल्ली में आईटीओ में मौजूद हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल बिल्डिंग में ये नोटिस चिपकाए हैं। नोटिस में परिसर खाली करने या (मुंबई की संपत्ति के मामले में) किराए का हस्तांतरण ईडी को करने की मांग की गई है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत यह कार्रवाई की है। जो सरकारी एजेंसी को कुर्क की गई और न्यायाधिकरण (पीएमएलए) की तरफ से पुष्टि की गई संपत्तियों को कब्जे में लेने की प्रक्रिया के इजाजत देती है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था। धन शोधन का मामला एजेएल और यंग इंडियन के खिलाफ है।

### सोनिया-राहुल यंग इंडियन के सबसे बड़े शेयरधारक

कांग्रेस समर्थित दैनिक समाचार पत्र नेशनल हेराल्ड एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के सबसे बड़े शेयरधारक हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। ईडी ने आरोप लगाया, यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपये के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपये के फर्जी अग्रिम किराए और 29 करोड़ रुपये के फर्जी विज्ञापनों के लिए इस्तेमाल किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना ने कांग्रेस पर बोला हमला

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी ने शनिवार को कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि उसको अहमदाबाद में हुए अधिवेशन में इंडिया ब्लॉक की स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए थे। पार्टी को विपक्षी गठबंधन के बारे में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए था। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा गया कि कांग्रेस ने अहमदाबाद बैठक में केवल अपने बारे में बात की और इंडिया ब्लॉक कहीं भी चर्चा में नहीं था। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया कहां खड़ा है, इस बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस को अपने अहमदाबाद अधिवेशन में इस पर विचार करना चाहिए। गठबंधन का क्या हुआ? क्या यह जमीन में दफन हो गया या हवा में गायब हो गया? इस सवाल का जवाब देने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष की है।

### आगरा में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**आगरा।** आगरा के शाही जामा मस्जिद परिसर में एक युवक ने थैले में जानवर का कटा हुआ सिर रखकर शुक्रवार को शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। फजर की नमाज के बाद थैला देखते ही नमाजी एकत्रित हो गए। सूचना पर सर्किल की फोर्स के साथ पहुंचे डीसीपी सिटी ने लोगों को समझाया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को चार घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि दोपहर में नमाज के बाद युवकों ने हंगामा करते हुए नारे लगाए। पुलिस को लाठियां भांजकर लोगों को तितर-बितर करना पड़ा।

### स्कूलों में फीसवृद्धि पर भड़के केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में कई निजी स्कूलों में कथित फीस वृद्धि के बाद राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से भाजपा सरकार के तहत माफियाओं के चंगुल में फंस गई है। हाल ही में फीस वृद्धि को लेकर स्कूलों में हो रहे विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें?

### नागपुर की फैक्टरी में आग से पांच मरे

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में मौजूद एल्युमीनियम फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। इस लोग इस आग की चपेट में आ गए। खबरों की मानें तो इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इस दौरान 2 अन्य लोगों ने भी दम तोड़ दिया। 4 घायलों की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

### मणिपुर की स्थिति में सुधार का दावा

**इंफाल।** मणिपुर के एक भाजपा विधायक ने शनिवार को दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और उम्मीद जताई कि जल्द ही नई सरकार बनेगी। भाजपा विधायक टी. रोबिन्द्रो ने कहा कि मैतेई और कुकी नागरिक समूहों के बीच शांति वार्ता भी शुरू हो गई है।

# फिर ठप हुआ यूपीआई का सर्वर

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार को यूपीआई यूजर्स को एक बार फिर से डिजिटल पेमेंट में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी की वजह से यूपीआई सर्विस

### फोनपे, गूगलपे के हजारों यूजर्स परेशान

अस्थायी रूप से ठप हो गई, जिससे लाखों यूजर्स की ट्रांजैक्शन फेल हो गईं। यह लगातार तीसरी बार है जब बीते दो हफ्तों में यूपीआई में ऐसी बड़ी तकनीकी समस्या आई है। इससे पहले 26 मार्च और 2 अप्रैल को भी इसी तरह की परेशानी रिपोर्ट की गई थी। डाउनडिटेक्टर एक ऐसा प्लेटफॉर्म जो यूज़र्स की शिकायतों के आधार पर सर्विस में आई रुकावटों पर नजर रखता है, उसके मुताबिक शनिवार सुबह 11:30 बजे के बाद से यूपीआई ट्रांजेक्शन फेल होने की शिकायतें लगातार आने लगीं। यूपीआई को संचालित करने वाली संस्था एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए कहा है कि, एनपीसीआई इस वक्त तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहा है, जिसके कारण कुछ यूपीआई ट्रांजैक्शन फेल हो रहे हैं। हमारी टीम इस समस्या को जल्द सुलझाने में लगी हुई है। हुई असुविधा के लिए हम खेद प्रकट करते हैं।

# गिरफ्तारी का कारण न बताना जमानत का आधार

**प्रयागराज।** गिरफ्तारी का कारण बताना संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत अनिवार्य आवश्यकता है और इसका उल्लंघन जमानत देने का आधार होगा, भले ही जमानत देने पर

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

वैधानिक प्रतिबंध मौजूद हों, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है। एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्च न्यायालय ने रामपुर के एक मजिस्ट्रेट के 25 दिसंबर के रिमांड आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी के आधार उन्हें नहीं बताए गए थे। इसमें कहा गया



कि गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देना संविधान के अनुच्छेद 22(1) की अनिवार्य आवश्यकता है। साथ ही कहा गया कि इसका अनुपालन तथा अन्य अनिवार्य सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करना मजिस्ट्रेट का कर्तव्य है। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने कहा कि जब अनुच्छेद 22(1) का उल्लंघन सिद्ध हो जाता है, तो न्यायालय का यह कर्तव्य है कि वह आरोपी को तुरंत रिहा करने का आदेश दे। यह जमानत देने का आधार होगा, भले ही जमानत देने पर वैधानिक प्रतिबंध मौजूद हों।

अदालत ने मंजीत सिंह द्वारा दायर याचिका पर अपने आदेश में कहा कि गिरफ्तारी के आधार के बारे में जानकारी गिरफ्तार व्यक्ति को इस तरह से प्रदान की जानी चाहिए कि आधार बनाने वाले बुनियादी तथ्यों का पर्याप्त ज्ञान गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी समझ में आने वाली भाषा में प्रभावी ढंग से दिया जा सके।

# राणा को सेना की वर्दी से था बहुत प्यार

**नई दिल्ली।** मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की 18 दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में पहले दिन की पूछताछ में उसने जांच में सहयोग किया। इस पूछताछ

### कई आतंकी संगठनों से भी था नाता

में उससे कई बातें निकलकर सामने आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तहव्वुर राणा को सेना की नौकरी से बेहद प्यार था। इसी दौरान वह आईएसआई के संपर्क में आया और फिर लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा। जब आईएसआई और लश्कर ए तैयबा के प्रतिनिधियों की बैठक होती थी तो तहव्वुर राणा अक्सर उनमें सेना की वर्दी पहनकर पहुंचता था। तहव्वुर राणा ने बताया कि वह अक्सर आतंकी संगठनों के कैंपों का दौरा करता था। मुंबई हमले के एक और मुख्य साजिशकर्ता साजिद मीर के संपर्क में भी तहव्वुर राणा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, राणा के लश्कर ए तैयबा के साथ ही हरकत उल जिहाद अल इस्लामी आतंकी संगठन के साथ भी संबंध थे। पूछताछ में पता चला कि तहव्वुर राणा पाकिस्तान पंजाब के चिचावतनी नामक गांव का मूल निवासी है। उसके पिता स्कूल प्रिंसीपल है। तहव्वुर के दो भाई है, जिनमें से एक पाकिस्तानी सेना में



मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ के तौर पर काम कर रहा है और दूसरा पत्रकार है। राणा ने कैडेट कॉलेज से पढ़ाई की है और मुंबई हमले का सह-साजिशकर्ता डेविड हेडली भी उसके साथ उसी स्कूल में पढ़ता था।

तहव्वुर राणा ने मेडिकल की डिग्री हासिल की है और पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में नौकरी कर चुका है। सेना छोड़ने के बाद साल 1997 में वह कनाडा में बस गया। तहव्वुर राणा की पत्नी भी एक डॉक्टर है, जिसका नाम समराज राना अख्तर है। कनाडा में तहव्वुर राणा ने इमीग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म की शुरुआत की और बाद में हलाल मीट के बिजनेस में भी हाथ आजमाया। इमीग्रेशन फर्म के जरिए ही तहव्वुर राणा ने डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने में मदद की थी। तहव्वुर राणा की मुंबई हमले के एक और प्रमुख साजिशकर्ता आईएसआई के अधिकारी मेजर इकबाल से भी मुलाकात हुई थी।

# लखनऊ में आंबेडकर प्रतिमा को लेकर बवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के महिंगवा के खंतारी गांव में शनिवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा

### ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल



सरकारी जमीन पर रखने को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस पर भीड़ ने पत्थरबाजी कर दी जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। महिंगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मवाई कला खनतारी गांव के बाहर सरकारी बाजार के पास सरकारी जमीन पर प्रधानपति वीरेंद्र कुमार ने दलित वर्ग के लोगों के साथ मिलकर बीती रात प्रशासन की बगैर अनुमति के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करवा दी। शनिवार की सुबह स्वर्ण समाज की शिकायत पर महिंगवा थाना पुलिस समेत बीकेटी, इटौंजा, महिला थाना 2 समेत एक कम्पनी पीएससी के साथ मौके पर पहुंची। उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं मानें। जिसके बाद पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की शुरू हो गई। महिलाओं, युवतियों और पुरुषों समेत करीब पांच सौ से अधिक लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।

# बंगाल में वक्फ कानून को लेकर फिर हिंसा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज

### भीड़ ने की पिता-पुत्र को मार डाला, हालात बेकाबू



इलाके में वक्फ कानून को लेकर फिर हुए विरोध प्रदर्शन ने अचानक हिंसक शक्ल ले ली, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी, इस हिंसा में अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात को देखते हुए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े, जबकि कुछ इलाक़ों में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की भी मदद ली गई है। शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में हिंसक हो चुकी भीड़ ने पिता-पुत्र की हत्या कर दी। यह घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भीड़ ने अचानक गांव पर ही हमला किया बोल दिया था।

# भारतीय परिवारों में बदलावों का समाज पर पड़ रहा असर

**बेंगलुरु।** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने शनिवार को तेज से बदल रहे भारतीय परिवारों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन बदलावों का असर न केवल परिवारों की संरचना और कार्यप्रणाली पर पड़ रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी ये बदलाव गहरा असर डाल रहे हैं। उन्होंने कहा

### न्यायमूर्ति नागरत्ना ने जताई चिंता

कि यह बदलाव कई कारणों से हो रहे हैं, जिनमें आम शिक्षा तक आसान पहुंच, शहरों की ओर बढ़ता रुझान, व्यक्तिगत आकांक्षाओं से लेकर कार्यबल की अधिक गतिशीलता और शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाओं की बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रात शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कानून ने भी इस बदलाव में मदद की है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बेंगलुरु में परिवार : भारतीय समाज का आधार विषय पर दक्षिणी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर सभ्यता में परिवार को समाज की सबसे जरूरी संस्था माना गया है, जो हमारे अतीत और भविष्य को जोड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि



शिक्षा और रोजगार के जरिये महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक आत्मनिर्भरता को समाज द्वारा सकारात्मक रूप से देखा जाना चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाएं न केवल परिवार की भलाई में बल्कि राष्ट्र की भलाई में भी योगदान देती हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि भारत में वर्तमान में न्यायालयों में लंबित पारिवारिक विवादों की संख्या बहुत ज्यादा है। ये तभी सुलझ सकते हैं, जब दोनों पक्ष जागरूकता और सम्मान पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इन बातों में पहला कदम यह है सुप्रीम कोर्ट की पारिवारिक न्यायालय समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि पति पत्नी को एक दूसरे के दृष्टिकोण और तर्क से समझने का सक्रिय प्रयास करना चाहिए।

### फिर विवादों में तिरुपति देवस्थानम

**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते विवादों में घिर रहा है। इस बार टीटीडी की ओर से प्रबंधित गोशाला में गायों की जान जाने का दावा किया गया है। हालांकि, टीटीडी की ओर से ऐसी खबरों को महज अफवाह करार दिया गया है। इस बीच टीटीडी के भूतपूर्व अध्यक्ष भूमना करुणाकर रेड्डी ने आरोप लगाया कि टीटीडी द्वारा प्रबंधित गोशाला में एक भयानक घटना घटी है। पिछले तीन महीनों में 100 देशी गायों की मौत हो चुकी है। बिना कोई उचित कारण बताए टीटीडी अधिकारी झूठा दावा कर रहे हैं कि कोई मौत नहीं हुई है।

### सुखबीर बादल फिर बने अकाली दल के अध्यक्ष

**अमृतसर।** सुखबीर सिंह बादल को शनिवार को आयोजित पार्टी की चुनावी बैठक के दौरान शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। यह बादल के लिए एक और कार्यकाल है, जो पार्टी के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भुंदर की जगह लेंगे। शिरोमणि अकाली दल ने एक्स पर पोस्ट किया कि पंजाब के विकास पुरुष सुखबीर सिंह बादल को शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने पर बधाई। सुखबीर सिंह बादल पंथ और पंजाब के अधिकारों की दृढ़ता से रक्षा करें और पंजाब को फिर से समृद्ध बनाएं।

### कश्मीर में घुसपैठ नाकाम, जवान शहीद

**गलोड़ (हमीरपुर)।** जम्मू के अखनूर सेक्टर में एलओसी पर शुक्रवार रात सीमा पार से पाकिस्तान रेंजरों ने सीजफायर का उल्लंघन किया। गोलीबारी में सेना के एक जवान सूबेदार कुलदीप चंद का बलिदान हो गया। बलिदानी सैनिक हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के कोहलवीं गांव का है। कुलदीप चंद और उनकी टीम ने आतंकियों को बॉर्डर पार नहीं करने दिया। हालांकि, उनकी जान भी नहीं बच पाई। कुलदीप चंद दो माह पूर्व छुट्टी काटकर गए थे। वह अपने पीछे बेटा बेटी पत्नी और बुजुर्ग माता पिता छोड़ गए हैं। सूचना मिलते ही कुलदीप चंद के पैतृक गांव में मातम पसर चुका है।

# यूपी में सौर ऊर्जा से सशक्त होंगी ग्रामीण महिलाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 10,000 'पर्यावरण

### राज्य सरकार 10 हजार पर्यावरण सखियों को करेगी प्रशिक्षित

सखियों' को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई है। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा देगी। सरकार ने कहा कि इस मिशन के तहत प्रेरणा ओजस प्राइवेट लिमिटेड सौर ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल है, जिसमें सौर उत्पाद विनिर्माण, विकेन्द्रीकृत सौर प्रणाली, स्वच्छ खाना पकाने के उत्पाद और सौर खुदरा दुकानें शामिल हैं।



सरकार ने कहा है कि मिशन का मुख्य ध्यान सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में लखनऊ में एक सौर उत्पाद निर्माण इकाई शुरू की गई, जबकि 20 जिलों के 207 विकास खंडों में 414 सौर खुदरा दुकानें स्थापित की गईं, जिनसे 414 महिलाओं को लाभ हुआ। इसके अलावा 80 सौर खाद्य प्रसंस्करण मशीन, ड्रायर, और डीफ्रीजर स्थापित किए गए। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण का केंद्र बनाने का एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। इस रणनीति के तहत हर मंडल में सौर उत्पाद विनिर्माण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में कुल 18 मंडलों को कवर करते हुए इन इकाइयों के माध्यम से 540 महिलाओं को सीधे रोजगार प्रदान किया जाएगा। ये इकाइयां सौर पैनल, बैटरी, और अन्य अत्याधुनिक उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित होंगी, जो न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेंगी, बल्कि बाजार में भी अपनी पहचान बनाएंगी। इसके अलावा सरकार 826 विकास खंडों में 3,304 सौर दुकानों की स्थापना करने जा रही है। प्रत्येक विकास खंड में औसतन चार दुकानें खोली जाएंगी, जो सौर लालटेन, चार्जर और छोटे घरेलू उपकरणों की बिक्री और मरम्मत के लिए केंद्र के रूप में काम करेंगी। इससे 3,304 महिलाएं इन दुकानों का संचालन कर आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रसार तेज होगा।

### 50000 हजार महिलाएं बनेंगी 'रेशम सखी'

ग्रामीण महिलाओं के लिए अब घर बैठे रोजगार पाने का एक नया अवसर मिल रहा है। राज्य सरकार की एक नई पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अब 'रेशम सखी' बनेंगी। ये रेशम सखी रेशम कीट का पालन करके अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगी। रेशम सखी योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। इस योजना को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और रेशम विभाग मिलकर लागू कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच सालों में 50 हजार महिलाओं को रेशम उत्पादन के कार्य से जोड़ा जाए।

# हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी और स्वाहा हो गया ७२ बीघा गेंहू

## किसानों की मांग, उन्हें दिलाया जाए जल्द मुआवजा

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** बिजली की हाइटेंशन लाइन के खंभे से उठी चिंगारी ने किसानों की करीब १२ एकड़ गेहूं की फसल को जलाकर राख में तब्दील कर दिया। सूचना पर पहुंचे किसानों ने जैसे तैसे करके आग पर काबू पाया। गांव खखरा बुजुर्ग में बिजली की हाइटेंशन लाइन के खंभे से उठी चिंगारी ने खखरा निवासी अब्दुलरहमान के सवा तीन बीघा, नूरजहां के चार बीघा, फजलुर्रहमान के सवा तीन बीघा, ऐजाद अली के नौ बीघा, शहबाज अली के सवा तीन बीघा, हामिद अली के चार बीघा, मुन्नी बेगम के सवा तीन बीघा, जलील खां के आठ बीघा, रामेश्वरदयाल के २ बीघा, कालिब अली के ११ बीघा, खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई । इतना ही नहीं तिलकराम द्वारा भूसे के लिए छोड़ी गई आठ बीघा नरई जलकर राख हो गई । वहीं किसानों का आरोप है कि ढका



हैडल के कर्मचारियों द्वारा बिजली की लाइन चेक की जा रही थी, मना होने के बाबजूद कर्मचारियों ने फॉल्ट ढूंढने के चक्कर में लाइन शुरू कर दी जिसके चलते खंभे से उठी चिंगारी ने उनकी फसल को बर्बाद कर दिया । किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें उनकी फसल का उचित मुआवजा दिलवाया जाए और ढका बिजली विभाग के कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाए। आग लगने के बाद आसपास के बहुत से लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने जैसे तैसे करके आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसानों की लगभग सारी फस्ल बर्बाद हो चुकी थी। वहीं घटना की सूचना पाकर किसान नेता मनदीप सिंह धालीवाल घटनास्थल पर पहुंचे जहां किसानों ने बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही फसल को हुए नुकसान की भरपाई करने को कहा।

## भीषण आग का तांडव, ४ एकड़ गेहूं की फसल पल भर में राख

**खुदागंज( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र के जलालपुर, सुराही, फूलवा, रामपुर नवदिया मे शुक्रवार को बिजली की तारों में स्पार्किंग होने गेहूं कि पराली में आग लगने कारण के खेतों में खड़ी तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। इलाके में शुक्रवार को चल रही तेज हवा के कारण यह आग तेज़ी से फैल गई और देखते ही देखते सुखविंदर सिंह पुत्र प्यार सिंह सहित कई किसानों की फसल करीब ४ एकड़ गेहूं फसल जलकर खाक हो गई। शुक्रवार शाम करीब ८ बजे अचानक मौसम बदला और क्षेत्र में तेज आंधी शुरू हो गई। हवा की गति इतनी तेज थी कि बिजली के तार आपस में टकराने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन्हीं टकराते तारों से निकली चिंगारी ने खेतों में आग लगाने का काम किया। चूंकि इस समय खेतों में ज्यादातर गेहूं की फसल या तो खड़ी थी या कट चुकी थी, आग ने जल्दी से इन सूखी फसलों को अपनी चपेट में ले लिया। किसानों ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से अपनी मेहनत की लागत बचाने की कोशिश की। किसानों ने ट्यूबवेलों के पानी और गांववासियों की मदद से कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसानों ने बताया कि आग लगने की इस घटना की सूचना तुरंत बिजली विभाग को दे दी गई है और मांग की गई है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। किसानों ने कहा, अगर वह समय पर आग पर काबू नहीं पाते, तो नुकसान और बढ़ जाता। उन्होंने बिजली विभाग से अपनी लाइनों की जांच करने की अपील की। पीड़ित किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग भी की है।

# आंधी-पानी आने से टीन शेड उड़ी, पूरी रात खुले में गुजारी

## प्रशासन की अनदेखी पात्रों को अभी भी नहीं मिल पा रहे आवास

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** बीती रात साढे दस बजे आई आंधी से जहां मौसम ठंडा हो गई, वहीं कई लोगों की टीन शेड़ उडने से काफी नुकसान हो गया। बंडा में तेज आंधी और बारिश के चलते टीन शेड टूट गई जिसके चलते महिला और उसके बच्चे सारी रात पानी में भीगते रहे। वहीं महिला का आरोप है कि उसे भूमिहीन होने के बाबजूद आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। बंडा के गांव अल्हादादपुर निवासी बादशाह की पत्नी सुशीला देवी ने बताया कि उसके पति हरियाणा में मजदूरी करते हैं जैसे तैसे करके दीवारें खड़ी करके टीन शेड डलवाया था। शुक्रवार रात तेज आंधी के चलते उसके घर की छत पर पड़े सीमेंट के सभी १५ टीन के तख्ते टूट गए। वह और उसके दो बेटे वेदप्रकाश और कृष्णा तेज आंधी के दौरान टीन शेड के नीचे ही लेते हुए थे। जब आंधी आई तभी तीन शेड भराभरा नीचे गिर गया जिससे उसे और उसके छोटे बेटे कृष्ण को चोट लग गई। वहीं वह रात में ही दूसरे कमरे में गई जहां की भी टीन टूट गई। उसके बाद गैलरी पर पड़े छोटे से लिंटर के सहारे उसने और उसके दोनों बेटों ने जैसे तैसे रात गुजारी। वहीं ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन को सूचना दी गई जिसके बाद शनिवार को लेखपालों ने टीम गांव पहुंची और नुकसान की रिपोर्ट प्रशासन को भेजी गई है। पीड़िता सुशीला देवी ने बताया कि कई बार उसने आवास के लिए फार्म और दस्तावेज जमा कराए लेकिन उसे आवास नहीं दिया गया। साथ ही अब तक उसे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आने वाले शौचालय तक का लाभ नहीं मिल सका है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने ग्राम प्रधान से आवास के लिए कहा तब ग्राम प्रधान ने उसे यह कहकर टरका दिया कि उसके मकान पर टीन शेड पड़ी हुई है इसलिए वह आवास योजना की पात्र नहीं है । सुशीला ने बताया कि वह भूमिहीन है उसका पति हरियाणा में मजदूरी करने के लिए गया है । दोनों बेटे भी मजदूरी करके जैसे तैसे परिवार का पेट पाल रहे हैं। टीन शेड टूटने से उसका करीब १२ हजार रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

# अग्नि पीड़ित किसानों को जल्द मिले मुआवजा: चेतराम

## विधायक चेतराम ने किया आग से जले गेंहू के खेतों का निरीक्षण



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** पुवायां विधायक चेतराम ने अग्नि पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने के लिए एसडीएम चित्रा निर्वाल के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बंडा ब्लॉक के कुआं टाडा, बरगदा में कई किसानों की आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल जल गई थी। जहाँ आज पुवायाँ भाजपा विधायक चेतराम ने प्रभावित किसानों से मिलकर उनको सांत्वना दी व उनके खेतों का निरीक्षण किया और एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल से शीघ्र सहायता राशि दिलाने की समुचित कार्यवाही करने को कहा। साथ में क्षेत्रीय संयोजक भाजपा मुनेश मिश्रा, सरपंच सरदार गुरजंट सिंह, सरदार पाल सिंह, सियाराम वर्मा, तेजराम वर्मा, महेश्वर, रामभजन, रामकुमार, गंगाराम, अरुण कुमार, संजीव सिंह, पप्पू लाल, महेश पाल, राम भजन, गुलफान, राजा राम, ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, धीरेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, गिरीश चंद्र, शिरोमणि शुक्ला, प्रकाश, प्रमोद कुमार, शैलजा शुक्ला, देवेश त्रिपाठी, अंश शुक्ला, अवधेश चंद्र मिश्रा, हल्का लेखपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रगतिशील कृषक कौशल मिश्रा लखनऊ में हुए सम्मानित

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** भारतीय गन्ना अनुसंधान केंद्र लखनऊ के सभागार में राष्ट्रीय गन्ना सम्मेलन में गन्ना उत्पादन एवं प्रधान प्रबंधन पर चर्चा उपरांत जनपद के प्रगतिशील कृषक कौशल मिश्रा को गन्ना की खेती में २६३० कुंतल प्रति हेक्टेयर उत्पादन में प्रदेश में प्रथम स्थान एवं सह फसली, मशीनरी करण का प्रयोग वैज्ञानिक विधि से अधिक उत्पादन करने के लिए स्मृति चिन्ह देखकर व शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को जनपद के प्रगतिशील कृषक कौशल मिश्रा को राष्ट्रीय गन्ना सम्मेलन लखनऊ के भारतीय गन्ना अनुसंधान केंद्र के सभागार में गन्ना उत्पादन एवं प्रबंधन पर चर्चा हुई जिसमें श्री मिश्र द्वारा २६३० कुंतल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन के लिए प्रथम प्रदेश में प्रथम स्थान



एवं गाना सहफसली, मशीनीकरण का प्रयोग एवं वैज्ञानिक विधि से अधिक से अधिक गन्ना का उत्पादन एवं कम लागत में अधिक गन्ना की पैदावार के लिए लगातार कार्य करने हेतु प्रदेश के अतिरिक्त गन्ना आयुक्त (व्यवस्थापक) प्रणय सिंह, भारतीय गन्ना अनुसंधान केंद्र लखनऊ के निदेशक रसप्पा विश्वनाथन, भारतीय गन्ना अनुसंधान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक डॉक्टर सुशील सोलोमन, एवम श्री राम चीनी मिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर सिन्हा द्वारा कौशल मिश्र को स्मृति चिन्ह शाल उढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। श्री मिश्र के सम्मानित होने पर उनके शुभचिंतकों विनीत मिश्रा, पवन मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, रोहित सिंह पूर्व अध्यक्ष रईस मियां, अभय शर्मा, मयंक दीक्षित,विजय मिश्रा, संजीव मिश्रा, विकास शर्मा, गौरव, मोहित आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कपसेंडा का ऐतिहासिक जानकी महाराज मेला शुरू, दुकानें सजी

## एडीएम वित्त ने मेले का निरीक्षण कर चढ़ाया प्रसाद, मेले से खरीदी बांसुरी

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** जिले का प्रसिद्ध श्री जानकी महाराज मेला कपसेंडा शनिवार से शुरू हो गया। मेले में दुकानें आज सज गई है। मेले का मुख्य पर्व चैत्र पूर्णिमा शनिवार से शुरू हो गया मेले का का उद्घाटन क्षेत्रीय विधयक अरविंद सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव एवं अजय प्रताप यादव ने संयुक्त रूप से किया। यह मेला १२ अप्रैल से १५ अप्रेल तक ४ दिन से अधिक समय तक चलेगा। मेले के मुख्य पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां आकर मुंडन एवं अन्नप्राशन संस्कार करवाने आते है। मेले में ग्रामीण क्षेत्र के



अधिकांश लोग घरेलू उपयोग के साथ महिलाएं श्रृंगार सामग्री की खरीदारी करते है यहां मेले में लकड़ी का सामान ढोलक की विक्री बहुत होती है। श्रद्धालु यहां माथा टेकर कर मन्नत मांगते है। जानकी महाराज देव स्थान के पुजारी ने बताया कि मेला कई दशक से लगता आ रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से मेला को ८ सेक्टर म बांटा गया है मेले के हर सेक्टर में पुलिस बल लगाया गया है। उदघाटन के दौरान पुजारी,रामनरेश, मुकेश यादव, मनोज यादव, झब्बू सिंह, ध्रुव सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोन जमा नहीं करने पर एडीएम ने की फैक्ट्री सील

**अल्हागंज-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** लोन अदा नही करने पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सभी कानून प्रक्रिया पूरी करने के बाद एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने शनिवार को फैक्ट्री को सील कर दिया हैं। एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने अधिकारियों के साथ अल्हागंज पहुंचकर एक फैक्ट्री को सील कर दिया है। एडीएम ने बताया



कि आरके इंटरप्राइजेज के नाम से फैक्ट्री है जहां पर मूंगफली से संबधित काम होता है। उन्होंने बताया कि फर्म के नाम पर फैक्ट्री के मालिक ने एक बैंक से २५ लाख ५० हजार रुपये लोन लिया था। जिसको लंबा समय बीत जाने के बाद भी अदा नही किया गया। बैंक की तरफ से जिला प्रशासन को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई थी। एडीएम ने बताया कि बड़े बकायेदारों पर जिला प्रशासन द्वारा वसूली के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षिका ने लगाया बीईओ तिलहर पर उत्पीड़न का आरोप

## बीएसए को पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

**शाहजहांपुर।** तिलहर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय चकुलिया में कार्यरत सहायक अध्यापिका प्रियंका ने खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार पर मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिक्षिका ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित पत्र में बताया है कि उन्होंने बीईओ की शिकायत पहले ही उच्चाधिकारियों से की थी, जिसके बाद से उन्हें अलग-अलग तरीकों से लगातार परेशान किया जा रहा है। शिक्षिका का कहना है कि वह बीते ७ वर्षों से विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप 'बीआरसी तिलहर' और 'प्रधान एवं इंचार्ज अध्यापक ग्रुप' से जुड़ी हुई थीं, जिनके माध्यम से विद्यालय संबंधी निर्देश प्राप्त होते थे। लेकिन दिनांक १० अप्रैल २०२५ को उन्हें बिना किसी सूचना के इन ग्रुप से हटा दिया गया। परिणामस्वरूप अब वह विद्यालय संबंधी जरूरी सूचनाएँ देने व प्राप्त करने में असमर्थ हो गयी है। प्रियंका ने बताया कि उन्होंने स्वयं फोन कर यह स्पष्ट किया कि संबंधित मोबाइल नंबर उन्हीं का है, इसके बावजूद उन्हें दोबारा ग्रुप से नहीं जोड़ा गया। शिक्षिका ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि तनाव के चलते उन्हें सिर में चोट लगने के बाद मिर्गी के दौरे पड़ने की चिकित्सकीय स्थिति सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीईओ तिलहर द्वारा बनाया गया तनावपूर्ण वातावरण उनकी मानसिक उत्पीड़न व शारीरिक सेहत पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसकी जिम्मेदारी बीईओ अजय कुमार की होगी। शिक्षिका द्वारा कई बार इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों को की गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से इस मामले में संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की माँग की है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया



**खुदागंज( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विहिप बजरंग दल गोपालनगर द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। नगर संयोजक अभिषेक जैन द्वारा शिक्षण संस्थानों, समूहों सहित अनेक स्थानों पर हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया। नगर विद्यार्थी प्रमुख नैमिष रस्तोगी द्वारा विद्यालयों में नशा मुक्ति से जुड़ी संबंधित जानकारियां विद्यार्थियों को दी गई। नगर इकाई के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह मंत्री गुरुपाल सिंह, जिला विद्यार्थी प्रमुख राजीव कश्यप, प्रखंड संयोजक मोहित सिंह,दीपक पांडे,अभय सिंह, अमन सिंह, मयंक सिंह, अजय गिहार, युवराज सिंह,सोनू कश्यप, अभिनव मिश्रा, अमित कश्यप, राजा सिंह, हर्ष शर्मा राधे, संजीव यादव, अभय शर्मा, श्याम मौर्य, हिमांशु सिंह, विकास चौहान, सुमित सिंह, रोहित सैनी सहित दर्जनों बजरंगियों का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन पर्यंत नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई।

# एसपी ने हनुमत धाम पर हनुमान जयंती पर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** एसपी राजेश द्विवेदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमत धाम की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर तथा उसके आस-पास तैनात पुलिस बल की ड्यूटी चेक की गई तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा तथा संवेदनशील स्थानों पर



विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस बल को कर्तव्य के प्रति सतर्क, संवेदनशील व अनुशासित रहने हेतु प्रेरित किया एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हनुमान जयंती के मद्देनज़र जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके। उक्त निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांवों में भ्रमण कर योजनाओं का किया निरीक्षण

## जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशों के क्रम में जनपद के ६४ ग्रामों में जन-चौपाल का आयोजन कर लोगों की शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया तथा अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। जन चौपाल के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है नोडल अधिकारियों ने ग्रामवासियों के साथ पूरे गॉव का भ्रमण कर योजनाओं एवं कार्यक्रमों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आरआरसी सेंटर, जल जीवन मिशन में पानी की सप्लाई, सामुदायिक शौचालय, गांव की सड़के एवं नलियों, आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण का वितरण, भूमि विवादों की जानकारी, आवासों के सत्यापन को पढ़ कर ग्राम वासियो को सुनाया तथा पुष्टि की। साथ ही विवादित स्थलों व सभी कार्यो की जानकारी ली। जन चौपाल में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया तथा जन चौपालों में ग्रामीणों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गयी। जन चौपाल का आयोजन करने का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का गांवों में समाधान करना है, जिससे लोगों को गांव से बाहर न जाना पड़े।

# एसएस ला कालेज के छात्रों ने जिला कारागार का किया भ्रमण

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार को एस एस ला कालेज के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा के नेतृत्व में प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. दीप्ति गंगवार, रंजना खंडेलवाल, डॉ ज्योत्सना गुप्ता, रूपल मिश्रा, डा. अमित कुमार यादव, डा. अमरेंद्र सिंह, अशोक कुमार आदि के साथ १५७ से अधिक छात्रों ने जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण किया। कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक मिजाजी लाल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शाहजहांपुर जेल में शिक्षा स्वास्थ्य और रचनात्मक क्षमता को विकसित किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जेल में कुल १२३५ कैदी है जिसमें ४२ महिलाएं हैं ६० किशोर है और सभी के साथ सुधार के दृष्टिकोण से व्यवहार किया जाता है और जेल प्रशासन द्वारा उनकी प्रत्येक मानवीय जरूरत



को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा ने जेल प्रशासन को आभार प्रकट करते हुए बताया कि विधि के अनुकूल न्याय प्रदान करने के तन्त्र का जेल एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसके बारे में हमारे विद्यार्थियों को इस भ्रमण से व्यवहारिक जानकारी मिली है। जिला कारागार शाहजहांपुर का भ्रमण एक शैक्षिक और प्रायोगिक गतिविधि का अंग है। जिसका उद्देश्य छात्रों को कैदियों की स्थिति, उनके कानूनी अधिकार, मिलने वाले भोजन तथा स्वास्थ्य, कारागार मैनुअल, जेल की संरचना, कैदियों के पुनर्वास एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षण, कैदियों को नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया, तकनीकी और सुधारात्मक प्रणाली, आदि के बारे में व्यवहारिक जानकारी मिल सके। इस प्रकार का भ्रमण कार्यक्रम छात्रों को भविष्य में कानूनी पेशे में बेहतर ढंग से काम करने के लिए तैयार करता है।

# शिक्षकों पर कार्रवाई से भड़का शिक्षक संघ, दी आन्दोलन की चेतावनी

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शासन के आदेशानुसार शिक्षकों की सेवानिवृति वाले दिन ही देय का भुगतान कर समारोह पूर्वक विदाई दी जाये लेकिन विभाग न समय से देयकों का भुगतान कर पाया और न ही सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर पाया जबकि शिक्षक संघ ने स्वयं शैक्षिक संगोष्ठी में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया तो विभाग प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई कर रहा है यदि ऐसा प्रयास भी किया गया तो शिक्षक संघ शिक्षक मान-सम्मान की रक्षा के लिए आर-पार का आन्दोलन करेगा। यह बात उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की शिक्षक भवन पर एक आपात बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने कहते हुए कहा कि जनपद में कार्यरत समस्त परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाऐं शासन की मंशानुरूप ही पूर्ण निष्ठा से कार्य करते हैं और गत् दिनों संघ की विकास खंड कटरा खुदागंज शाखा द्वारा शैक्षिक संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा और विशिष्ट अतिथि बीएसए दिव्या गुप्ता थी जिसकी सहमति उन्होंने ने स्वयं ब्लाक अध्यक्ष अरविंद सिंह को दूरभाष पर दी थी। परन्तु उक्त संगोष्ठी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नहीं पहुंची लेकिन फिर भी मुख्य अतिथि माननीय जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में शैक्षिक संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन हुआ और विभागीय निर्देशानुसार स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत शिक्षकों को शत् प्रतिशत पात्र बच्चों का नामांकन करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही ३१ मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया लेकिन इसके बाद बीएसए द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी कटरा खुदागंज को आदेशित करते हुए उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं के नाम कार्यवाही करने के लिए मांग कर पूरे शिक्षक समाज को अपमानित किया गया। संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि शासन के आदेशानुसार आये दिन जनपद मुख्यालय पर विभिन्न आयोजन होते हैं जिसमें विद्यालय समय में ही सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं को विभागीय अधिकारियों द्वारा बुलाया जाता है और सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रमों को सफल बनाते हैं तो फिर विभाग जब अपने सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान नहीं कर पाया और यह कार्य शिक्षकों ने स्वयं शासन की मंशानुसार शैक्षिक संवर्धन संगोष्ठी में स्कूल चलो अभियान तथा परिषदीय विद्यालयों गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करें के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया तो कौन सी विभागीय अवहेलना कर दी। यदि उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागी एक भी शिक्षक का उत्पीड़न किया गया तो शिक्षक सम्मान की रक्षा के लिए संघ मुख्यमंत्री को अवगत करायेगा और ऐसे उत्पीड़नात्मक आदेश वापस न लेने तक आन्दोलन को विवश होगा। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की गई कि उक्त आदेश तत्काल निरस्त करें अन्यथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इस प्रकार शिक्षकों का अपमान बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगा साथ ही समस्त शिक्षकों के समक्ष ऐसे आदेश किस दबाव में किये गये वह भी सार्वजनिक कर आन्दोलन करेगा। बैठक में संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, अध्यक्ष कटरा अरविंद सिंह, अध्यक्ष पुवायां अश्विनी अवस्थी आदि थे।

# श्री हनुमान जयंती पर हनुमत धाम पर हुआ विशाल भंडारा

## वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पढ़ा अखंड पाठ, श्रद्धालुओं को खिलाया भंडारा



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** श्री हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमतधाम पर अखंड पाठ का आयोजन हुआ, जिसका विधि विधान के साथ शनिवार को समापन किया गया। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने पहुंचकर पूजा करने के बाद आने वाले श्रद्धालुओं को भंडारा खिलाया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि भगवान राम ने कहा था कि हमसे पहले तुम पूजे जाओगे। आज हनुमान जयंती है। जिसको देश और दुनिया में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। देर शाम हनुमंतधाम पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें भगवान की आराधना होगी। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। शाहजहांपुर में हनुमंतधाम पर हर साल दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। दूसरे दिन कार्यक्रम के समापन के दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पहुंचे। उन्होंने पूजा-पाठ करने के बाद कार्यक्रम का समापन कर हनुमतधाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को भंडारा खिलाया। वित्तमंत्री ने स्वयं भंडारा परोसकर श्रद्धालुओं को खिलाया है। देर शाम हनुमंतधाम पर भजन संध्या का भी कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें वृंदावन से आए राधिकेश द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना उनके भतीजे धीरु उर्फचंद्रशेखर खन्ना, हनुमत धाम मंदिर कमेटी अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, सहकारी बैंक चेयरमैन डीपीएस राठौर, कैंट उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, विधायक अरविंद सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विनायक अग्रवाल, रजत खन्ना, शशांक कौशिक, सचिन बाथम, अमित शर्मा आयुष आदि मौजूद थे।

# समाधान दिवस में नायब ने सुनी समस्याएं



**मिर्ज़ापुर( स्वतंत्र भारत )।** थाना समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार अमित कुमार ने थाना क्षेत्र की जन समस्याओं को सुना तथा अधीनस्थों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आदेशित किया। समाधान दिवस में खजुरी, देवड़ा, परौर समेत तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए ।एक प्रार्थना पत्र धारा २४ के अंतर्गत नाप तोल करनी थी। समाचार लिखे जाने तक सभी प्रार्थना पत्रों के लिए टीम रवाना हो चुकी थी। लेकिन किसी का भी निस्तारण नहीं हुआ था। समाधान दिवस में थाना परौर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, निरीक्षक रामसुंदर सिंह, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक विनय शुक्ला, आरक्षी आशा देवी, पूजा मुख्य आरक्षी, शिवपाल सिंह हेड कांस्टेबल, विनीत कुमार, अजय कुमार यादव, पुलिस ड्राइवर प्रमोद कुमार सिंह के अलावा राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक सुखबीर सिंह, लेखपाल निर्मल कांत, राकेश कांत, तालिब हसन, राजस्व निरीक्षक राम प्रसाद, लेखपाल श्रीबॉस तोमर, ओमेंद्र सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, मोहित कुमार सिंह के अलावा राजस्व विभाग के सभी लेखपाल मौजूद रहे।

# वित्तमंत्री ने किया सनातन पर बन रही फिल्म का मुहूर्त

## वित्त मंत्री ने डायलॉग बोलकर की एक्टिंग, बोले-सनातन अनंत



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जंबोरी टॉकीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही फीचर फिल्म श्री का शुभ मुहूर्त तक्षशिला विद्यालय में प्रात: ८:३० बजे प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। इस दौरान श्री खन्ना ने फिल्म का डायलॉग बोलकर एक्टिंग भी की जिसे कलाकारों के साथ शूट किया गया। इस दौरान श्री खन्ना ने कहा कि सनातन पर बन रही यह फिल्म सुपरहिट हो इसके लिए हृदय से कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन पर बन रही यह फिल्म बताएगी कि सनातन शस्त्र भी है और शास्त्र भी। सनातन अनंत है। अपने आप में सभी को अंगीकार करने की क्षमता सनातन में है। इससे पूर्व श्री खन्ना के सेट पर पहुंचने पर तक्षशिला विद्यालय के डायरेक्टर राजकुमार खंडेलवाल, प्रेम खंडेलवाल, सुभाष शुक्ला, अर्चित शुक्ला, कौशलेंद्र मिश्र, अभिनय गुप्ता ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात श्री खन्ना ने गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन कर नारियल फोड़ कर फिल्म का शुभ मुहूर्त किया। फिल्म की डायरेक्टर अनुगा खंडेलवाल और सुभाष शुक्ला ने बताया कि सनातन पर बन रही इस फिल्म की शूटिंग शाहजहांपुर के अतिरिक्त मुंबई आदि स्थानों पर भी होगी। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी भारतीय धर्म ग्रंथो के साथ छेड़छाड़ पर आधारित है। फिल्म के लेखक दिलीप मिश्रा ने कहा कि धर्म ग्रंथो के साथ छेड़छाड़ की लड़ाई को उन्होंने लंबे समय तक लड़ा है यह फिल्म सभी सनातनियों के हृदय में उतरेगी। रिसर्चर एवं आंदोलन में अग्रणी रही संध्या सक्सेना ने कहा कि उन्हें गर्व है कि शाहजहांपुर में उन्होंने जन्म लिया है और आज फिल्म का शुभ मुहूर्त भी शाहजहांपुर में हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का सपना था कि यह फिल्म बने और धर्म ग्रंथो के साथ जो छेड़छाड़ हुई है वह लोगों तक जाए और आदि कवि बाल्मीकि की शुद्ध रामायण जिसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है वह घर-घर बच्चों तक पहुंचे ताकि हमारा भविष्य समझ सके की असली रामायण मे है क्या। इस अवसर पर राजकुमार खंडेलवाल और प्रेम खंडेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तेज आंधी और पानी से टूटे बिद्युत पोल, उड़ी टीन शेड

**शाहजहांपुर/तिलहर/मिर्ज़ापुर।** जनपद में बीती रात दस बजे के दौरान तेज आंधी आने के कारण जहां कई स्थानों पर विद्युत पोल टूटने से बिजली बाधित रहीं, तो कई स्थानों पर टीन शेड़ उड़ने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के बाद हल्की बूंदा बांदी होने से जहां किसानों की खेत खड़ी फसल की कटाई एक-दो दिन के लिए लेट हो गई। क्योंकि खेत में नमी होने के कारण कंबाईन से गेंहू से फसल नही कट सकी।

तिलहर में देर रात शुक्रवार को तेज आंधी व पानी से कई जगह बिजली के पोल एवं ट्रांसफार्मर गिर जाने से ४ घंटे बिजली बाधित रही। वहीं विद्युत विभाग की टीम ने रात में पहुंचकर लाइनों को दूसरी लाइन से जोड़कर बिजली सुचारू कि तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। शाम करीब ९:४५ बजे तेज गति से आंधी और पानी से थाना क्षेत्र के गांव शिवदासपुर और धनेली के बीच दो पोल और दो ट्रांसफार्मर, टहा बनारस में दो पोल और पिपरौली गांव में दो पोल गिर जाने से क्षेत्र में करीब ४ घंटे बिजली बाधित रही बहीं टीम ने रात में पहुंचकर विद्युत विभाग की लाइनों को दूसरी लाइनों से जोड़कर बिजली से चालू करें तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। एसडीओ हरेंद्र कुमार राहुल ने बताया देर रात आंधी और तूफान पानी से पोल गिर जाने से बिजली बाधित हुई। शाम को विद्युत विभाग की टीम ने दूसरी लाइनों से जोड़कर बिजली सुचारू की और टीम क्षेत्र में कार्य कर रही है जल्द ही लाइनों को सही करने का कार्य चल रहा है।

मिर्ज़ापुर में बीती रात आई भयंकर आंधी में यहां एक तरफ बर्खेमई, जटियूरा ,कुंड़रिया, कौही, नारायन नगर पश्चिम की बिजली की मुख्य लाइन टूट जाने के कारण क्षेत्र में एक-दो दिन अंधेरा रहने की संभावना प्रबल हो हो गई है। क्योंकि भीषण आंधी में काफी दूरी तक लाइन ध्वस्त हो गई हैं। जिसको बिजली विभाग के कर्मचारी सही कर रहे हैं। इस संबंध में लाइनमैन नन्हे खान से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि लाइन मरम्मत के लिए विभाग द्वारा कई कर्मचारी लगाए गए हैं। जो लाइन सही कर रहे हैं। प्रयास यह किये जा रहे हैं कि शाम तक लाइन सही होकर उपभोक्ताओं को बिजली दी जा सके। इस कार्य में विद्युत उपग्रह कलान के अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके अलावा कई काश्तकारों का भूसा आंधी में उड़कर एकदम साफाया हो गया है। जिससे काश्तकारों के सामने भूसा का संकट आगामी समय में पैदा होगा। कई लोगों के छप्पर्दार मकान एवं जिन लोगों ने टीन डाली थी वह भी क्षतिग्रस्त हो गई है।फालिज से विकलांग हुए श्री राम कश्यप इसी जगह पर अपने परिवार के साथ रहते हैं ।आज तक इनको आवास की सुविधा नहीं मिल पाई। सर ढकने के लिए टीन डाली थी। वह भी आंधी में फूट गई। अब इनके पास बरसात के मौसम में सर ढकने का भी सहारा नहीं रहा।

# तेज रफ्तार बाइक से गिरी महिला, मौत

**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बेटे व मासूम पोते के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रही महिला चलती बाइक से अचानक गिर कर गंभीर रूप में घायल हो गई। जिसे उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना जैतीपुर के गांव गोरा निवासी रघुवीर सिंह की पत्नी रामादेवी (५८) शनिवार की दोपहर अपने बड़े पुत्र बृजेश सिंह व चार साल के पोते के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। बताते है कि जैसै ही बाइक सीतापुर मार्ग पर जमुका नये ओवर ब्रिज से नीचे आई तभी चलती बाइक से सिर के बल रामादेवी नीचे सड़क पर गिर गई। बाइक की तेज रफ्तार होने सिर फट गया। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गंभीर रूप में घायल रामादेवी को एबुंलेस से उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टरों ने रामादेवी को मृत घोषित कर दिया। वही रामादेवी की मौत की खबर जैसे गोरा गांव पहुंची। परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग मेडिकल कालेज पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# जेई ने बीपीसीएल कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफदर्ज कराई एफआईआर

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** बिना पूर्व सूचना दिए जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदाई के दौरान विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने के मामले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता की ओर से बीपीसीएल कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफआरसी मिशन थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विद्युत उपकेंद्र दीवान जोगराज के अवर अभियंता देवराज सिंह की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक बीपीसीएल कंपनी ने हरदोई बाईपास चौराहे से बरेली रोड पर गैस पाइप लाइन डालने के लिए जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कर दी। इस आशय से पूर्व में कोई भी सूचना नहीं दी गई थी। खुदाई के कारण अंडरग्राउंड विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते कृष्णा मील व नहिया मील की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। विभाग की छवि धूमिल होने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति न मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी करने पर पता चला कि उक्त कार्य बीपीसीएल कंपनी के सुपरवाइजर विजय यादव के द्वारा कराया गया है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में अवर अभियंता देवराज सिंह की ओर से बीपीसीएल कंपनी के सुपरवाइजर विजय यादव के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# रास्ते से निकलने के विवाद में तीन के खिलाफ एफआईआर

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** रास्ते से निकलने के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दे कि बीती ८ अप्रैल को गांव नवदिया बंकी निवासी दिलबाग सिंह ने अपने गेहूं कटाई के लिए अपना ट्रैक्टर लेकर खेत पर जा रहा था। तभी जब वह रक्षपाल के घर के निकट पहुंचा उसी समय रक्षपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, अमृतपाल सिंह ने जबरदस्ती ट्रैक्टर रोककर गालियां देते हुए कहा कि तू इस रास्ते से नहीं निकल सकता। गाली गलौज का विरोध करने पर उक्त लोग उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। जिससे उसके सिर व जबड़े पर चोट आयी और एक दांत टूट गया। शोर शराबा सुनकर उसकी पत्नी रमनदीप व अन्य लोग आ गए। उक्त लोगों ने उसकी पत्नी के साथ भी मार-पीट की। इस दौरान दिलवाग सिंह के साथ उक्त लोगों द्वारा मार-पीट करने का वीडियो भी बन गया जो उसके पास है। घटना के बाद पीड़ित दिलवाग सिंह बंडा थाने पहुंचे जहां आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। लेकिन पुलिस ने ना ही दिलवाग सिंह की रिपोर्ट लिखी और ना ही मेडिकल कराया। शुक्रवार को पीड़ित अपनी पत्नी के साथ एसपी को शिकायती दिया। दिलवाग ने हल्का दरोगा पर आरोपियों को संरक्षण प्राप्त होने के चलते रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी न ही मेडिकल कराने का आरोप लगाया। आरोप है कि उल्टा ही वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेज देने की धमकी दी थी। जब पीड़ित के एसपी के मिलने के बाद बंडा पुलिस ने पीड़ित दिलवाग सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दूसरे दिन भी लूट की बंडा पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

## खेत पर गेंहू काटने गई महिला के साथ दो लुटरों ने की थी लूट

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** अपने ही खेत पर गेहूं काटने गई महिला को एक बाईक पर सवार दो लुटेरों ने लूट लिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू की थी लेकिन दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकी है। शुक्रवार सुबह साढ़े ११ बजे थाना क्षेत्र बंडा के गांव मानपुर पिपरिया गांव की रहने वाली गंगा देवी अपनी जेठानी शकुंतला देवी और अपनी दो साल की पुत्री बिट्टू के साथ अपने ही खेत पर गेहूं कटवाने के लिए गई थी। गंगा की पुत्री को भूख लगने पर वह उसे लेकर खेत में ही सड़क किनारे लगे जामुन के पेड़ के नीच दूध पिलाने बैठ गई थी। तभी पीछे से एक सफेद रंग की अपाचे मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों में से एक ने उसकी गर्दन पीछे से पकड़ ली थी और कान में पहने दो सोने की कुंडल और एक बाली को लूटकर भाग गए थे। मामले की सूचना पहले शाहजहांपुर पुलिस को दी गई थी लेकिन पुलिस ने पीलीभीत जनपद का सीमा क्षेत्र बताकर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की थी। उसके बाद घटनास्थल पर पीलीभीत पुलिस पहुंची और घटनास्थल शाहजहांपुर का बताया गया। ग्रामीणों द्वारा जब पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को सूचना दी गई थी तब बंडा थाना प्रभारी सोनी शुक्ला अपनी टीम के साथ पहुंचीं थीं लेकिन फिर भी घटनास्थल पीलीभीत क्षेत्र का बताया था। वहीं महिला से लूट होने के करीब तीन घंटे बाद बंडा पुलिस ने पीड़िता से मामले की तहरीर देने की बात कही थी। शाम करीब चार बजे घटना की तहरीर बंडा पुलिस को दे दी गई थी लेकिन घटना के करीब ३० घंटे बीतने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। वहीं शुक्रवार शाम को जांच के लिए देर पुलिस जीप के साथ यसओजी भी मौके पर पहुंची थी और जांच पड़ताल की थी लेकिन अभी तक पुलिस को लुटेरों के बारे में कोई भी जानकारीनहीं मिल सकी हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, आज भी पुलिस टीम पूछताछ में लगी हुई हैं।

# जनहित कार्य में अवरोध बने दबंग काम को कराया बंद

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** मामला हरेवा गांव का है आबादी के नजदीक इंटरलाकिंग व खंजड़ा कार्य किया जा रहा है जो ग्राम पंचायत द्वारा हो रहा है। जिसे गांव के दबंगों ने रुकवा दिया है तहरीर ग्राम प्रधान द्वारा एसडीएम को दी गई है एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक व पुलिस को निर्देशित कर मौके पर स्थित का जायजा लेकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत हरेवा की महिला प्रधान गिरजा देवी ने बताया की गांव में इंटरलाकिंग व खंजड़ा निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें गांव के ही कृष्ण पाल पुत्र रामचंद्र, राजकुमार पुत्र बुधपाल द्वारा अवरोध उत्पन्न करते हुए रास्ता ना बनाने की हिदायत देदी है। उक्त लोगों ने झगड़ा करने का प्रयास किया जिसको प्रधान पति द्वारा टाल दिया गया व सरकारी कार्य होने का हवाला देते हुए अधिकारियों की शरण ली। प्रधान ने एसडीएम को बताया कि दबंगों ने मिस्त्री और मजदूर को मौके से भगा दिया व उनके साथ गाली गलौज की है। रास्ता व्यापक जनहित में है जिस पर शीघ्र निर्माण कराया जाना आवश्यक है। एसडीएम ने एसएचओ व राजस्व निरीक्षक को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

# नोटिस चस्पा होने के बाद मचा हड़कम्प

## अब लोगों को खुले आसमान के नीचे आ जाने का सताने लगा डर

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** रामताल के सौंदर्य करण की कार्यवाही को अंजाम देने के लिए कई महीनों से अतिक्रमण हटाए जाने की लिखित प्रक्रिया चल रही है। कभी लाल निशान लगाए जाते हैं तो कभी नोटिस चस्पा कर लोगों को आगाह किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस की मौजूदगी में लाल निशान लगाए गए लेकिन यह निशान रोड की साइट लगने से लोगों में हड़कम्प मच गया है। अवैध अतिक्रमणकारियों की ओर से कहा गया है कि अब से पूर्व जितने बार भी पैमाइश की गई उसमें निशान रोड की पीछे साइड से लगाए गए थे और उनके घर व प्रतिष्ठानों को छोड़कर भूमि लेने की बात की गई थी लेकिन शुक्रवार को जब रामताल रोड की ओर से दुकानों पर और मकानों पर निशान लगाए गए तब से लोगों की नींद हराम हो गई है। उनका कहना है कि यदि घर व दुकानें भी ले ली गई तो वह सड़क पर आ जाएंगे इस तरह उनसे जमीन छीना जाना गलत है। तालाब की जमीन उनके पास नहीं है उन्होंने यह जमीन किसी न किसी से खरीदी है उनके पास बैनामा मौजूद हैं व नगर पालिका में हाउस टैक्स भरते हैं तथा निर्माण से पहले नगर पालिका द्वारा उन्होंने नक्शा पास कराया था नगर पालिका से अनुमति मिलने के बाद ही निर्माण कराया था। कई लोगों ने बताया कि वह लगभग ५ से ६ दशक यहां बिता चुके हैं व पूरे परिवार के साथ रहते हैं और व्यापार कर घर चलाते हैं यदि उनके दुकान और मकान भी तोड़ दिए गए तो वह सड़क पर आ जाएंगे। अधिकारी इस बात को बिल्कुल स्पष्ट नहीं कर रहे कि आखिर उनकी मंशा क्या है पूर्व में जो निशान लगाए गए थे उसके अनुसार जमीन लेने की बात की जा रही थी लेकिन कल शुक्रवार को जो निशान लगाए गए हैं उससे लोगों में बेचौनी का माहौल है। आज नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा सबके दरवाजे पर नोटिस चस्पा किये जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा जिनको अवैध कब्जेदार घोषित किया गया है वास्तव में वह लोग कई दशकों से इस जमीन पर मालिकाना हक के साथ रह रहे हैं इस तरह उनका बेघर किया जाना न्याय संगत नहीं होगा। इधर अधिशासी अधिकारी एच एन उपाध्याय से पूछने पर उन्होंने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर पूरी प्रक्रिया को नियम और कानून के दायरे में अंजाम दिया जा रहा है तालाब का जितना रखवा है उसका चिन्ह ही कारण राजस्व विभाग ने किया है तालाब की जमीन को खाली करवाया जाएगा इसलिए अवैध कबजेदाओं को पूर्व में कई बार सचेत किया भी जा चुका है उन्होंने स्पष्ट किया कि नगरपालिका स्वामित्व निर्धारण नहीं करती है इसके लिए राजस्व विभाग और माननीय न्यायालय सक्षम है

# दुहाई देती रही महिला दबंगई के बल पर जोत लिया खेत

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** पीड़िता ने बताया कि गेहूं की फसल उसने कटवा ली थी २ दिन पहले गांव के कुछ दबंगों ने खेत पर कब्जा करने की नीयत से खेत में पानी चलाया मिट्टी को नम किया जिसकी सूचना पीड़िता ने पुलिस को दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। अगले दिन दबंगों ने रात को किसी समय खेत जोत लिया जब उनको मना किया तो दवंग जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस फिर भी मौके पर नहीं पहुंची। मामला जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव हरेवा का है। गांव निवासी नेमवती पत्नी राकेश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति राकेश कई महीनों से बाहर रोजी-रोटी की तलाश में गया हुआ है। बच्चे और वह घर में रहती है २ वर्ष पूर्व खेत गाटा संख्या ३६४ को हरिबक्श पुत्र कन्हैया से खरीदा था खेत में गेहूं की फसल लगाई थी जिसको मजदूरों के जरिए पीड़ित महिला ने कटवा लिया खेत खाली हो गया तभी गांव के हुकुम सिंह पुत्र इतवारी व रोशन लाल पुत्र हुकुम सिंह ने किसी समय रात में ८ अप्रैल को पानी चला कर खेत में पलेहवा कर लिया व खेत की नमी सूखने पर खेत को जोतना चाहते हैं। जिसकी आशंका के चलते गत १० अप्रैल को पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन पुलिस मौके पर नहीं गई। आज दबंगों ने दो दिन बाद रात को किसी समय खेत की जुताई कर दी है दोबारा पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है लेकिन दो बार तहरीर पुलिस ने लेकर रख ली मौके पर एक बार भी नहीं गई। पुलिस की लापरवाही किसी बड़ी घटना को जन्म दे सकती है पीड़िता ने न्याय की गुहार की है तथा घटना की सूचना अपने पति को भी दे दी है।

# मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी



**कटरा-शाहजहांपुर।** चोरों के हौसले बुलंद नगर पंचायत कटरा में बाबू के पद पर कार्यरत कर्मचारी के मकान का बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गए। नगर के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी सुरेन्द्र गंगवार नगर पंचायत कटरा में बाबू के पद पर कार्यरत हैं। सुरेंद्र गंगवार ने बताया कि शुक्रवार शाम लगभग ७ बजे मकान में ताला डालकर परिवार के साथ अपनी ससुराल पिपरी बर्थडे पार्टी में हुए थे। अगले दिन सुबह लगभग ८ बजे वापस घर लौटे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था। मकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। सुरेंद्र ने बताया कि घर में रखी नकदी सहित सोने के आभूषण अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोर यहां से लगभग २० लाख रुपए की चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल पुलिस बल व फोरेसिंक टीम के साथ पहुंचकर मौका मुआयना किया।

# नाबालिग को घर बुलाकर किया दुष्कर्म

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** पहले नाबालिग को घर पर बुलाया फिर उसके साथ दो युवकों ने रेप किया और उसका वीडियो भी बना लिया। वहीं शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया हैं। क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि ९ अप्रैल को उसकी बेटी को अरबाज ने अपने घर पर बुलाया और कहा कि उसकी अम्मी बुला रही हैं जब किशोरी अरबाज के घर पहुंची तो देखा कि उसकी अम्मी घर पर नहीं थी। वहां गौरव बैठा हुआ था। गौरव ने घर में घुसते ही किशोरी को जबरदस्ती पकड़ लिया और दोनों ने बारी बारी से उसके साथ बलात्कार किया। बलात्कार का वीडियो भी आरोपियों ने बना लिया। किशोरी को धमकी दी अगर कहीं शिकायत की तो वह उसका वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता ने पूरी घटना अपने पिता को बताई। इसके बाद पिता ने कोतवाली पहुंचकर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं। पुलिस ने बताया आरोपियों को गिरफ्तारी करने के लिए दविश दी जा रहीं हैं। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**निगोही।** सड़क हादसा में पूर्व फौजी की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। गांव बनास देवी निवासी सुरेशपाल सिंह जब पतराजपुर नखासे से सब्जी खरीदकर स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल द्वारा उनकी स्कूटी में टक्कर मार देने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सुरेशपाल सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही लाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। आज दोपहर बाद पूर्व फौजी की अन्त्येष्टि गांव में गमगीन महौल में सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय नेता, गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मृतक का बड़े बेटे एड. अवधेश सिंह तोमर सेन्ट्रल बार एसोशियसन में महासचिव है और मझला बेटा राजा सिंह ग्राम प्रधान एवं छोटा बेटा सेना में हैं। पैतृक गांव बनास देवी में अंतिम संस्कार हुआ। जिसमें क्षेत्र के नेता, समाजसेवी, ग्राम प्रधान, अधिवक्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# किशोर रहस्यमय ढ़ग से हुआ गायब

**कटरा-शाहजहांपुर।** ग्राम इंद्रपुर के रमेश कुमार ने दर्ज कराई गुमशुदा की रिपोर्ट में बताया है कि उनका १५ वर्षीय पुत्र विजय कुमार अमन दस अप्रैल को सायं चार बजे सब्जी लेने मीरानपुर कटरा आया था। जो सब्जी लेकर आज तक घर वापस नही लौटा। काफ़ी खोजबीन करने के बाद भी विजय का कही कोई सुराग नहीं लगा है। रहस्यमय ढ़ग से गायब हुए विजय कुमार के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने गुमशुदा की रिपोर्ट लिखकर खोजबीन शुरू कर दी है।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**पत्रांक: ४४१/नि०वि०/न०नि०शाह०/२०२५-२६ दिनांक: ११.०४.२०२५**

### ई-निविदा सूचना

**नगर निगम शाहजहाँपुर में राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत ०३ कार्यो की ई-निविदा दिनांक-२२.०४.२०२५ को दोपहर ०३.०० बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक सायं ०४.०० बजे से खोली जानी है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्ते उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रकिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उक्त बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।**

**नगर आयुक्त**

# शिकायतों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण करें: एसपी

## एसपी ने किया आरसी मिशन थाने का निरीक्षण



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना रामचन्द्र मिशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कार्यालय में अपराध रजिस्टर जांचा तथा थाना प्रभारी से दर्ज मामलें व सम्बन्धित मामलों में कृत कार्यवाही के बारें में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध संबंधी अन्य अभिलेख आदि जांचनें के साथ ही सभी कागजात पूर्ण व व्यवस्थित ढंग से रखे है या नहीं तथा थाना परिसर स्थित कंम्प्यूटर कक्ष, मुंशी कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण कर थाने में साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने थाने पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया और थाने की साफ सफाई, माल मुकदमाती व लावारिस वाहनों का रखरखाव सही ढगं से करने के निर्देश दिए। इसके बाद रजिस्टर संख्या ४ व अन्य रजिस्टरों को अद्यावधिक करने हेतु बताया गया। हवालात की साफ सफाई व स्वच्छता रखने हेतु बताया गया। महिला संबंधित अपराधों का शीघ्र निस्तारण करने हेतु बताया गया। शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिये गये। थाने के अन्दर व बाहर लगें सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। न्यायालय से जुडें मामलों के त्वरित निष्पादन करने, अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी तथा शराब माफियाओं पर नकेल कसने का भी आदेश दिया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतो का निस्तारण व त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# करंट लगने से किशोर की मौत

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** शुक्रवार शाम को एक किशोर को बिजली का करंट लग जाने से किशोर जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। वहीं परिजन इलाज को सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृतक घोषित कर दिया। थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव नींमडाडी निवासी रामलड़ौते ने बताया उसका १६ वर्षीय पुत्र राम भजन शाम करीब ८:३० बजे घर के बाहर बिजली के खंभे के पास पेशाब कर रहा था तभी अचानक बिजली के खंभे से करंट लग गया जिससे वह जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया तभी इलाज को तिलहर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृतक घोषित कर दिया। किशोर की मका का पहले की स्वर्गवास हो चुका है। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।मृतक किशोर के पिता ने कोई कार्रवाई न चाहते हुए मृतक किशोर का शव घर गए।

# खाली सिलेंडर रख गले में पहनी सब्जियों की माला

## महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



**शाहजहांपुर।** ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस अर्चना वाल्मीकि के नेतृत्व में काफी संख्या महिलाएं शहीद उद्यान पार्क के पास बैठकर डीजल पेट्रोल रसोई गैस के दामों की बढ़ोतरी को लेकर एक अलग ही अंदाज में प्रदर्शन किया चूल्हे में लकड़ी जलाकर रोटी बनाई और गले में सब्जियों की माला पहनकर व ढोलक बजाकर गाना भी गया। मेरे सैयां खूबी कामात है महंगाई डायन खाए जात है ।कांग्रेस लगातार महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेर रही है। पहले शुक्रवार को पार्टी ने तांगे पर बाइक रखकर प्रदर्शन किया था। जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस अर्चना वाल्मीकि ने कहा रसोई गैस दामों में लगातार सरकार बढ़ोतरी कर रही है जिससे महिलाओं को घर चलाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे महिलाएं सब्जियों को गहना बनाकर पहनने पर मजबूर हो गई ।उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित करती है कि जनपद में लोगों की दशा देखें। जनपद में ऐसे ऐसे घर हैं, जिनके घरों पर सर ढकने को छत भी नसीब नहीं है, इस महंगाई की मार से महिलाएं अपने बच्चों को पढ़ाई न कराने को मजबूर हैं। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में इतनी फीस बढ़ गई है कि गरीब आदमी अपने बच्चों को नहीं पढ़ा सकता है ।कांग्रेस शासनकाल में नगर निगम में स्थाई नौकरियां होती थी, जिसको समाजवादी पार्टी ने संविदा पर कर दिया और भाजपा सरकार ने उसे ठेके पर लाकर छोड़ दिया, जिसका वेतन ८००० मिलता है। उत्तर प्रदेश सरकार से पूछती हैं कि ८००० में किसी का परिवार कैसे पल सकता है उसके बच्चे कैसे पढ़ेंगे। अर्चना वाल्मीकी ने कहा कि महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ रही है। प्रदर्शन में तमाम कांग्रेसियो ने ब? च?कर हिस्सा लिया। इस मौके पर! सीमा ,संजना, रूबी, सायरा, बिठौली, देवी, रानी, ज्ञान, देवी ,रीना शबनम पूजा नेहा खुशबू ,मीना ,कुमारी ,दीपा , अंजुम, आदि मौजूद थे

# श्री हनुमान जयंती पर नगर में निकाली गई सवा कुंटल लड्डू की भव्य शोभायात्रा

## कछियानी खेड़ा मंदिर पर केक काटकर मनाई जयंती



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** श्री हनुमान जयंती पर शनिवार को हनुमान मंदिर पर पंडित अयोध्या प्रसाद शास्त्री के निर्देशन में सुंदरकांड और हवन पूजन किया गया। इसके बाद सराफा बाजार से आयोजक ममतेश गुप्ता के नेतृत्व में शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में भगवान गणेश, श्री राम दरबार, दुर्गा मां, काली मां, जय वीर हनुमान आदि भगवान स्वरूपों की झांकियां रही। बंशी वाले मंदिर स्थित बालाजी धाम पर भगवान हनुमान को भक्तो ने सवा कुंटल लड्डू का भोग लगाया और भगवान की आरती कर भजन कीर्तन किया। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। उधर कचियानी खेड़ा मंदिर पर हनुमान जी की जयंती पर केक काटकर भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान विवेक गुप्ता, सिद्धार्थ चक्रवर्ती, मनोज प्रबल, रजनी गुप्ता, पल्लवी, अनिल गुलाटी, मधुरेश गुप्ता, टाटम गुप्ता अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की साइकिल रैली निकाली



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए ददरौल स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी से स्कूल चलो अभियान की साइकिल रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान पुष्पा देवी और शिक्षक अभिभावक संघ की अध्यक्ष वीना पांडे ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रुफिया खान के संचालन में रैली में बच्चों ने शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ, आधी रोटी खाएंगे, स्कूल रोज जायेंगे, एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा जैसे नारों से पूरा वातावरण शिक्षामय कर दिया। कार्यक्रम में रोली देवी, ज्ञानेंद्र सिंह, अनूप कुमार सहित शाफिया अमीन, अरुणा पाल और अंजीत गौतम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर विद्यालयों में हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी को समाप्त करने के लिए नशे के विरुद्ध एक युद्ध का संकल्प भी दिलाया। शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों में युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी को समाप्त करने के लिए नशे के विरुद्ध एक युद्ध संकल्प के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कराया। देश का युवा जब नशा मुक्त होगा तो राष्ट्र भी शक्तिशाली होगा। कुछ देश विरोधी गतिविधियों द्वारा भारत के युवाओं को नशे के दलदल में फसाने जो कुत्सित षड्यंत्र किया जा रहा है,उसके विरुद्ध विश्व हिंदू परिषद ने ब्रज प्रान्त मैं ११ लाख हनुमान चालीसा पाठ कराकर नशे के विरुद्ध एक युद्ध संकल्प लिया था उसी के निमित्त आज नगर के संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज, सुदामा प्रसाद, एन.टी.आई. टेक्निकल इंस्टिट्यूट,रेलवे इंटर कॉलेज,सत्येंद्र वाजपेई मेमोरियल स्कूल जमुका,राय विष्णु दयाल,गंगा देवी स्कूल रेती,किडजी स्कूल विभिन्न स्कूलों विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आवाहन पर सैक?ो घरो व मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ कर नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अनेको कार्यकर्ता अलग-अलग विद्यालयों में जाकर इस कार्यक्रम से जुड़े रहे। विभाग मंत्री अशनील सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, महानगर मंत्री धर्मेंद्र, विभाग संयोजक हरीश प्रजापति, महानगर संयोजक अंकित, सह संयोजक हर्षित गुप्ता व राहुल कनौजिया, सत्संग प्रमुख रमेश, क्षितिज त्रिवेदी, ऋषभ गुप्ता, राहुल पाल, भीम प्रकाश गौतम, निशांत, ऋतुराज, प्रदीप प्रजापति, आशीष आदि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# विधायक बोलीं किसानों को जल्द दिलाया जाए मुआवजा



**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के मुड़िया पवार इंदलपुर में बिजली का तार टूटने से गेहूं की फसल मे बीते बृहस्पतिवार को आग लग गई थी। जिससे कई एकड़ फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची विधायक सलोना कुशवाहा ने किसानों को मुआवजा दिलवाई जाने का आश्वासन दिया और मौके पर पहुंची विधायक ने उच्च अधिकारियों को आग से हुए किसानों के नुकसान को जांच कर मुआवजे को दिलाने को कहा। बहीं बिजली विभाग के अधिकारीयों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तत्काल ही मुड़िया पवार घटना स्थल पर पहुंच कर जर्जर विद्युत लाइन के तारों को बदलबाने व भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मौके पर काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर हुई भाषण प्रतियोगिता



**शाहजहाँपुर।** बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान न केवल देश का मार्गदर्शक दस्तावेज़ है, बल्कि आज़ाद भारत के नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतिबिंब भी है। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम संविधान के सिद्धांतों का निष्ठा पूर्वक पालन करें। उपरोक्त विचार स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, शाहजहाँपुर में विज्ञान संकाय द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पाण्डेय ने व्यक्त किए पूर्व मे कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शिशिर शुक्ला ने डॉ. अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान एक ऐसा सुरक्षा कवच है जिसके अंदर भारतीयता सुरक्षित व संरक्षित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता को सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रत्येक नागरिक के द्वारा स्वयं को केवल एक भारतीय के रूप में देखा जाना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में अनिकेत पाण्डेय ने प्रथम, अनुराग एवं कृष्ण कुमार देवल ने द्वितीय तथा रिद्धि सिंह व अनुज यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार ने किया तथा सभी का आभार जन्तु विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ निधि त्रिपाठी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मुमताज़ हुसैन, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. केशव शुक्ला, मनोज कुमार, शिवांगी शुक्ला, आकांक्षा गुप्ता, मोहित पाण्डेय, दीपक व अजय सहित विज्ञान वर्ग के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र एवं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने गांव चलो अभियान की समीक्षा बैठक की इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र ने कहा कि सीट से नेतृत्व द्वारा १० अप्रैल से १३ अप्रैल तक गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई थी इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को अपने आवंटन शक्ति केंद्र के गांव में ८ से १० घंटे का प्रवास करना है उन्होंने कहा कि जहां-जहां कार्यक्रम नहीं हो पाए हैं वहां पर शनिवार और इतवार को कार्यक्रम आवश्य हो जाएं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा लाभार्थियों से मुलाकात कर उनसे बात कर रहे हैं साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी बताया जा रहा है कहा कि नगर में जिन शक्ति केंद्रों पर अभी तक कार्यक्रम नहीं हो पाए हैं वह २ दिन के अंदर कार्यक्रम जरूर कर लें इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल गुप्ता,अनिल सिंह कमांडो, क्षमा वर्मा,मीडिया प्रभारी रामबरन सिंह चंदेल, जिला मंत्री सौरभ सोमवंशी, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय मोहन मिश्रा ,पूर्वयुवा मोर्चा जिला अध्यक्षरोहित यादव, पुष्पेंद्र सिंह, अनूप मिश्रा रंजन मिश्रा आज लोग उपस्थित रहे

# कंपोजिट स्कूल में शारदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव संपन्न



**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** कंपोजिट विद्यालय महासिर में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक महोत्सव हुआ। इसके बाद ,परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम हुआ। एआरपी पंकज पांडेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पंकज पांडेय ने बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल व उपहार वितरित किए। मेहनत का फल प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पिंकी देवी ने अपील की अपने-अपने जो नैनिहालों को विद्यालयों में प्रवेश अवश्य दिलाएं। उन्होंने बताया कि शारदा संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम विद्यालय में नामांकन उपस्थिति और बच्चों के ठहराव में वृद्धि के साथ-साथ बच्चों में आत्म विश्वास, अनुशासन और सकारात्मक भावना विकसित करना होता हैं। इस अवसर पर आशुतोष मिश्र, पंकज पांडे, रीतेंद्र कुमार, पवन मिश्र, राजेंद्र मोहन, बबीता दीक्षित, मीनू, यासमीन जहां, रजनीश वाजपेई, अतुल शुक्ला, गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक सिंधौली के अध्यक्ष नवेंदु मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# फुले की १९८वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन



**शाहजहांपुर।** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में निगोही रोड अशोक विहार स्थित सम्राट अशोक पार्क में क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की १९८वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा १९वीं शताब्दी में भारत में शूद्रों और महिलाओं की शिक्षा पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध था बालिकाओं को पढ़ना पाप समझा जाता था, १८४८ में महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने पुणे में पहली कन्या पाठशाला स्थापित की, तत्कालीन परिस्थितियों में उनका एक क्रांतिकारी कदम था उन्होंने एक के बाद एक १८ विद्यालय स्थापित कर दिये जिसमें उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने उनका जीवन भर साथ दिया। अशोक विहार विकास एवं संरक्षण समिति के उपाध्यक्ष मातादीन वर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने गुलामगीरी पुस्तक के माध्यम से सामाजिक आर्थिक गुलामी को समाज और ब्रटिशों के सामने रखा। वाणिज्य प्रवक्ता बुधपाल सिंह ने कहा कि किसानों का कोड़ा पुस्तक में महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने किसानों की मूलभूत समस्याओं को ब्रिटिश सरकार के सामने रखा और उनकी समस्याओं का निराकरण कराया। अनुसूचित जाति बेसिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले अविद्या को सभी समस्याओं की जननी मानते थे इसलिए उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर दिया। हमें उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए जिससे हम अंधविश्वास आडंबर से मुक्त हो सकें। इस अवसर पर शिक्षक विनोद सम्राट,अखिलेश कुमार बौद्ध, अशोक कुमार, चंद्रकांत भारती, सिद्धार्थ गौतम, प्रज्ञा वर्मा, वैभव सक्षम आदि मौजूद रहे।

# निशुल्क मेडिकल चेकअप एवं आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

**शाहजहांपुर।** सीनियर सिटीजन सोसाइटी द्वारा आयोजित मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन निशुल्क मेडिकल चेकअप एवं आयुष्मान कार्ड शिविर नगर निगम सभागार में लगाया गया। जिसमें डॉ आलोक कुमार सिंह मेडिकल अफसर, निखिल कुमार फार्मासिस्ट, विनोद, रमन कुमार व मो आरिफ सपोर्ट स्टॉफ ने तमाम वरिष्ठ नागरिको का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा औषधि वितरण भी किया। सोसाइटी के चिकित्साध्यक्ष डॉ हेमेन्द्र वर्मा ने भी तमाम वरिष्ठ नागरिकों का वीपी चेक किया तथा स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत उन्हें औषधि प्रदान की। वरिष्ठ नागरिकों ने अपने-अपने स्वास्थ्य का परीक्षण बड़े ही उत्साह के साथ कराया। ७० वर्ष से ऊपर तमाम वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष उमेश चन्द्र पाठक, जिला महामंत्री सत्यप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश चन्द्र शुक्ल का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने में वरिष्ठ नागरिकों में पवन सिंह, शरद राही, बीएस सांख्यधर, अनिल दीक्षित, ओंकार नाथ शुक्ल, हरिप्रकाश पाण्डेय, संतोष दीक्षित, शरद राही, बाबू शाह, राम रक्षपाल, डॉ गोपालकृष्ण वर्मा, प्रेमपाल सिंह, जगतनारायण अवस्थी, सावित्री शर्मा, डॉ० रानी त्रिपाठी, विमल गोयल, अनिल भास्कर, बाबू शाह, राकेश कुमार पाल, रघुराज सिंह, संतोष पाठक, कुलदीप पाठक, रामशंकर लाल, रामस्वरूप कश्यप, राकेश कुमार राठौर, हरिश्चन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी देवी, संतोष कुमार शर्मा, हरीनन्दन शर्मा, सर्वेश मिश्रा, लुबना जिया, संतोष कुमार, मुन्ना लाल, देवेश चन्द्र शुक्ला, गीता पाण्डेय, आरिफ, सरस्वती पाल, शशि मिश्रा, बिन्दू सिंह, डॉ० योगेन्द्र कुमार, राधेश्याम, सुदामा देवी, संतोष त्रिवेद्वी, पूनम पाण्डेय, रामसेवक पाण्डेय, हरीशंकर शर्मा, दयाशंकर अग्निहोत्री, सुशील गुप्ता, रामनरेश गुप्ता, राकेश शुक्ल, लाला रुखसार मो० कुरैशी, रफीक कुरैशी, अर्चना मेहरोत्रा, चंदा मेहरोत्रा, राजाराम पाल, राजपाल सिंह, नीलम देवी, सुशील प्रकाश शर्मा, श्रीप्रबन्ध त्रिपाठी, संजय कुमार शशि प्रभा, मुकुल गोयल, मधुलिका गोयल, जगदीश प्रसाद, देवी चरन, वेद प्रकाश वाजपेयी, गंगाराम, गोपाल राम दीक्षित, दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुमार, मंयक गोयल, हरिश्चन्द्र वर्मा आदि लोगो ने प्रतिभाग किया

# सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन को चलाया जागरूकता अभियान

**शाहजहांपुर ।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने कटिया टोला स्थित आर्य महिला इंटर कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन जागरूकता अभियान शुरू किया जिसमे निपुण नर्सिंग होम की डॉ पुनीता अग्रवाल एवम के.एल मेमोरियल अस्पताल की डॉ दीपा दीक्षित ( जो संस्था की वाईस प्रेसिडेंट भी है) के द्वारा स्कूल की छात्राओं एवम वहाँ की प्रधानाध्यापिका, सभी महिला टीचर्स एवम महिला स्टाफ को सर्वाइकल कैंसर के लाभ की उचित जानकारी दी। ज्ञात हो की अभी हमारे देश में सर्वाइकल कैंसर के विषय में जागरूकता बहुत कम है जबकि हमारी डॉक्टर्स ने बताया कि इस बीमारी से हर आठ मिनट पर एक मौत होती है तो ऐसे में हमारा इस बीमारी से बचाव अत्यंत आवश्यक है और बचाव वैक्सीन के द्वारा ही संभव है सरकार जल्द ही वैक्सीनेशन प्रारंभ करेगी अत: संस्था ने जागरूकता अभियान प्रारंभ कर दिया है। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था निस्तर स्कूलों में और अन्य स्थानों पर जागरूकता कैम्प लगाती रहेगी ताकि आने वाले समय में वैक्सीन के लिए सभी तैयार रहे किसी प्रकार का मिथ ना हो और सबको सरकार द्वारा होने वाले अभियान में पूरी तरह से लाभ मिले। डॉ दीपा दीक्षित एवम डॉ पुनीता ने बच्चो को एवम महिला टीचर्स को महिलाओं में होने वाले रोगों के विषय में तथा उनसे निदान के विषय में भी जानकारी दी साथ ही स्वच्छता के लिए भी जागरूक किया। सेमिनार में प्रधानाध्यापिका श्रीमति पूनम कटियार जी का विशेष सहयोग रहा।इस अभियान में संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता, सचिव सोनिया गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट डॉ दीपा दीक्षित, मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता उपस्थित रही। अंत में अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गुलाम गौस मियां के उर्स की तैयारियों को बैठक संपन्न


## १८ से २० अप्रैल को फूटी मस्जिद स्थित दरगाह पर मनाया जाएगा उर्स



**शाहजहांपुर।** हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह के तीन दिवसीय ४६ वें सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर खादिम ज़हीर खां कलीमी के आवास पर बैठक संपन्न हुई। जिसमें संयोजक ,खादिम जहीर खां कलीमी ने बताया कि हजरत गुलाम गौस सैयद दादा मियां का ४६ वां सालाना उर्स १८ से २० अप्रैल को मोहल्ला तारीन जलाल नगर, फूटी मस्जिद स्थित दरगाह पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन १८ अप्रैल को बाद नमाजे फजिर कुरआन ख्वानी, रात ९ बजे महफ़िल - ए- मीलाद होगी। १९ अप्रैल को शाम ५ बजे चादरपोशी, रात ९ बजे महफिल ए समा में कव्वालियां होंगी। रविवार, २० अप्रैल को बाद नमाजे फजिर गुस्ल व संदल की रस्म होगी। सुबह दस बजे कुल शरीफ होगा। इसके बाद लंगर ए आम होगा। बैठक में के के कठेरिया, महबूब, नदीम खां, अज़ीम खां, नईम खां, फ़हीम खां, सुहैल बेग, राशिद हुसैन, कासिम रजा, लाला, बच्चन, वाहिद, सलीम, इसरार, गुड्डू, जुनैद, शब्लू आदि उपस्थित रहे।





# हनुमान जयंती पर जिलेभर में श्रद्धापूर्वक निकलीं पदयात्राएं








## श्री राम का गुणगान करते हुए निकली पदयात्रा



**मितौली। स्वतंत्र भारत**

मितौली कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव की आठवीं पदयात्रा का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर बालाजी धाम नेरी नेवादा तक गाजे बाजे के साथ धूमधाम से संपन्न हुई।

मितौली कस्बे से राधा कृष्ण मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव पद यात्रा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय प्रहरी पवनेश महाराज की अगुवाई में मितौली कस्बे में गाजे बाजे के साथ बड़ी बाजार से होते हुए विकासखंड मितौली से बड़ा गांव तिराहा, मितौली ग्राम स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकट भंडेबरा पहुंचे जहां हनुमान जी की पूजा अर्चना विधि विधान से भक्तों ने की पद यात्रा फत्तेपुर, माखनलाल तिराहा, औरंगाबाद, सधरियापुर मैगलगंज होते हुए बालाजी दरबार नेवादा नेरी पहुंचकर हनुमान भक्तों ने पूजा अर्चना कर यात्रा का समापन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पदयात्रा में प्रदेश प्रचारक विश्व हिन्दू परिषद कमल मिश्रा, व्याकुल जी महराज, अनूपाचार्य, सती मंदिर के पुजारी रामाधार मिश्र, पूर्व ग्राम प्रधान मास्टर दिनेश कुमार, गणेश शंकर गुप्ता, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, भाजपा जिला मंत्री ब्रजेश सिंह, मुगुलीपुर साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, अखिलेश मिश्र, सुरेश शुक्ल, अधिवक्ता ब्रजेश मिश्र, डॉक्टर आशीष गुप्त, रमाशंकर तिवारी बीडीसी विश्राम मौर्य, अमित गुप्ता, कौशल गुप्ता, संत किशोर पांडे, सिन्धु शुक्ल, पवन दीक्षित, मुदित दीक्षित, संजय कान्त मिश्र, सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## पवनपुत्र के दरबार में भक्त पधारे, लगे श्री राम के किए जयकारे




**ओयल। स्वतंत्र भारत**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कस्बे के ढखवा बाजार स्थित हनुमान मंदिर से पद यात्रा का आयोजन किया गया। श्री हनुमान सेवा समिति ओयल ढ़खवा द्वारा आयोजित 24वीं पद यात्रा में नगर के हजारों की संख्या में भक्तगण ने भाग लिया। बीती रात तेज हवाओं गरज के साथ हुई बारिश के कारण पद यात्रा करीब एक घंटे विलंब सुबह सात बजे प्रारंभ हुई। पदयात्रा में रथ रूपी वाहनों पर नन्हे मुन्ने बच्चों की राम दरबार व लव - कुश की मनमोहक सजीव झांकियों के पीछे पांच हजार से अधिक कस्बे के महिला, पुरुष, बच्चे बूढ़े डीजे पर भक्ति की धुनों पर झूमते गाते कस्बे का मुख्य मार्गों से नर्मदेश्वर महादेव मेंढक मंदिर, मां कालीजी मंदिर, दुर्गा माता मंदिर से होते हुए, सीतापुर लखीमपुर फोरलेन पहुंची और जय श्री राम, राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम आदि जयकारे लगाते हुए ग्राम गुलरीपुरवा स्थिति बालाजी दरबार पहुंची। जहां भक्तों ने लखीमपुर की ओर से पहुंची पदयात्रा में समागम कर कतारबद्ध होकर बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए जा रहे जयकारों से वातावरण राम में हो गया। ग्राम गुलरी पुरवा में बालाजी महाराज के दर्शनोपरांत पदयात्रा सकुशल संपन्न हुई।

## धूमधाम से निकाली बालाजी की शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**बिजुआ स्वतंत्र भारत**

गोला गोकर्णनाथ तहसील के विकास खण्ड बिजुआ क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा पड़रिया तुला बालाजी पावन धाम से चैसन्धे बाबा स्थान तक निकाली गई।

मार्ग में डीएस मोटर्स द्वारा शीतल शर्बत व गोपी किराना स्टोर की तरफ से सीतल जल की व्यवस्था की गई। पीके इंटर कॉलेज के प्रबंधक अपनी धर्मपत्नी व पुत्र के साथ भक्तों पर पुष्पवर्षा की। चैसन्दे बाबा स्थान पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ और भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

भीरा थानाध्यक्ष सुनील मलिक और बिजुआ चैकी इंचार्ज बृजेश कुमार व पड़रिया तुला चैकी इंचार्ज उमराव सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। यात्रा मार्ग पर बनाए गए पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारे लगाए। साथ ही सुंदर सुंदर झांकियो के साथ साथ राम दरबार की झलक भी देखते ही बनता था। इस यात्रा में एक आश्चर्यजनक घटना घटी।

### खोई बच्ची वापस लौटी, खुशी

जब ग्राम मुड़िया हेमसिंह निवासी राजकुमार राज की पुत्री निहारिका, जो पिछले 7 माह से बोल नहीं पा रही थी, उसे अचानक आवाज वापस मिल गई। उसके पिता ने बताया कि कई जगह इलाज कराने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली थी। इसकी जानकारी दिव्यज्योति के साथ साथ चल रहे हनुमान भक्त देवेंद्र भरद्वाज को बताई उन्होंने दिव्यज्योति के साथ साथ चलनें को कहा और बीच बीच मे गंगा जल पिलाते रहे। साथ ही जय बालाजी व जय श्री राम का जाप करते हुए चलने को कहा। दोनो तरफ की करीब 12 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान जय श्रीराम और जय बालाजी के जयकारे लगाते समय निहारिका की अचानक आवाज दोबारा वापस आ गई, जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।



# धनुष यज्ञ मेले में प्राइवेट स्कूली बच्चों ने लिया प्रतियोगिता में भाग



**मैलानी। स्वतंत्र भारत**

मैलानी नगर में धनुष यज्ञ मेला चल रहा है, जिसमें शुक्रवार को नगर के समस्त प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग लिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि लखीमपुर जिले के प्रभारी व पिछड़ा आयोग के सदस्य वासुदेव शरण मौर्य रहे।इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने लगभग 16 कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इन क्रायक्रमों ने समस्त दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रमों के उपरांत निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अरविंद मिश्रा, पुनीत श्रीवास्तव, विनय शर्मा, निशांत बी निर्णायक मंडल में रहे।समस्त स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये सभी ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास किये व अपने अनुसार सभी की प्रस्तुति सराहनीय रही । फिर भी चूंकि ये एक प्रतियोगिता कार्यक्रम था, इसलिए इसमें लिए निर्णायक मंडल की भूमिका सार्वधिक महत्वपूर्ण थी । जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने प्रथम और द्वितीय दोनों स्थानों पर अपना कब्जा कायम रख दोनों ट्रॉफी अपने स्कूल के नाम करने में सफल रहा, डॉन बास्को स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जिनको मुख्य अतिथि वासुदेव शरण मौर्य द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इसी के साथ नगर के समस्त चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर वालों को भी सम्मानित किया।इस अवसर पर मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी, समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, शिवगोविंद कुशवाहा, प्रताप सिंह रावत, मण्डल उपाध्यक्ष राजेश सिंह राठौड़, करणवीर वालिया, मुकेश अग्रवाल, नगर के समस्त सभासदगण व अन्य गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# चैती मेला के मंच पर हुआ निरंकारी सत्संग का आयोजन

**गोला गोकरननाथ। स्वतंत्र भारत**

छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के आठवें दिन सांस्कृतिक मंच पर देहरादून से पधारे महात्मा संत राजीव विजलवान, पीलीभीत जोनल इंचार्ज प्रीतमपाल, बरेली जोनल इंचार्ज संजीव अग्रवाल, सेवादल के क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, गोला ब्रांच मुखी प्रमिला खुराना और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने द्वीप प्रज्वलित कर निरंकारी सत्संग का शुभारंभ किया।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने संतो का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि, ष् पूर्व जन्मो के पुण्य से ही सतसंग मिलता है। आज यह चैती मेला का मंच सतसंगियों के चरण धूल से धन्य हो गया। सत्संग में देहरादून से आए मुख्य अतिथि निरंकारी संत राजीव बिजलवान ज्ञान प्रचारक ने कहा कि परमात्मा जानने योग्य है यह सतगुरु की कृपा से जाना जा सकता है। सद्गुरु माता सुदीक्षा हमे प्रेम करना सिखा रही हैं।आदि देवाधिदेव महादेव शिव की महिमा का बखान किया। मानव जीवन का उदेश्य भक्ति है लेकिन जो परमात्मा को जान के भक्ति करते है उनका जीवन मुक्त हो जाता है इंसान को परमात्मा की जानकारी करना चाहिए नर पूजा नारायण पूजा ही जीवन की सच्चाई है ईश्वर प्रेम है, प्रेम ही ईश्वर है। क्रोध हर समस्या की जड़ है। महात्मा कहते है कि क्रोध अकेला नहीं आता अपने साथ तमाम




विकार लेकर आता है। सद्गुरु माताजी हमें प्रेम का संदेश दे रही हैं। इंसान को इंसान से प्रेम करना चाहिए। इस लिए ब्रम्ह ज्ञान की आवश्यकता है। जो हमे निरंतर प्रेम करना सिखाता है। परमात्मा जानने योग्य है, इसे सद्गुरु की कृपा से जाना जा सकता है। सत्संग में चंदनचैकी की ज्योति ने - मेरा मुस्कराना हुजूर आपसे है, जीवन सुहाना हुजूर आपसे है। कस्ता के डॉ. लतीफ अहमद ने कुरान की आयत पढ़कर कहा कि- वाहिद एक ही अल्ला है जो कामिल मुर्शद से जाना जा सकता है। पीलीभीत के प्रदीप ने कहा - जिसकी पूजा, जिसका ध्यान, उसका ज्ञान जरूरी है। कह हरदेव केवल ईश्वर की पहचान जरूरी है। बरेली के संजीव अग्रवाल ने कहा कि - किताबों से न पूछें बातें खुदा कीं, खुदा को खुदा के बंदों से पूछो। शाहजहांपुर के रामकरन राठौर ने कहा- जंगल जंगल ढूंढ रहा है जैसे मृग कस्तूरी को मुस्किल है तय करना खुद से खुद की दूरी को। देहरादून से आए संत जीवन ने- कार से यात्रा शुरू करके कार पर ही सम्पन्न करें कहकर अपने विचार व्यक्त किए। पीलीभीत की शिवानी एंड पार्टी ने- यह प्रीत का मिशन है, प्यार का मिशन है। पूरनपुर से मुस्कान और काजल ने गीत के माध्यम से अपने भाव रखा । क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह ने कहा - समस्त सेवा दल भाई बहनों के सहयोग से सत्संग का सफल आयोजन किया गया। निरंकारी सत्संग का संचालन प्रेम रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज प्रीतपाल सिंह, गोला मुखी प्रमिला खुराना, शिक्षक रामनरेश सोनी, भूपेश साहनी, तेजराम वर्मा, सुखमीत सिंह खुराना, मीडिया प्रभारी करन सिंह सहित क्षेत्र से पधारे निरंकारी महात्मा व सेवादल के भाई बहन मुस्तैद रहे।

## खबर एक नजर

### टॉप बोरर पर नियंत्रण हेतु चला अभियान

**बरवर (स्वतंत्र भारत)।** अजबापुर मिल द्वारा टॉप बोरर कीट की पहली पीढ़ी पर यांत्रिक नियंत्रण हेतु टॉप बोरर से प्रभावित सूट कटिंग अभियान चलाया जा रहा है इसमें चीनी मिल द्वारा प्रत्येक गांव में एकत्रित सूट की जांच के पश्चात किसान मजदूर को ?5 बंडल की दर से भुगतान किया जा रहा है साथ ही साथ प्रत्येक खेत में सस्ते दामों पर फेरोमैन ट्रैप लगाया जा रहा है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टॉप बोरर कीट की पहली पीढ़ी को नष्ट करना ताकि किसानों की फसल सुरक्षित रहे इस महा अभियान के अंतर्गत गेट रीजन के रीजनल हेड अतिउल्लाह सिद्दीकी ने किसानों के खेत पर जाकर उन्हें टॉप बोरर कीट की पहचान एवं नियंत्रण की पूर्ण जानकारी दी इस मौके पर जोनल इंचार्ज जॉन बरबर के रविंद्र मिश्रा एवं कर्मचारी और काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### बाघ के हमले में किसान घायल

**गोला गोकरननाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** गोला वन क्षेत्र के ग्राम मूड़ा जवाहर निवासी किसान मुन्नालाल पुत्र गेंदालाल उम्र 50 वर्ष शनिवार को अपने गाने के खेत में जुताई कर रहा था। बताते हैं उसके साथ उसके भाई स्वामी दयाल और किशोरी लाल भी खेत में काम कर रहे थे। घटनाक्रम के अनुसार खेत के पड़ोस में निकली सरायन नदी के गंदे नाले से निकालकर बाघ ने अचानक मुन्ना लाल पर हमला कर दिया। मुन्ना लाल की चीज पुकार सुनकर उसके दोनों भाई दौड़े और अपने भाई को बचाने का प्रयास किया । तब तक बाघ ने मुन्ना लाल के दाहिने हाथ को जख्मी कर दिया था और गले पर वार करने का प्रयास कर रहा था लेकिन भाइयों पीछे पुकार सुनकर बाघ मुन्ना लाल को छोड़कर फिर से गंदे नाले की ओर लौट गया। परिजनों का कहना है कि उन्होंने घटना की सूचना वन विभाग को दी थी लेकिन वन विभाग का कोई भी कर्मचारी ना तो मौके पर पहुंचा और ना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में जाकर घायल को देखने की जहमत उठाई। स्वामी दयाल का कहना है की वन विभाग ने उनके बड़े भाई मुन्नालाल के खेत में एक महीना पहले भाग करने के लिए पिंजरा लगाया था लेकिन अभी तक वह पिंजरा खाली है और बाघ पकड़ नहीं जा सका है। जिससे खेतों में काम करने वाले किसाने की जान खतरे में पड़ी हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हालत गंभीर होने के कारण घायल मुन्ना लाल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम

**मितौली खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत कस्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर की अध्यक्षता में भाजपा सरकार के सेवा सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत भवन कस्ता में एक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने उपस्थित भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते



हुए कहा भाजपा सरकार आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति का चिंतन करती है सरकार की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है सरकार द्वारा जन कल्याणकारी नीतियों व महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन, महिला सशक्तीकरण, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की नीतियों का बखान करते हुए कहा भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था का राज्य कायम हुआ है आने वाली 14 अप्रैल को अपने ग्राम, कस्बो में संविधान शिल्पी, गरीबों के मसीहा, सर्व समाज को लेकर चलने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायें इस अवसर पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, महामंत्री कौशल बाजपेई, विकास वर्मा, स्याम बिहारी वर्मा, ग्राम प्रधान कस्ता अजमेरुअली सहित भाजपा के देव तुम कार्यकर्ता क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रियाज अहमद (मोनू) की अगुवाई में कलेक्ट गेट में एकत्र होकर प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस से लेकर कॉपी किताबों के कोर्स पर खुलेआम धन उगाही के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें जनपद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेस तदोपरांत शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर कचहरी गेट पर उपजिलाधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष रियाज अहमद (मोनू) ने कहा कि आज देश व प्रदेश में महंगाई एवं बेरोजगारी चरम सीमा पर वैसे भी है ऊपर से प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस से लेकर कॉपी किताबों के कोर्स पर खुलेआम धन उगाही कर रहे हैं। इस महंगाई के दौर में आम आदमी त्रस्त है शासन प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। जिला कांग्रेस कमेटी जनहित के मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगी, हम सभी कांग्रेस जन मांग करते हैं कि बढ़ी हुई फीस एवं कोर्स के दामों में कमी की जाय। यदि हमारी मांगे अति शीघ्र मांगी नहीं गई तो जिला कांग्रेस कमेटी व्यापक आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उक्त प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में देवेंद्र कुमार पंकज कांग्रेस कमेटी महासचिव सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव मनोज यादव साद अहमद महिला कांग्रेस कोमल सिंह, नीरज वाजपेयी, सलमान सिद्दीक, जफर मिर्जा, अफसर अली एडवोकेट, अभिषेक सिंह, अमित गुप्ता, राहुल मिश्रा, ललित मिश्रा, विकास, जावेद, जीशान, लकी गुलाटी, संदीप गुलाटी, अशोक, रामपाल, आदि सहित अन्य कांग्रेस जनउपस्थित रहे।

## राणा सांगा सनातनी संस्कृति के अद्भुत संवाहक-भाटी

**पलियाकलां। स्वतंत्र भारत**

जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में भारत के महान योद्धा, मेवाड सूर्य महाराणा संग्राम सिंह की 543वीं जयंती भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि राणा सांगा सनातनी संस्कृति के अद्भुत संवाहक थे। उन्होंने 1509 से 1528तक भारतमाता की अद्वितीय सेवा की थी। उन्होंने 1517के खतोली युद्ध में दिल्ली के सुल्तान इब्राहीम लोदी को हराया था। 1519में गागरोन युद्ध में मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी को बुरी तरह हराया था। उन्होंने 1527 में बयाना युद्ध में बाबर को भी धूल चटाई। राणा सांगा के एक हाथ, एक पैर, एक आँख नहीं थी, उसके बावजूद उन्होंने यवन आक्रमणकारियो का पुरे साहस के साथ मुकाबला किया था। उनका पराक्रम अतुलनीय था। जिन महान विभूतियों के कारण देश विश्व पटल पर जाना जाता है, उन्हें नमन करना हमारा परम् कर्तव्य है। लेकिन आजादी के 78साल बाद भी कुछ लोग ऐसे महान आत्माओं पर प्रश्न चिन्ह लगाते है। भारत के किसी भी इतिहासकार ने राणा सांगा के राष्ट्र के प्रति समर्पण पर संदेह नहीं किया है, फिर भी देश की सबसे बड़ी पंचायत राणा सांगा के अपमान की साक्षी



बनी। यह देश के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। यदि देश में राणा सांगा, महाराणा प्रताप व शिवाजी जैसे योद्धा नहीं होते, तो इस देश का भूगोल व इतिहास कुछ और ही होता। ऐसे महान वीरों का अपमान देश का अपमान है। नोडल अधिकारी आकृति गुप्ता ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सभी देशों ने अपने यहां से गुलामी के चिन्हो को हटा दिया था। लेकिन अपने देश में आज भी गुलामी के चिन्हो व घटनाक्रमों को साक्ष्य बताकर राणा सांगा जैसे वीरों का अपमान किया जाता है। सक्षम व समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हमें अपने गौरवशाली इतिहास का पुनरलेखन करना होगा। इस अवसर पर माया वर्मा, अर्चना शुक्ला, अतुल सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# राष्ट्र की आत्मा होती है संस्कृति



- हृदयनारायण दीक्षित

संस्कृति मनुष्यता के सत्कर्मों का शिव और सौंदर्य है। यह राष्ट्र की आत्मा होती है। राष्ट्र किसी सुनिश्चित भूमि पर लोगों के रहने के आधार पर ही नहीं बनते। भूमि, जन और राजव्यवस्था से राज्य बनते हैं। लेकिन राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण घटक संस्कृति है। संस्कृति का मूल आधार दर्शन होता है। राष्ट्र का दार्शनिक चिंतन ही राष्ट्रजीवन का बीज है। यही संस्कृति को विकसित होने की प्रेरणा देता है। कुछ विद्वान दर्शन को बौद्धिक कार्रवाई कहते हैं। प्रत्यक्ष, प्रमाण, अनुमान, तर्क, संशय, संदेह और सकारात्मक चिंतन के मूल उपकरण हैं। भारतीय दर्शन की प्रतिष्ठा समूचे विश्व में है। दार्शनिक विकास भी 100-50 वर्ष का काम नहीं है।

भारत में हजारों वर्ष पीछे से सांस्कृतिक निरंतरता का प्रवाह है। इस सांस्कृतिक विकास को दर्शन और विज्ञान की धाराओं ने लगातार मजबूत किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में सांस्कृतिक विकास के पहले दर्शन नहीं था। समाज ने उन्नति की। पंथ और संप्रदाय ने समाज जीवन को नियंत्रित किया। शुभ और अशुभ की विभाजक रेखाएं विकसित हुईं। पंथिक विकासके क्रम में विश्वास का वातावरण बना। इस विकास में तर्क और संशय नहीं थे। पंथ और विश्वास बढ़ते गए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्वीकारने का साहस नहीं हुआ। विचार अंधविश्वास हो गए।

भारत में ऐसा नहीं हुआ। भारत में दर्शन का जन्म जिज्ञासा से हुआ है। आदिम समाज में धरती, आकाश, सूर्य, और चन्द्र के प्रति जिज्ञासा थी। इस जिज्ञासा ने सोच, विचार और अध्ययन के नए रास्ते खोल दिए। तर्क चले। कुतर्क भी चले। लेकिन दर्शनाभिलाषी सतर्क रहे। तर्क ही यहाँ मार्गदर्शक रहा है। मूर्ति देव प्रतीक होती हैं। यह साधारण पत्थर या मिटटी नहीं है। इसलिए मंदिर में जाने को दर्शन करना कहा जाता है। सतत् विवेचन से दर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ी। विज्ञान और दर्शन में अंधविश्वास को जगह नहीं है। संकीर्णता के लिए भी कोई स्थान नहीं है। पूर्वजों ने समूचे अस्तित्व को एक इकाई जाना था। वैदिक काल में दार्शनिक चिंतन की सुस्पष्ट धारा दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है। इस सूक्त के प्रत्येक शब्द में जिज्ञासा का अमृतघट उफनाता दिखाई पड़ता है। सूक्त के रचयिता ऋषि पपरमेष्टिन हैं। कहते हैं, 'तब न सत् था, न असत्।' न दिवस था न रात्रि। कौन जानता है कि पहले क्या था? सृष्टि का अध्यक्ष भी नहीं जानता होगा कि सबसे पहले क्या था? यह सूक्त सृष्टि रहस्यों की जिज्ञासा से जुड़ा है। तब से लेकर प्राचीन भारतीय दर्शन में तर्क, बहस और शास्त्रार्थ जीवंत परंपरा है। गीता और उपनिषदों में यही परंपरा आज तक जारी है। यह धारा बेशक किसी न किसी कालखण्ड में मध्यम भी रही है।




गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, 'यह ज्ञान मैंने सूर्य को, सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। समय के अंतराल में यह ज्ञान लुप्त हुआ। अब मैं तुमको वही ज्ञान दे रहा हूं।' ज्ञान सदा रहता है। सनातन है ज्ञान का तत्व। भारत की धरती पर मूल ज्ञान को युग अनुसार बनाए रखने वाले महानुभावों की लम्बी परंपरा है। यह ज्ञान सबसे पहले ऋग्वेद में, फिर उपनिषदों में, दार्शनिक चिंतन में, गीता और ब्रह्मसूत्र में दिखाई पड़ता है। रामायण में इसी ज्ञान के प्रतिरूप मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं। गीता में श्रीकृष्ण हैं। बुद्ध, महावीर भी इसी धारा के शीर्ष व्यक्तित्व हैं। सांख्य दर्शन के ऋषि कपिल हैं। योग दर्शन के पतंजलि हैं। इसी परंपरा में विवेकानंद, दयानंद जैसे महान व्यक्तित्व हैं। इन सब के बीच अद्वैत दर्शन के प्रचारक शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य ने अपने शोध, बोध व आचरण से वैदिक दर्शन को भारतीय स्वाभिमान का सनातन तत्व पाया है। उन्होंने अल्प आयु में ही गीता, ब्रह्मसूत्र और तमाम उपनिषदों का भाष्य किया है। पूरे देश की यात्राएं की। वेदांत दर्शन पर तमाम तर्क हुए। विद्वानों ने तमाम प्रश्न पूछे। शंकराचार्य ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। ईश्वर और मोक्ष जैसे गूढ़ और जटिल विषयों पर उनकी व्याख्या अद्भुत है।

शंकराचार्य की दार्शनिक अनुभूति का प्रभाव तत्कालीन समाज पर पड़ा ही था। उन्होंने लम्बी दूरी की यात्राएं की। व्यापक जनसम्पर्क किया। उन्होंने शास्त्रार्थ में बौद्ध विद्वानों को भी प्रभावित किया। शंकराचार्य के समय बौद्ध पंथ का प्रभाव फैल रहा था। राज्याश्रयी होने के कारण बुद्ध विचार के प्रचार का काम भी सरल था। वेदांत का तत्व विवेचन आसान नहीं पर आचार्य शंकर ने शब्द गर्भ में पैठकर सार और असार का अनावरण किया है। दर्शन का अर्थ है- सत्यानुभूति, लेकिन सत्य की अनुभूति आसान नहीं। यह प्रवचन से असंभव है। मेधा शक्ति भी आत्म तत्व तक नहीं पहुँचती है। तर्क से भी बात नहीं बनती। सामान्यतया भक्ति, सन्यास और योग कर्म ईश्वर की प्राप्ति के उपकरण माने जाते हैं, लेकिन शंकराचार्य इनमें से किसी उपकरण को ब्रह्म अनुभूति का साधन नहीं मानते।

शंकराचार्य के वास्तविक समय के सम्बंध में मतभेद है। वैसे अधिकांश विद्वानों के अनुसार उनका समय 788 ई. से 820 ई. तक माना जाता है। इसका मुख्य ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। उनके दर्शन से भारतीय ज्ञान साधना ने आकाश जैसी ऊंचाई पाई। वेदांत दर्शन भारतीय राष्ट्रभाव का प्रतिनिधि दर्शन है। ब्रह्मसूत्र ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारंभ होता है। दार्शनिक परंपरा में ब्रह्म को लेकर काफी तर्क चले हैं। शंकराचार्य ने ब्रह्म को सत्य बताया है और संसार को मिथ्या। वेदांत दर्शन के जानकारों के लिए यह कोई नई बात नहीं है लेकिन विराट को प्रकट करने के लिए शब्द अर्थ ही पर्याप्त नहीं होते।

शंकराचार्य का ब्रह्म समूचे अस्तित्व में कण कण में व्याप्त है। इसका न जन्म होता है और न मृत्यु। यह अजन्मा है। सदा से है। सदा रहता है। शंकर ने इसे नित्य कहा है। नित्य का अर्थ है कि इस पर काल का प्रभाव नहीं पड़ता है। ब्रह्म काल के भीतर भी है और बाहर भी है। काल अबाधित है। इसका बोध भक्ति से नहीं होता। इसके विपरीत संसार के प्रत्येक पदार्थ कालाधीन हैं। काल प्रभाव में है। नदियां अपने संगीत में बहती हैं। नदी का जन्म शिखर ऊंचाई पर पत्थर की खोह से निकले जल से होता है। जल अपनी प्रकृति में रसपूर्ण और प्रवाहमान है। सदा ऊपर से नीचे की ओर बहता है। नदी नाद आनंददायी है। लेकिन नदियां नित्य नहीं अनित्य हैं। काल के अधीन हैं। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में नदीतमा रही सरस्वती भयावह जल प्रलय के समय खण्डों में टूट गई। संसार की प्रत्येक वस्तु काल के अधीन है। जीवन की भी अवधि होती है। इसलिए सारी वस्तुएं पदार्थ और प्राणी अनित्य हैं। वे ब्रह्म की तरह नित्य नहीं हैं। ब्रह्म नित्य हैं, जगत् अनित्य है। जगत् को शंकर ने मिथ्या कहा है। मिथ्या का अर्थ अस्तित्वविहीन होना नहीं है। जो क्षणभंगुर है, वही शंकराचार्य की दृष्टि में मिथ्या है और जिस पर भूत, भविष्य, वर्तमान का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जो सभी कालों, दशाओं और दिशाओं में उपस्थित रहता है, वह ब्रह्म है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### कजाकी

मालूम नहीं अब वह आदत क्यों बदल गयी। अब भी वही हालत होती तो शायद इतना फाकेमस्त न रहता। बाबूजी मुझे प्यार तो कभी न करते थे; पर पैसे खूब देते थे, शायट अपने काम में व्यस्त रहने के कारण, मुझसे पिंड छुड़ाने के लिए इसी नुस्खे को सबसे आसान समझते थे। इन्कार करने में मेरे रोने और मचलने का भय था। इस बाधा को वह दूर ही से टाल देते थे। अम्मां जी का स्वभाव इसके ठीक प्रतिकूल था। उन्हें मेरे रोने और मचलने से किसी काम में बाधा पड़ने का भय न था। आदमी लेटे-लेटे दिन भर रोना सुन सकता है; हिसाब लगाते हुए जोर की आवाज से ध्यान बंट जाता है। अम्मां मुझे प्यार तो बहुत करती थीं, पर पैसे का नाम सुनते ही उनकी त्योरियां बदल जाती थीं। मेरे पास किताबें न थीं। हां, एक वस्ता था, जिसमें डाकखाने के दो-चार फार्म तह करके पुस्तक रूप में रखे हुए थे। मैंने सोचा-दाल, नमक और घी के लिए क्या उतने पैसे काफी न होंगे ? मेरी तो मुट्ठी में नहीं आते। यह निश्चय करके मैंने कहा-अच्छा, मुझे उतार दो, तो मैं दाल और नमक ला दूं, मगर रोज आया करोगे न ? कजाकी-भैया, खाने को दोगे, तो क्यों न आऊंगा।

मैंने कहा-मैं रोज खाने को दूंगा।

कजाकी बोला-तो मैं रोज आऊंगा।

मैं नीचे उतरा और दौड़ कर सारी पूंजी उठा लाया। कजाकी को रोज बुलाने के लिए उस वक्त मेरे पास कोहनूर हीरा भी होता तो उसको भेंट करने में मुझे पसोपेश न होता।

कजाकी ने विस्मित हो कर पूछा- ये पैसे कहां पाये, भैया ?

मैंने गर्व से कहा-मेरे ही तो हैं।

कजाकी-तुम्हारी अम्मां जी तुमको मारेंगी, कहेंगी- कजाकी ने फुसला कर मंगवा लिये होंगे। भैया, इन पैसों की मिठाई ले लेना और आटा मटके में रख देना। मैं भूखों नहीं मरता। मेरे दो हाथ हैं। मैं भला भूखों मर सकता हूं?

मैंने बहुत कहा कि पैसे मेरे हैं, लेकिन कजाकी ने न लिए। उसने बड़ी देर तक इधर-उधर की सैर करायी, गीत सुनाये और मुझे घर पहुंचा कर चला गया। मेरे द्वार पर आटे की टोकरी भी रख दी। **क्रमशः...**

# राष्ट्रीय पुनरुत्थान की प्रेरणा का पर्व- वैशाखी

भारतवर्ष मेलों और त्यौहारों का देश है। इनमें से कुछ का सम्बन्ध धर्म के साथ है तो कुछ का इतिहास के साथ और कुछ का सम्बन्ध मौसम के साथ है। पंजाब में उमंग और उत्साह के साथ



- सुभाष आनन्द

मनाया जाने वाला जोशीला पर्व वैशाखी मूलतः एक मौसमी पर्व है। किसानों द्वारा अपने खून पसीने से तैयार की गई फसल के घर आने की खुशी से उत्साह और उमंग से यह पर्व मनाया जाता है। यह त्यौहार वीर और स्वाभिमानी पंजाबियों की भावना का भी प्रतीक है। सिखों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी जिसके कारण इस त्यौहार की महानता और गरिमा और बढ़ जाती है। यह त्यौहार भारत के स्वतत्रता संग्राम से भी जुड़ा हुआ है। इसी दिन 1919 में जालियांवाला बाग में आजादी के दीवानों पर अंग्रेजी



सरकार ने प्रहार किया था।गुरु गोविन्द सिंह जी के समय में देश की सामाजिक और राजनीतिक दशा इतनी भयानक थी कि लोगों का मनोबल पूर्ण रूप से गिर चुका था। वह विदेशी लुटेरों से अपनी बहू-बेटियों की इज्जत की रक्षा करने तक में समर्थ नहीं थे। हिन्दू बालाएं और बहू-बेटियां टके-टके के भाव से मण्डी में बेची-खरीदी जाती थी।

हिन्दू बहू, बेटियों की इज्जत सरेआम लूटी जाती थी। गुरु जी से यह दशा देखी न गई और उन्होंने निश्चय किया कि समाज में परिवर्तन लाया जाए। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए गुरुजी ने वैशाखी के दिन देश-विदेश में बसे अपने अनुयाइयों को आनन्दपुर साहिब पहुंचने का आदेश दिया। इतिहासकारों के अनुसार वहां 80 हजार से भी ज्यादा लोग पहुंचे। कीर्तन शुरू हुआ। कीर्तन के समाप्त होने पर गुरु जी ने नंगी तलवार लिए पूरे जोश से लोगों को सम्बोधित किया। प्यारी साध-संगत इस समय मानवता को बचाने के लिए सभी शांतिपूर्ण रास्ते बंद हो चुके है। मानवता को बचाने के लिए मुझे कुछ कुर्बानियों की जरुरत है। जिससे मनुष्यता की रक्षा हो सके और मानव जीवन सुरक्षित रह सके। ज्यों ही गुरु जी ने शीश मांगे, त्यों ही लाहौर निवासी भाई दयाराम, जो जाति के क्षत्रिय थे, मंच पर शीश देने आए।

गुरु जी उसे एक तंबू में ले गए कुछ समय पश्चात रक्त रंजित तलवार लेकर मंच पर लौट आए। एक अन्य शीश की मांग की, इस बार उनकी मांग पर दिल्ली के भाई धरमदास जाट आए। गुरु जी की मांग पर तीन अन्य उड़ीसा के हिम्मतराय, द्वारिका के भाई मोहकम चन्द्र और विदर के भाई साहिबचन्द्र को गुरूजी तंबू में ले गए।

थोड़ी देर बाद गुरु जी इन पांचों को लेकर मंच पर पधारे। पंडाल में बैठे लोग इन लोगों को जिंदा देखकर हैरान हो गए। वे पांचों एक समान पोशाक धारण किए हुए थे। गुरुजी ने बांटे (लोहपात्र) में बताशों से अमृत तैयार करके पांचों को पिलाया। जाति भेद मिटाकर उनको पांच प्यारों की संज्ञा दी। साथ ही उनको पांच ककार-केश-कंघा-कड़ा-कच्छा-कृपाण धारण करने का आदेश दिया।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**देहाभिमाने गलिते ज्ञानेन परमात्मनि।**
**यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः।।**

परमात्म का ज्ञान प्राप्त कर लेने पर जब मनुष्य का देहाभिमान छूट जाता है, तो वह अपने को शरीर न मानकर उससे भिन्न मानने लगता। है। तब उसका मन जहां भी जाता है, उसे वहीं समाधि की अनुभूति होने लगती है, अर्थात् वह जागृतावस्था में ही समाधि की स्थिति में पहुंच जाता है।

✦✦✦

**ईप्सितं मनसः सर्वं कस्य सम्पद्यते सुखम्।**
**दैवायत्तं यतः सर्वं तस्मात् सन्तोषमाश्रयेत्।।**

संसार में किसी को भी मनचाहा सुख नहीं मिलता। सुख- दुःख की प्राप्ति ईश्वर के अधीन है। अतः मनुष्य को जितना भी सुख मिलता है, उसे उतने से ही सन्तोष कर लेना चाहिए, अधिक प्राप्ति की चाह में अपने को दुखी नहीं करना चाहिए।

✦✦✦

**यश धेनुसहस्त्रेषु वत्सो गच्छति मातरम्।**
**तथावद्धि कृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति।।**

जिस प्रकार गाय का बछाड़ा हजारों गायों की बीच खड़ी अपनी माता के पास जा पहुंचता है, उसी प्रकार मनुष्य का कर्म भी कर्त्ता को खोज निकालता है, अर्थात् मनुष्य अपने किये कर्म का फल भोगने से बच नहीं सकता।

✦✦✦

## ।। अमृत कलश।।

### अपना कार्य स्वयं करें

ट्रेन बंगाल के छोटे-से स्टेशन पर रुकी। प्रथम श्रेणी के डिब्बे से एक नवयुवक बाहर निकला, उसके पास मात्र एक छोटी-सी संदूकची थी। वह कुली को पुकारने लगा लेकिन उस छोटे-से स्टेशन पर कुली कहां मिलता। तभी ग्रामीण वेशभूषा में एक अधेड़ व्यक्ति उस युवक के पास गया। युवक ने उसे कुली समझकर कहा, तुम लोग बड़े लापरवाह हो, उठाओ इसे और चलो।

अधेड़ ने संदूकची उठाई और युवक के पीछे चलने लगा। घर पहुंचकर युवक जब उसे पारिश्रमिक देने लगा तो उसने लेने से इनकार कर दिया।

युवक उससे इसका कारण पूछ रहा था तभी युवक का भाई बाहर निकल आया और अधेड़ को नमस्कार किया। इससे युवक को पता चल गया कि जिस व्यक्ति से वह संदूकची उठवाकर लाया है वह कुली नहीं बल्कि सुप्रतिष्ठित विद्वान ईश्वरचंद्र विद्यासागर हैं तो वह उनके चरणों में गिर पड़ा।

ईश्वरचंद्र बोले, जिस दिन मेरे देश के युवक निरर्थक गर्व का परित्याग कर यह जान लेंगे कि अपना काम स्वयं करना गौरव की बात है तभी वह स्वावलंबी बन पाएंगे। यही मेरे लिए सबसे बड़ा पारिश्रमिक है।

## काँव-काँव




✦✦✦

**भारतीय हुनर की पूरी दुनिया में पहचान–मोदी**
हमारे नेताओं के हुनर सबसे ज्यादा चर्चा में!

**मौलिक अधिकारों पर सोचे प्रवर्तन विभाग–कोर्ट**
अभी सिर्फ नौकरी की सोच बची है माईबाप!

**कर्नाटक में जातीय जनगणना को मिली मंजूरी**
राजनीतिक नाटकों के लिये कर्नाटक सही है!

**दिल्ली में नयी आबकारी नीति लायेगी भाजपा**
यूपी में शराबियों का रामराज्य चालू हो चुका है!

**बिहार चुनावों के लिये राणा का प्रत्यर्पण–राऊत**
युद्ध, प्रेम और चुनावों में सब कुछ जायज़ है!

**पूर्व न्यायाधीश को नहीं मिल रहा अच्छा मकान**
पीएम आवास योजना के मकान भी अच्छे हैं!

**अन्य शहरों में भी हमले की साजिश रच रहा था राणा**
खून जो मुंह लग गया था!

**पुख्ता साक्ष्य होने पर ही सीबीआई जांच–कोर्ट**
तब 'आकाओं' के काम कैसे आएगी एजेंसी?

✦✦✦

# नक्सलियों की समझ में आने लगी है विकास की बात

वर्ष 1972 में जब चम्बल के दस्युओं से आम जनता ही नहीं, केंद्र और राज्य सरकारें भी परेशान थीं, तब लोकनायक जयप्रकाश नारायण और आचार्य विनोबा भावे की महज एक अपील पर चम्बल घाटी के सैकड़ों दस्युओं ने हथियार डाल अपने गुनाहों के लिए माफी मांगते हुए देश की मुख्य धारा में शामिल होने की कसम खाई थी। फिर सरकार ने चम्बल को धीरे धीरे दस्युओं



- निशिकांत ठाकुर

से मुक्त करके उसका विकास करना शुरू किया और आज चम्बल घाटी न केवल शांत है, बल्कि देश की मुख्य धारा में शामिल होकर विकास के पथ पर अग्रसर है। कहा जाता है और वैज्ञानिकों ने इसे प्रमाणित कर दिया है कि मुख्य धारा से हटने पर जिस तरह नदियां सूख जाती हैं, उसी तरह जाने अनजाने राष्ट्र विरोधी ताकतों का भी सर्वनाश हो जाता है। नदी यदि बाढ़ में बांध तोड़कर अलग राह पर चल पड़ती है, तो कुछ दूर बाद जब बाढ़ का पानी घट जाता है तो वह छोटी नदी सूख जाती है। वही हाल आज नक्सलियों का हो रहा है। वह बहकावे में आकर देश की मुख्य धारा से कट चुके हैं, चोरी–छिपे जीवन जीते और जगह जगह हत्या–दर–हत्या करते हुए अपनी अगली पीढ़ी के लिए गड्ढे खोद रहे हैं। मैंने पहले भी कई बार उल्लेख किया है कि सरकार से यदि कोई लड़ने की बात कर रहा है, तो उसका विनाश निश्चित है। आप पानी में रहकर मगरमच्छ से दुश्मनी मोल नहीं ले सकते हैं। यदि आप अगली पीढ़ी के लिए कुछ करना चाहते हैं, सरकार के समक्ष बिना शर्त अपना हथियार डाल दें, यही बेहतर विकल्प है।

मुख्य धारा से अलग रह रहे हिंसक नक्सलियों के लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह अपील करते हैं कि जब नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में कहा कि मैं आग्रह करता हूं कि वे हथियार डालकर मुख्य धारा में शामिल हों। आप हमारे अपने हैं, इसलिए जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। आप हथियार उठाकर भी अपने आदिवासी भाइयों और बहनों के विकास को नहीं रोक सकते। गृहमंत्री ने बिल्कुल सच कहा। आज संभवतः देश का वह सबसे पिछड़ा इलाका है, जहां विकास की किरण नहीं पहुंच पाई। देश आजादी के बाद से आज तक कहां से कहां पहुंच गया, लेकिन हमारे देश का ही एक अभिन्न अंग अब तक महज इसलिए विकसित नहीं हो पाया है, क्योंकि वहां के निवासियों के मन में जहर भरते हुए विकास को ही सबसे बड़ा विनाश, यानी खतरा बताया गया है। हमने अपने पिछले कई लेखों में कहा है कि जो वहां के मूल निवासी हैं, वे तो भोले–भाले हैं, लेकिन जो उनके विकास को अवरुद्ध करना चाहते हैं, वह देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। हमें हर हाल में ऐसे गद्दारों को ढूंढना पड़ेगा, जिन्होंने इन भोली–भाली जनता को गुमराह करके मृत्यु के मुंह में धकेल दिया है। गृहमंत्री अमित शाह की अपील का ही असर है कि तेलंगाना में छत्तीसगढ़ के 86



नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। नक्सलियों का इतनी बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण करना सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे यह होगा कि भोले–भाले लोगों के कान भरने वाले अपनी आदत से बाज आने लगेंगे और अपने बिल में छुप जाएंगे। इस तरह की अपील वैसे तो सरकार द्वारा पहले भी कई बार की जा चुकी है, लेकिन इस अपील का इतना बड़ा असर होगा, इसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। देश के प्रत्येक नागरिक के मन में यह विचार बार–बार उठता है कि आखिर देश का विरोध करने के लिए और सरकार को खुलेआम चुनौती देने वाले लोग अपने आप को क्या समझते हैं और किस प्रकार जान की बाजी लगाकर सरकार से बगावत करने लग जाते हैं। निश्चित रूप से सरकार ऐसी बहकी हुई भोली–भाली जनता को देश के प्रति विश्वास दिलाएगी कि यह उनकी अपने देश की सरकार है, जो आपका विकास आपकी अगली पीढ़ी के लिए करना चाहती है। हो सकता है, तब शेष बचे ऐसे लोग भी देश की मुख्य धारा से जुड़ने की कोशिश करेंगे।दरअसल, कानू सान्याल और चारू मजूमदार पश्चिम बंगाल नक्सलबाड़ी गांव के रहने वाले थे जो चीनी मार्क्सवाद के समर्थक माने जाते थे और उनके सिद्धांत को अपनाना चाहते थे। ये लोग कार्ल मार्क्स और लेनिन के सिद्धांतों पर काम करने लगे, क्योंकि वे उन्हीं से प्रभावित थे। साल 1969 में पहली बार चारू मजूमदार, कानू सान्याल व जंगल सान्याल ने भूमि अधिग्रहण को लेकर पूरे देश में सत्ता के खिलाफ व्यापक लड़ाई शुरू की। भूमि अधिग्रहण को लेकर देश में सबसे पहले आवाज नक्सलबाड़ी से ही उठी थी। नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव के नाम पर हुई है, जहां 1967 में किसान विद्रोह हुआ था। इसी आंदोलन को ही नक्सलवाद और इसमें शामिल लोगों को नक्सल या नक्सली कहा जाता है। वर्ष 1967 के बाद राज्य और देश में कई सरकारें आईं, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए तरह–तरह के उपाय अपनाए गए, लेकिन इस समय तक इसकी आग देश के कोने–कोने में भड़क उठी थी तथा जो भी इस भभकती आग को बुझाने के लिए आगे आए, उन्हें इस संगठन ने अपने चक्रव्यूह में घेरकर जान से मार डाला। देश के कई राजनेता, बड़े–बड़े अफसर, सुरक्षा बलों को शहीद कर दिया। ये नक्सली बड़े ही निर्मम होते थे और वारदात को अंजाम देने के बाद न जाने किस बिल में घुस जाते थे कि किसी को पता तक नहीं चलता था। उनकी दुश्मनी खासकर सुरक्षा बलों से थी, जो इन्हें समझाने के मकसद से उनके आसपास होते थे। लेकिन, किसी किसी को सच समझने में बहुत वक्त लग जाता है और कुछ तो अपने आगे किसी की भी समझदारी को दूर से ही उड़ा दिया करते हैं। इनकी वारदात ऐसी जगहों से होती रही है, जहां साधारण लोगों का पहुंचना लगभग असंभव है। वे अपना विकास स्वयं नहीं चाहते थे। उन्हें यह समझाया गया है कि यदि विकास के लिए सड़क, रेल, मोबाइल, शिक्षण केंद्र खोले जाएंगे, तो उनकी आजादी खत्म हो जाएगी। ऐसी स्थिति में कोई क्या कर सकता है! फिर कोई कैसे देश के आमलोगों के साथ कदम से कदम मिलकर चल सकता है। अब धीरे–धीरे विकास की बातें इनकी समझ में आने लगी है। इसलिए अपने आप को देश की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपने ?हथियारों का त्याग करके समर्पण करना शुरू कर दिया है। भला हो गृहमंत्री अमित शाह का, जिनकी अपील के असर से भारी संख्या में नक्सलियों का समर्पण हुआ और उन्होंने अपने भाग्य को देश के विश्वास के साथ जोड़ लिया। अब देखना यह है कि गृहमंत्री अमित शाह, जिन्होंने ऐसे नक्सलियों को वर्ष 2026 तक समूल समाप्त करने का बीड़ा उठाया है, उसमें वे कहां तक सफल हो पाते हैं।

## रेसिपी

## ' शाम के नाश्ते में बिना खमीर के ऐसे बनाएं ढोकला'



**ढोकला बनाने का सामान**

बेसन- 1 कप
दही- 1/2 कप
नमक - स्वाद अनुसार
चीनी -1 चम्मच
नींबू का रस- 1 चम्मच
इनो - खमीर उठाने के लिए

हर रोज शाम के समय बच्चों से लेकर बड़ों तक को भूख लग जाती है। ऐसे में आप रोज-रोज बाहर का खाना नहीं खा सकते। ज्यादा बाहर का खाना खाने से सेहत पर काफी गलत प्रभाव पड़ता है। इसी के चलते हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको बनाना भी काफी आसान है, और इसके सेवन से आपका मन भी खुश हो जाएगा।

यहां हम बात कर रहे ढोकला की, इसे बनाने के लिए बैटर में खमीर उठाना पड़ता है, जिसमें कम से कम 7-8 घंटे का समय लगता है। इसी के चलते हम आपको यहां बिना खमीर के ही ढोकला बनाने की रेसिपी बताने जा रहे हैं। ताकि यदि आप झटपट ढोकला बनाना चाहें तो आपको अपना मन न मारना पड़े।

**ढोकला बनाने की विधि**


बिना खमीर के ढोकला बनाने के लिए बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को छान लें। इसके बाद एक कटोरे में बेसन, दही, नमक और थोड़ा पानी डालकर स्मूद बैटर बनाएं। ध्यान रखें कि ढोकले का ये बैटर ज्यादा गाढ़ा नहीं होना चाहिए।

इसे ढककर 2 घंटे के लिए ऐसे ही रख दें। जब ढोकला तैयार करना हो तो अब बैटर में नींबू का रस और इनो डालें। जैसे ही झाग उठे, तुरंत अच्छे से मिक्स करें। अच्छी तरह से इसे मिक्स करें और स्टीमर में डालने की तैयारी करें। इसके लिए स्टीमर के मोल्ड में थोड़ा सा तेल लगाएं और फिर उसमें बैटर डाल दें। अब इसे पकने दें।

आधे घंटे के बाद इसमें चाकू लगाकर देखें, यदि चाकू बैटर में से साफ तरीके से बाहर निकल आया है तो मतलब कि ढोकला पक गया है। ढोकले को निकालकर बराबर पीस में काटकर एक प्लेट में रख लें।

# 2030 तक ये 7 तकनीकें बदल देंगी दुनिया का चेहरा







आज जो तकनीकें हमें चौंकाती हैं, वे आने वाले कुछ सालों में आम हो जाएंगी। टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि आने वाले समय में इंसान और मशीन के बीच की लाइन धुंधली पड़ सकती है। 2030 तक कुछ ऐसी क्रांतिकारी तकनीकें हमारे जीवन का हिस्सा बनेंगी जो काम करने, सोचने और जुड़ने के हमारे तरीके को पूरी तरह बदल देंगी।

**रोबोट अब खुद लेंगे फैसले**

भविष्य के रोबोट केवल इंसानी आदेश मानने तक सीमित नहीं रहेंगे। वे अपने आसपास की स्थितियों को समझकर तुरंत निर्णय भी ले सकेंगे। फैक्ट्री, अस्पताल, और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में ऐसे स्मार्ट रोबोट तेजी से तैयार हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2030 तक रोबोटिक्स का ग्लोबल मार्केट 250 अरब डॉलर से ऊपर जा सकता है।

**स्पेशियल कंप्यूटिंग**

स्पेशियल कंप्यूटिंग के जरिए वर्चुअल और रियल वर्ल्ड का फर्क मिट जाएगा। सेंसर और एडवांस प्रोसेसर की मदद से डिजिटल चीजें असल दुनिया का हिस्सा बन जाएंगी। गेमिंग, वर्चुअल मीटिंग और वर्क फ्रॉम होम में यह जबरदस्त बदलाव लाएगी।

**AI सिस्टम आपस में करेंगे बात**

अब तक हम AI से बात करते थे, लेकिन भविष्य में AI खुद AI से बात करेगा। डिलीवरी ड्रोन, स्मार्ट कारें और मशीनें आपस में रीयल टाइम डेटा शेयर करेंगी, वह भी बिना इंसान की दखल के।

**AI TRiSM**

AITRiSM तकनीक यह सुनिश्चित करेगी किAI सिस्टम सुरक्षित, निष्पक्ष और प्राइवेसी फ्रेंडली हों। कंपनियों के लिए यह बेहद जरूरी हो जाएगा, खासकर जबAIका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा हो।

**क्वांटम कंप्यूटिंग**

AI और क्वांटम कंप्यूटिंग का जोड़ आने वाले समय में फाइनेंस, हेल्थ और साइबर सिक्योरिटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। क्वांटम तकनीक डेटा को सेकंडों में प्रोसेस करने की क्षमता रखती है।


**एज कंप्यूटिंग**

एज कंप्यूटिंग का मतलब है कि डेटा वहीं प्रोसेस हो जहां से वह आया है। जब ये 5त्र या 6त्र से जुड़ेंगे, तो रीयल टाइम प्रोसेसिंग और बेहतर अनुभव मिलेगा और वो भी बिना इंटरनेट के।

**बायोटेक्नोलॉजी और जेनेटिक इंजीनियरिंग**

CRISPR जैसी तकनीक से DNA एडिटिंग अब संभव हो गई है। इससे लाइलाज बीमारियों का इलाज आसान होगा और फसलों की क्वालिटी बेहतर होगी। हेल्थ और फूड सेक्टर यह तकनीक बड़ा बदलाव ला सकती है।

# खुशियों और समृद्धि का पर्व बैसाखी जानें सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व




बैसाखी का पर्व हर साल अप्रैल महीने में मनाया जाता है और यह खासतौर पर उत्तर भारत में अत्यधिक धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा हुआ है और नई फसल की कटाई की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही, बैसाखी का पर्व सिख समुदाय के लिए धार्मिक महत्व भी रखता है, क्योंकि इस दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। बैसाखी, जिसे मेष संक्रांति भी कहा जाता है, भारतीय समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन न केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सिखों के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक दिन भी है। इस दिन का उत्सव कृषि, समाज, और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है। आइए जानते हैं कब मनाई जाएगी बैसाखी और क्या है इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व।

**बैसाखी का सांस्कृतिक महत्व**

बैसाखी का पर्व भारतीय समाज में एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से कृषि प्रधान समाज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैसाखी के दिन नई फसल की कटाई होती है। किसानों के लिए यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है, क्योंकि उन्हें अपनी मेहनत का फल मिल रहा होता है। खासकर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन को किसान अपनी नई फसल की खुशहाली के रूप में मनाते हैं, और पारंपरिक तरीके से खेतों में काम करते हुए ढेर सारी खुशियां मनाते हैं।

### बैसाखी की तिथि

बैसाखी हर साल मेष संक्रांति के दिन मनाई जाती है, जो आमतौर पर 13 या 14 अप्रैल को होती है। इस साल यह पर्व 13 अप्रैल, 2025 को मनाया जाएगा। इस दिन की महत्ता कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों के लिए बहुत अधिक है, क्योंकि यह नई फसल की बुवाई और कटाई का समय होता है। यह दिन खुशहाली और समृद्धि की ओर इशारा करता है।

### कैसे मनाते हैं बैसाखी

बैसाखी के दिन लोग अपने घरों को सजाते हैं, विशेष पूजा करते हैं और गुरुद्वारों में अरदास की जाती है। सिख समुदाय में इस दिन को खास धार्मिक महत्व मिलता है, क्योंकि इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष प्रार्थनाएं होती हैं, नगर कीर्तन निकाले जाते हैं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इसके अलावा, लोग इस दिन नई फसल के आगमन की खुशी में एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और पारंपरिक गीत गाते हैं। बैसाखी को उत्तर भारत में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, खासकर पंजाब में, जहां इस दिन विशेष मेलों का आयोजन होता है।

## गर्मी में ऐसे रखें अपने पौधे का ध्यान

गर्मी के मौसम में तपती धूप के कारण कई पेड़-पौधे मुरझाने या सूखने लगते हैं। अगर आपका घर पर प्लांट लगे है तो गर्मियों में कुछ खास बातों का ध्यान रखें। इससे आपके प्लांट गर्मी में भी हरा-भरा और खूबसूरत बना रहें सकता है।

**सीधी धूप से बचाएं**

गर्मी के मौसम में तेज धूप प्लांट की पत्तियों को जला सकती है। इसलिए इसे ऐसी जगह रखें जहां पर सीधी धूप न हो लेकिन फिल्टर करते हुए धूप लगे, जैसे बालकनी में छांव या खिड़की के पास।

**पानी जरूरी पर ज्यादा नहीं**

गर्मी में पौधों को ज्यादा पानी की जरूरत होती है, लेकिन ज्यादा पानी देने से जड़ें सड़ सकती हैं। आपको ये जानना चाहिए कि पौधे को पानी की कब और कितनी जरूरत है। गमले में जब मिट्टी ऊपर से सूखी दिखे तभी पानी दें। पानी देने से पहले मिट्टी की नमी जांच लें।

**पत्तियों पर करें स्प्रे**

गमले की मिट्टी में नमी दिख रही है लेकिन पौधे की पत्तियां धूप में सूख रही हो तो पत्तियों को पानी की जरूरत है। पत्तियों को तरोताजा रखने के लिए सप्ताह में 2-3 बार साफ पानी का हल्का स्प्रे करें।

# किस दिन है मेष संक्रांति? जानें सही तिथि, मुहूर्त और पूजा विधि



मेष संक्रांति हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है, जो सौर नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक मानी जाती है। यह पर्व आध्यात्मिक उत्थान, फसल के नए मौसम की शुरुआत और प्रकृति में बदलाव के संकेत के रूप में देखा जाता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह दिन बेहद खास होता है क्योंकि इस दिन सूर्य देवता मेष राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे सौर वर्ष का पहला दिन माना जाता है। चूंकि मेष राशि बारह राशियों में प्रथम है, इसलिए इसे ज्योतिष में नव चक्र की शुरुआत के रूप में देखा जाता है। इसलिए, कई क्षेत्रों में इसे नववर्ष के रूप में मनाने की परंपरा है। मेष संक्रांति को आत्मिक विकास और भीतरी परिवर्तन के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान सूर्य की ऊर्जा प्रबल होती है, जिससे ध्यान, पूजा, स्नान और दान-पुण्य जैसे कर्मों को करने का विशेष महत्व बताया गया है।

**मेष संक्रांति 2025 की तिथि**

दृक पंचांग के अनुसार इस वर्ष सूर्य 14 अप्रैल, सोमवार को प्रातः 3ः30 बजे मेष राशि में प्रवेश करेगा। उदया तिथि के अनुसार, इसी दिन मेष संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा।

**पूजा विधि**

इस दिन गंगा, यमुना या गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। अगर आपके लिए नदी में स्नान करना संभव न हो, तो घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। ऐसा करने से शरीर और मन की शुद्धि मानी जाती है। इसके बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर एक तांबे के पात्र में जल, लाल पुष्प, गुड़, रोली और अक्षत लेकर सूर्य को अर्घ्य दें। इसके बाद ? सूर्याय नमः जैसे मंत्रों का उच्चारण करें। साथ ही सूर्य चालीसा या आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ भी किया जा सकता है। पूजा के स्थान को दीप, धूप और पुष्पों से सजाएं और सूर्य देव को भोग लगाकर प्रसाद सभी में बांटें।भारत के विभिन्न हिस्सों में मेष संक्रांति को विविध नामों से जाना जाता है।

तमिलनाडु में पुथांडु, केरल में विशु, पंजाब में बैसाखी और ओडिशा में पाना संक्रांति। ये सभी त्योहार नए वर्ष और सूर्य के संक्रमण की खुशी में मनाए जाते हैं।यही वह समय होता है जब सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन की ओर अग्रसर होता है और गर्मी के मौसम की शुरुआत मानी जाती है। यह दिन पुण्य लाभ और दान धर्म की दृष्टि से भी अत्यंत शुभ माना जाता है।

# राफ्टिंग पर जाने का है मन तो ये हैं भारत की 5 बेस्ट जगहें




अप्रैल का महीना शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए ऐसी जगहों पर जाने का प्लान बनाना भी शुरू कर दिया है, जहां ठंडक होती है। इसी मौसम में लोगों को राफ्टिंग करने का भी खुमार चढ़ता है। लेकिन अक्सर ये समझ नहीं आता कि राफ्टिंग करने कहां जाना है। यदि आप भी राफ्टिंग पर जाना चाहते हैं, लेकिन ये समझ नहीं आ रहा कि कहां जाएं तो यहां हम आपको राफ्टिंग के लिए पांच सबसे खास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन सभी जगहों पर जाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ऋषिकेश, उत्तराखंड**

यदि आप राफ्टिंग करने का विचार कर रहे हैं तो ऋषिकेश, उत्तराखंड से बेहतर जगह कोई अन्य हो नहीं सकती। दरअसल, एक तो ऋषिकेश दिल्ली से बेहद पास है और यहां जाने के लिए आपको लखनऊ और दिल्ली से सीधी ट्रेन और बस भी मिल जाती है। यहां राफ्टिंग के अलावा आप शिवपुरी और रिवरसाइड कैम्पिंग का भी मजा ले सकते हैं। यहां राफ्टिंग का दाम काफी कम रहता है।

**लाहौल स्पीति, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल के आस-पास रहते हैं तो आपके लिए इस खूबसूरत जगह पर जाकर राफ्टिंग करना काफी सुविधाजनक हो सकता है। लाहौल और स्पीति घाटी में रिवर राफ्टिंग के लिए कोकसर से तांडी तक का 90 किलोमीटर का क्षेत्र, जहां चंद्रा और भागा नदियां मिलकर चंद्रभागा (चिनाब) बनाती हैं। इसमें कई जगहों पर राफ्टिंग की जाती है।

**लद्दाख, जम्मू और कश्मीर**

यदि आपके पास छुट्टियां बिताने के लिए काफी समय है तो लद्दाख निकल पड़िए। लद्दाख में बहने वाली जंस्कार नदी पर राफ्टिंग कराई जाती है। यहां राफ्टिंग के दौरान आपको एक से बढ़कर एक खूबसूरत नजारे देखने को मिलेंगे। ऐसे में आप राफ्टिंग के साथ-साथ खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकते हैं।

**कोलाड, महाराष्ट्र**

यदि आप महाराष्ट्र में रहते हैं तो कोलाड जाकर राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। मुंबई और पुणे के पास बसा शहर कोलाड महाराष्ट्र की टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक है। कोलाड कुंडलिका नदी में राफ्टिंग कराई जाती है।

**तीस्ता रिवर, सिक्किम एवं दार्जिलिंग**

सिक्किम की सबसे प्रसिद्ध नदी तीस्ता सिक्किम, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग पहाड़ी क्षेत्र से होकर बहती है। इसे भारत के बेहतरीन रिवर राफ्टिंग स्थलों में शामिल किया गया है। यहां आप पैडल राफ्टिंग में भी हाथ आजमा सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 13 अप्रैल, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोमते शुक्ल पक्षे पूर्णिमा तिथौ रवि वासरे 05/53/ चित्रा नक्षत्रे 21/11/ हर्षण योग 21/39/ बव करणे 05/53/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**दैनिक पंचांग लखनऊ-** स्नानदान की चित्रा नक्षत्रयुता चैत्री पूर्णिमा।संक्रांति का विशेष पुष्य काल अगले दिन तक। वैशाखी पंजाब, उडीसा। 15 तिथी वृद्धि।

**मेष :** काम में अरुचि होगी। साथियों पर विश्वास करके अपना काम उन पर ना छोड़ें। गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता होगी। कानूनी मामलों में सफल सफलता मिलेगी।

**वृष :** परिवार में क्लेश और तनाव से बचने की चेष्टा करेंगे तो अच्छा रहेगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा अन्यथा तनाव पैदा हो सकता है।

**मिथुन :** स्थाई एवं अस्थाई उद्यम लाभ देते रहेंगे। परिश्रम पूर्ण चेष्टाओं का शुभ लाभ निकलेगा और हार्दिक प्रसन्नता भी बढ़ेगी। संघर्ष के उपरांत विजय भी होगी।

**कर्क :** विपरीत स्थितियों व्यथित कर सकती हैं। घरेलू सुखों में कमी की स्थिति बनेगी । बढ़ते व्यय के कारण बचत कोष रिक्त होगा। किसी से टकराव अच्छा नहीं।

**सिंह :** शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। साधनों की कमी अनुभव। कार्य व्यवहार की अनियमितता बनाए रखना कठिन होगा। महत्वपूर्ण कार्य कोशिश के बाद बनेंगे।

**कन्या :** यात्रा करेंगे। मनोरंजन का अवसर मिलेगा। राजकीय क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ेगा। प्रतिष्ठा वृद्धि के साथ धन लाभ भी होगा। उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले होंगें।

**तुला :** संचित धन कोष में वृद्धि से व्यय संबंधी समस्या सुलझेगी। नए अनुबंधों में तुरंत निर्णय ठीक नहीं होगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा।

**वृश्चिक :** तनाव पैदा हो सकता है। सहयोगी की उपेक्षा ठीक नहीं होगी। व्यापार व्यवसाय यात्रा और लेखन के मामलों में साहस ठीक नहीं।

**धनु :** परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है। समस्याओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर :** अस्वस्थता रहेगी। कार्य की सफलता में रुकावट आएगी। परिवार में अव्यवस्था और विवाद की चिंता बढ़ेगी। लोभ व लालच में नैतिकता ना छोड़े।

**कुंभ :** अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। पारिवारिक संबंधों में मतभेद होंगे मानसिक तनाव रहेगा। पूंजी निवेश से धन प्राप्ति होगी। बढ़ते व्यय की पूर्ति होगी।

**मीन :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। विरोधी कमजोर होंगे किसी की करने का परिणाम तुम्हें भोगना पड़ेगा।

## आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ता एकजुट होकर खिलाएं कमल : राजेश शुक्ला

### भाजपा जिलाध्यक्ष का महोली में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा की मौजूदगी में हुआ भव्य स्वागत



सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। भारतीय जनता पाटी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का महोली ब्लाक पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर श्यामा प्रसाद मुर्खजी व दीन दयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सभागार में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। इस पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। उन्होने कहा कि भाजपा आगामी सभी चुनावों में विजय श्री प्राप्त करेगी। प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता स्वयं जिलाध्यक्ष है। उन्होने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों वाली पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हम सभी का सौभाग्य है कि हमारे क्षेत्र की नेता राष्ट्रीय नेतृत्व का हिस्सा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर आगामी विधान सभा चुनाव में जिले की सभी नौ सीटों पर कमल खिलाना है। इस दौरान सभी मण्डल अध्यक्षों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व विधान सभा प्रत्याशी महेन्द्र वर्मा ने जिलाध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, मडंल अध्यक्ष महोली श्रीनाथ बाजपेई सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पिसावां शिव प्रताप सिंह, बडागांव रजनीश, एलिया जय प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा नेता कल्याण सिंह, डा. विशाका विश्वास, कुलदीप सिंह प्रधान, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा नेता तरुण शुक्ला ने संचालित किया। भारतीय जनता पार्टी का गांव चलों अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा सहित अन्य भाजपा नेता लोक सभा धौरहरा की महोली विधान सभा के कारीपाकर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केन्द्र व प्रदेश सरकार व पार्टी की नीतियों के बारें में बताया। इस दौरान पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने कहा भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने सबका साथ व सबका विकास की नीति पर कार्य किया है। भाजपा के पूर्ववर्ती सरकारों में भगवान को मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में थे आज मथुरा काशी, अयोध्या में मंदिर बन चुके है। नैमिषारण्य में कारीडोर का कार्य शुरु हो गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार में महिलाओं,गरीबों व असहायों का कल्याण हुआ है। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार में कानून का राज्य है। किसान, व्यापारियों सहित सबके हित में कार्य हुआ है। कार्यक्रम को मनोज मिश्रा, नैमिषरत्न तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद भाजपा नेताओं नें मंदिर की सफाई की। जिसके बाद बूथ लेवल पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

## अनियंत्रित प्राइवेट बस ने दो बाइकों को मारी टक्कर एक युवक की मौत, चार की हालत गंभीर

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने दो बाइक सवार युवको को टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गयी जबकि चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिये भर्ती कराया गया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार तालगांव कोतवाली इलाके के कन्नपुर गांव के पास लहरपुर सीतापुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात प्राइवेट बस ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। पहली टक्कर सामने से आ रही बाइक को मारी गई। इसके तुरंत बाद बस ने दूसरी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। दुर्घटना में खैराबाद थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गढ़ी निवासी 24 वर्षीय कलामुद्दीन पुत्र खुसुबुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। और कोतवाली देहात क्षेत्र के देना तकिया निवासी नबी अहमद पुत्र अल्ताफ उनकी पत्नी आयशा, किस्मतुन पत्नी खलील थाना हरगांव क्षेत्र के परसेहरा निवासी अमजदी पत्नी कलीम भी घायल हो



गए जिनका सीएचसी परसेंडी में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी दीपक राय ने बताया विधिक कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में भर्ती कराया, वहां पर उनका इलाज जारी है। वहीं तालगांव कोतवाली इलाके के शाह आलमपुर गांव के निकट अकबरपुर तालगांव मार्ग पर ईटों से भरा ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाइक सवार को ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से बाइक सवार घायल को सीएचसी परसेंडी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विजय शंकर पुत्र चुन्नू लाल उम्र 25 वर्ष निवासी मतुआ कोतवाली लहरपुर किसी काम से सीतापुर जा रहे थे तभी रास्ते में शाह आलमपुर गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली ने ठोकर मार दी इससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। संबंध में कोतवाली प्रभारी दीपक कुमार राय ने बताया ट्रैक्टर ट्राली का चालक मौके से फरार हो गया घायल युवक को प्यार के लिए भेजा गया है ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी की घटना पुलिस का खुलासा, दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी सहित आभूषण बरामद

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त



अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना थानगांव पुलिस टीम द्वारा सुनार की दुकान में हुई चोरी की घटना में प्रकाश में आये कुल दो शातिर अपराधियों मोनू पुत्र कामता लोनिया निवासी लोनियन पुरवा मजरा ग्वारी थाना थानगांव , सुनील उर्फपैदी पुत्र पुत्र स्व. चन्द्रिका निवासी ग्राम चमारन पुरवा मजरा ग्वारी थाना थानगांव को हलीमनगर से रेउसा जाने वाले मार्ग पर भटपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे कुल 35,500/- रुपये नकदी, (बरामद पीली धातु आभूषण कुल वजन- 20.83 ग्राम) एक अदद प्लास्टिक के डिब्बे में 06 कील नाक मय लाक पिन पीली धातु,04 पीस नथ पीली धातु, मंगलसूत्र जिसमें लाकिट लगा है पीली धातु, 02 जोडी कान का झाला पीली धातु, एक अदद प्लास्टिक के डिब्बे में 06 कील नाक 04 बिना लाक पिन, 02 मय लाक पिन ,02 पीस बाली, एक ओंम, तारनुमा छोटी गोल रिंग पीली धातु 16 नग, मंगलसूत्र जिसमें लाकिट लगा है पीली धातु, (बरामद सफेद धातु आभूषण कुल वजन-649 ग्राम) एक प्लास्टिक के डिब्बे में 02 कंगन घुंगरु लगे हुए सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे में पायल पुरानी सफेद धातु, एक प्लास्टिक में डिब्बे में 03 बडे बिछुए नग लगे हुए सफेद धातु तथा 04 छोटे बिछुए सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे में 02 सिक्के सफेद धातु जिस पर जार्च टाकिंग लिखा है, एक प्लास्टिक के डिब्बे 02 प्लटे सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे 07 गोल जन्तुर सफेद धातु, 04 पीस जेन्ट्स अंगूठी सफेद धातु, 07 पीस लेडीज अंगूठी सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे में वाली 10 पीस बाली सफेद धातु व हाय 09 पीस सफेद धातु व 01 पीस ओम सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे में 02 हथफूल सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे में कमर बिछुआ सफेद धातु, एक प्लास्टिक के डिब्बे में कमर बिछुआ चाबी सफेद धातु , एक प्लास्टिक के डिब्बे में 02 जन्तुर चौकोर एक बडा एक छोटा सफेद धातु , विछुए 18 नग वाले सफेद धातु , 18 सादा बिछुवे सफेद धातु बरामद हुए हैं। इसके अतिरिक्त अभियुक्त मोनू उपरोक्त से एक अदद तमंचा 315 बोर देशी व 2 अदद कारतूस जिन्दा, एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पैण्डर बिना नम्बर बरामद हुए है। बरामद मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक ) अप्रैल की रात्रि में हम दोनो ने अपने साथियों के साथ मिलकर देवरिया गांव मे शटर उठाकर व बैठक का दरवाजा जिसकी कुण्डी लकड़ी मे फंसी थी, को तोड़कर चोरी की थी उसमे हमे आपस में जो बंटवारे में माल मिला था बरामद माल उसी से संबंधित है। प्रकरण में थाना थानगांव पर मु0अ0सं0- 55/2025 धारा 305ए/331(4)/317(2)/317(4) बीएनएस पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मोनू उपरोक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है एवम् थाना थानगांव का हिस्ट्रीशीटर अपराधी एचएस नं.05-ए है, इसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबनजी जैसे आपराधिक कृत्यों में जनपद बाराबंकी एवम् सीतापुर में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु.अ.सं. 63/25 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया है।

## गौशाला की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

हरगांव-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रीछिन के दक्षिण



मानकविहीन बन रही गौशाला की दीवार शनिवार को भरभराकर गिर गई दीवार के नीचे दबकर एक मजदूर की मृत्यु हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम रीक्षिन में बनी कान्हा गौशाला का विस्तार हो रहा है जिसमें भूसा रखने के लिए एक शेड बन रहा था जिसके लिए लगभग १० फिट ऊँची दीवार उठाई जा चुकी थी। शनिवार को भी उक्त दीवार पर राजमिस्त्री सहित १०-१२ लोग कार्य कर रहे थे अचानक गौशाला की बनी नई दीवार लगभग ३५ फिट लंबी भरभरा कर गिर गई, दीवार गिरने से मजदूरी कर रहे रीक्षिन निवासी शराफत ३८ वर्ष पुत्र लियाकत व राज मिस्त्री शमीम उर्फचीमू ३५ वर्ष पुत्र रौनक अली गंभीर रूप से घायल हो गये दोनों घायलों एंबुलेंस से सीएचसी ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहाँ पर शराफत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई तथा शमीम का दाहिना हाँथ टूट निकला तथा दोनो पैर की एडी फटी थी जिसका उपचार ट्रामा सेंटर लखीमपुर में चल रहा है। प्रधान प्रतिनिधि इजराइल दोनों का इलाज करवा रहे हैं तथा प्रधान द्वारा ही गौशाला के विस्तारीकरण का निर्माण कराया जा रहा था।

## समाधान दिवस में सुनी गई पीड़ितों की समस्याएं

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। एसडीएम बीके सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह की मौजूदगी में महमूदाबाद कोतवाली में थाना समाधान आयोजित हुआ। इस दौरान आठ प्रार्थनापत्र आए जिनमें से चार का मौके पर समाधान किया गया। सदरपुर में नायब तहसीलदार राकेश कुमार पाल, प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में नौ प्रार्थनापत्र आए।

## हैप्पी रिवर कम्युनिटी के द्वारा जल संरक्षण हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। नगर स्थिति केशव ग्रीन सिटी, में मुकेश अग्रवाल के कार्यालय में हैप्पी रिवर कम्युनिटी के द्वारा जल संरक्षण हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अग्रवाल समिति के अध्यक्ष मुकेश



अग्रवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयी ग़ाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली में अपने कार्यक्रम करने के उपरांत सीतापुर आयी कार रैली का, मुकेश अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अचिन मेहरोत्रा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। हैप्पी रिवर कम्युनिटी के फाउंडर अंबरीश सिंह जल संरक्षण तथा नदियों को दूषित होने से बचाने हेतु विषय पर विस्तार से चर्चा की द्यइस अवसर पर अभिराज अर्चना श्रीवास्तव, मनीष मधुरिका पाण्डेय, उर्मिला राजवंशी, ममता डोडेजा,सर्वेश निषाद, सर्वेश श्रीवास्तव, अनुराग सक्सेना, पूजा बाजपेई, आर्यमा पाण्डेय, निधि वर्मा, आदि वालंटियर्स मौजूद रहे तथा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल,महामंत्री अंकित अग्रवाल,कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, संरक्षक प्रेमचन्द्र अग्रवाल, जय प्रकाश भरतिया, प्रहलाद राय अग्रवाल, रमापति अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, एवम् मंजू मुरारका, मिथिला सर्राफ साधना अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, आकाश बजरंगी, अरविन्द जिन्दल, अशोक अग्रवाल, संदीप भरतिया, वैभव अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल (गोलू), प्रतीक गोयल, केवलराम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अंजनी लाठ, शिवमोहन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, बंसत गोयल, अभिषेक जिंदल, विजय बंसल, रचित एरन, सुनील अग्रवालआदि ने बढ़ चढ़ कर भागेदारी की।

## श्रद्धा मोंटेसरी स्कूल में उपजिलाधिकारी ने किया वार्षिक परीक्षा फल का वितरण

बिसवां-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। श्रद्धा मोंटेसरी स्कूल में वार्षिक




परीक्षा फल का वितरण उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार तहसीलदार बिसवां उमा शंकर त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव(एडवोकेट) के द्वारा माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा तहसीलदार बिसवां द्वारा क्लास में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए हुए बच्चों को शील्ड तथा क्लास में चतुर्थ, पंचम स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। तथा उप जिलाधिकारी बिसवां के द्वारा पूरे विद्यालय परिसर में सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड एवं अन्य बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।तथा विद्यालय के सह प्रबंधक श्री अरुणेश कुमार श्रीवास्तव(एडवोकेट) एवं मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका संदीप कौर के द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त अध्यापिकाएं रुची वर्मा, पूर्णिमा मिश्रा, शिवानी वर्मा, शशी यादव, अंजनी यादव जी तथा समस्त आए हुए अतिथि व अभिभावक गण नीरज श्रीवास्तव(एडवोकेट), संतोष कठेरिया(एडवोकेट),जितेंद्र कुमार मिश्रा(एडवोकेट), विश्व हिन्दू परिषद संघ के कार्यकर्ता प्रेमशंकर बाजपेयी जी तथा अन्य विद्यालय से आए हुए अतिथि रजनीकांत दीक्षित जी, प्रभाष जी, शुएब जी, दिनेश जी को उप जिलाधिकारी बिसवां तथा विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव(एडवोकेट) के द्वारा सम्मानित किया गया। राम मिलन यादव , ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नीरज वर्मा, रामू वर्मा, राजेश्वरी, आदि बहुत से अभिभावक गण लोग मौजूद रहें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव एवं उप प्रधानाचार्या श्रीमती अणिमा श्रीवास्तव जी के द्वारा विद्यालय में आए हुए सभी सम्मानित अतिथियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र की सेवा भाव से काम करती है : संजय मिश्रा



सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। भारतीय जनता पार्टी के ४६ वे स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव चलो वार्ड चलो अभियान के तहत कल प्रेम नगर शक्ति केंद्र में बूथ संख्या २२७ पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ घर-घर जाकर संपर्क किया तथा मोदी व योगी सरकार की उपलब्धियां के पत्रक लोगो मे वितरित कर वार्ड के वरिष्ठ प्रतिष्ठित जनों को माला पहनकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र की सेवा भाव से काम करती है समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। इस अवसर बूथ समिति की बैठक में पार्टी की रीति नीति व आगामी कार्यक्रमों की सफलता पर चर्चा की गई। मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर शोभा यात्रा निकाली गई। वार्ड में डाक्टर खन्ना,सरदार कुलवंत सिंह,डाक्टर सिंधी,प्रताप सहित वरिष्ठ व प्रतिष्ठित जनों का सम्मान किया गया।इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष शशांक शेखर सिंह, शैलेंद्र मिश्रा बड़कऊ, शक्ति केंद्र संयोजक सरदार कुल्तार सिंह,वार्ड अध्यक्ष अमित बागवानी, बूथ अध्यक्ष मंगतराम,छत्रपाल बघेल, संदीप कश्यप, कमल शुक्ला, मोनू साहनी आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के ४६वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित गांव/वार्ड चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी के निर्देश पर सागर गुप्ता ने वार्ड तारीनपुर में प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भेंटकर उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम ८ वर्षों की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

## मन्दिरों में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। वही नगर के जेलरोड स्थित बड़े हनुमान मन्दिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान भक्तो ने अपनी आस्था दिखाते हुये हनुमान जी का विधिवत पूजन अर्चन कर प्रसाद अर्पण करने के पश्चात लोगो में प्रसाद किया गया। वही छींगालाल प्रतिष्ठान के बंटी ने भी भक्तो को प्रसाद वितरण कर किया। वही पूरे जनपद में हनुमान भक्तो ने हनुमान जी का पूजन अर्चन के पश्चान वितरण किया गया।

# धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** मेन रोड पर किशोर चंद करना इंटर कॉलेज में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर हनुमान जी की पूजा,भोग विधिपूर्वक पूजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस साल भी बड़े ही धूम धाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र अग्रवाल ने हनुमान जी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं विद्यालय शिक्षक में भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डाक्टर वीनू सिंह ने बताया कि गांव में यह आयोजन हर बर्ष किया जा रहा है। हमारा धर्म हमारे देवी देवताओं की आराधना करने की सीख देता है। इससे जहां समाज में अनुशासनिक परंपरा विकसित होती है तो वहीं लोगों में श्रद्धभाव बढ़ता है। फूल माला पहनाकर हनुमान जी की पूजा की। इसके साथ ही हवन पूजन व आरती के साथ ही प्रसाद वितरण किया। इस दौरान दौरान विद्यालय में कुंवर सेन निमिषा पांडेय मुकेश गंगवार आयुष,अग्रवाल कमलकांत मिश्रा छवि अग्रवाल संध्या शर्मा नीलम सिंह संगीता शर्मा साक्षी गंगवार श्रद्धा शर्मा,रेनू यादव, रुचि, प्रीति,मंजुला, अंजू, ममता,नमिता, कंचन,इत्यादि सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे प्रधानाचार्या के द्वारा सभी को हनुमान जयंती की बधाई दी गई और बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की।





हनुमानजी जन्मोत्सव पर मन्दिरों में कराए भंडारे।

फतेहगंज पूर्वी। शनिवार को प्रभु श्रीराम के भक्तों में सर्वश्रेष्ठ हनुमानजी के जन्मोत्सव पर नगर से लेकर देहात के मंदिरों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के साथ अखण्ड पाठ रामायण के आयोजन किये गए।विश्व हिंदू परिषद के राजीव शर्मा, संजीव शर्मा, पंकज अग्रवाल, यशपाल सिंह रामु, सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नगर के मंदिरों पर पण्डित उमेश चन्द्र शास्त्री द्वारा आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।नई कॉलोनी के बाला जी मन्दिर पर महंत चंद्रप्रकाश, पवन प्रजापति द्वारा अखण्ड पाठ के साथ जागरण के बाद हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया।दातागंज मार्ग पर भी अखण्ड पाठ के आयोजन के बाद नगर के पंडित उमेश चन्द्र शास्त्री द्वारा हवन पूजन करवाकर आयोजक रवि प्रकाश मिश्रा, टीटू अग्रवाल, राजीव गुप्ता, द्वारा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।





**हनुमान जनमोत्सव पर १०८ हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन**

प्राचीन काली देवी मंदिर चाहवाई समिति द्वारा आयोजित शनिवार को हनुमान जनमोत्सव पर 108 हनुमान चालीसा पाठ किया गया जिसमें सामूहिक रूप से भक्तों ने भाग लिया चालीसा के बाद सुंदरकांड भजन संध्या का आयोजन किया गया बड़ी दूर से आय भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर अनेक सामग्री का भोग लगाया लोगों ने दक्षिण मुखी हनुमान जी के दर्शन किए उसके बाद महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया भजन संध्या में शालिनी श्रीवतास्तव , मिनी शर्मा, मीरा देवल , बीना जौहरी , नूतन देवल ने मधुर भजनों से सभी को विभोर किया।

**हनुमान जन्मोत्सव पर बाला जी मंदिर करगैना पर धूमधाम हर्षोल्लास से मनाया गया**
**देशी घी के ग्यारह हजार लड्डुओं का लगा भोग**

बदायूं रोड करगैना श्री बालाजी दरबार मंदिर और श्री राम दरबार मंदिर पर हनुमान जयंती पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह 4 बजे से भक्तों की लम्बी लाइने लग गई थी। जिसमें मुख्य आकर्षण 11000 लड्डुओं का भोग व भंडारा, यज्ञ शामिल रहे। उसके बाद केक काटकर हनुमान जयंती मनाई सभी श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर भगवान राम सीता , हनुमान , बाला जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर बड़े गुरु जी इंद्र प्रकाश जी ,छोटे गुरु जी अमर चंद्र गोस्वामी जी,पंडित हर्षित उपाध्याय गिरीश गोस्वामी से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पंकज पाठक मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय हिन्दू महासभा,कोषाध्यक्ष गिरीश गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, संजीव गोस्वामी, नौबत राम भईया ,राकेश कठेरिया, राम प्रकाश, राज कपूर, किसान एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ रवि नागर ,अशोक लाला जी आदि शामिल रहे।

## हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर पर महावीर जयंती के उपलक्ष में हनुमान चालीसा का पाठ किया

### जय बजरंगबली के नारों का जय घोष किया

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** ग्राम केसरपुर में शिव गंगा स्थित मंदिर पर हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महावीर जयंती के उपलक्ष में हनुमान चालीसा का पाठ कर जय श्री राम व जय हनुमत वीर के जयकारे लगाये गये। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। पुलिस को भनक लगते ही थाना भुता पुलिस भारी फोर्स पर के साथ मंदिर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहुंची। ग्राम केसरपुर में शिव गंगा मंदिर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने महावीर जयंती के उपलक्ष में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।बाद में लवजिहाद के बारे में भी कार्यकर्ताओं से चर्चा हुई तथा कुछ नव कार्यकर्ता संगठन में शामिल हुए। तत्पश्चात जय श्री राम का जय घोष करके, जय बजरंग वली के जयकारे लगाये गये। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता झांकी रैली निकाल कर नयी परंपरा डालने की पुलिस को भनक लगी । तभी थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह भारी फोर्स बल के साथ शिवगंगा मंदिर पर पहुंच कर वहां उपस्थित जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं समझाकर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। जिस पर जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं आगे का कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार फौजी, आकाश कुमार खंड कार्यवाह ,अरविंद कुमार, देवेंद्र कुमार, हिमांशु पटेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

फरीदपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी के साथ घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने के मामले में दर्ज मुकदमे में आरोपी युवक को पुलिस ने पितांबरपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक किशोरी के साथ 2 अप्रैल को गांव के ही रहने वाले युवक अजीत सिंह ने उसके घर में घुस कर किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म कर मारपीट की थी जिसका किशोरी के परिजनो ने फरीदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी पुलिस की नजरो से फरार चल रहा था जिसको पुलिस तलाश करने में जुटी हुई थी मुखविर द्वारा सूचना मिलने पर शुक्रवार को थाना पुलिस में उपरोक्त आरोपियों को पितांबरपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया।

## पत्नी से झगड़ रहे बेटे ने बचाव को आए पिता को मौत के घाट उतारा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नवाबगंज में एक शख्स अपने पिता के खून का प्यासा बन गया। धारदार हथियार से गला रेतकर बाप को मौत के घाट उतार दिया। बीच बचाव को आई मां पर धारदार हथियार से वार किए जिसमें मां घायल हुई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन बाद में ग्रामीणों ने पकड़कर उसे पुलिस के हवाल कर दिया।

पूरा मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र की मिलक पिछौड़ा के गांव मझरा इनायतपुर का है। छत्रपाल नाम का शख्स शुक्रवार देर रात अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा था। शराब के नशे में उसने पत्नी को पीटना शुरू किया तो 70 वर्षीय पिता लालाराम बहू को बचाने आए। लेकिन छत्रपाल ने पिता पर ही दराती से हमला कर दिया। आरोपी छत्रपाल ने पिता का गला बुरी तरह रेत दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर मां को भी हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी ने घर से फरार होने का प्रयास किया। लेकिन शोर मचा तो ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।





बहू को मनाकर लाये थे लालाराम

अपने शराबी पति छत्रपाल से पत्नी का आए दिन विवाद होता था। शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट भी करता था। जिससे नाराज होकर उसकी पत्नी मायके चली गई थी। छत्रपाल के पिता अपनी जिम्मेदारी पर बहू को उसके मायके से वापस ले आए थे। लेकिन बेटा आदत से बाज नहीं आया। पत्नी के साथ हो रहे झगड़े के दौरान पिता को ही मौत के घाट उतार दिया।

पहली पत्नी की हुई थी संदिग्ध मौत

छत्रपाल की दूसरी शादी हुई थी। 10 साल पहले उसकी पत्नी की भी संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई थी। गांव में चर्चा है कि छत्रपाल अपनी पहली पत्नी से भी इसी तरह झगड़ा किया करता था। उसके दो बच्चे एक लड़का व एक लड़की है। लाला राम के चार लड़के हैं जिसमें छत्रपाल तीसरे नंबर का है। सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है

## खबर एक नजर

### एसपी सिटी, सीओ ने संवेदनशील स्थानों, मंदिरों, और प्रमुख मार्गो का किया निरीक्षण



**बरेली।** हनुमान जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर और सीओ फर्स्ट के द्वारा मंदिरों शहर क्षेत्रांतर्गत सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न संवेदनशील स्थानों, मंदिरों, और प्रमुख मार्गो का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों, पुलिस बल, और अन्य अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, और आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर पर दें।

### जाट महासम्मेलन आज

**बरेली।** जाट महासभा समिति बरेली की जिला कमेटी एवं सभी तहसीलों के सदस्यों की बैठक चौधरी राजेश सिंह मलिक अध्यक्ष जाट महासभा बरेली की अध्यक्षता में की गई जिसमें आगामी 'जाट महासम्मेलन', जो 13 अप्रैल, रविवार को प्रातः 10 बजे स्थान सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल करमपुर चौधरी नैनीताल रोड पर आयोजित किया जा रहा है, उसकी तैयारियों पर चर्चा की गयी। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष ने इस सम्मेलन में बरेली जिले के जाट समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने का आवाहन किया गया साथ ही उन्होंने सम्मेलन में महिलाओं, बच्चों की अधिक से अधिक भागीदारी रहने का आह्वान किया है। बताया गया कि इस महासम्मेलन की अध्यक्षता डॉक्टर आईएस तोमर पूर्व मेयर के द्वारा की जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह एवं राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी केपी सिंह मलिक विशिष्ट अतिथि होंगे।

बैठक में चौधरी सुरेंद्र सिंह मलिक महासचिव जाट महासभा, कुंवर जेपी सिंह, चौधरी धर्मेंद्र सिंह, जेपीएस तोमर, केपी सिंह, कुलदीप सिंह पवार उपाध्यक्ष जाट महासभा, विपिन सिंह, विधि सलाहकार जाट महासभा चौधरी मृगेंद्र सिंह एडवोकेट, विशाल चौधरी, चौधरी प्रेमवीर सिंह, प्रदीप सिंह, प्रमोद चौधरी, राजबल सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### 33 केवी लाइन पर टहनियां गिरने से बारह घण्टे बिजली रही गायब

**फतेहगंज पूर्वी।** नगर के बिजलीघर पर अंधरपुरा फीडर से आने वाली 33 केवी लाइन पर कल रात दस बजे तेज रफ्तार से हवा चलने के कारण पे?ो की टहनियां गिरने से बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी।जिसके कारण पूरी रात भर बिजली गायब रही थी।शनिवार सुबह विजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जब लाइन पर फॉल्ट तलाशने के लिए निकले तो उन लोगों को कई जगह लाइन पर पेंडो की टहनियां गिरी हुई मिली।जिसके बाद कर्मचारियों द्वारा टहनीयों को हटाया गया तब जाकर दिन के दस बजे बिजली सप्लाई चालू हो पाई।जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। फतेहगंज पूर्वी विधुत उपकेंद्र के जेई रामसिंह द्वारा बताया गया कि 33 केवी लाइन पर पेड़ की टहनियों के गिरने के कारण सप्लाई बंद हुई थी टहनीयों को हटवाकर सप्लाई चालू कर दी गई।

### एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**बरेली।** थाना फरीदपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को एक नाजायज तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त संजू उर्फ मिथुन पुत्र कल्याण सिंह निवासी शांति नगर थाना फरीदपुर को सेंट मैरी स्कूल से कर्बला तिराहे से एक नाजायज तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना फरीदपुर पर अभियुक्त संजू उर्फ मिथुन उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, उनि शिवम कुमार, कांस्टेबल अंकित कुमार, अजय तोमर , नीटू मलिक मौजूद रहे।

### ऑटो पलटने से चार महिलाएं घायल

**बरेली।** ऑटो में बैठकर फैक्ट्री को काम पर जा महिलाओं से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चार महिलाएं घायल हो हो गई। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव ढकरोली निवासी चार महिलाएं उन्नति पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र , कविता पत्नी खुशीराम, करुणा पत्नी भगवानदास, अमरवती पत्नी महेश घर से फरीदपुर प्लाई बोर्ड फैक्ट्री में काम करने जा रही थी रास्ते में सड़क टूटी होने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

# आम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला किशोर का शव

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा मौत का खुलासा

-स्वतंत्र भारत-



**भुता।** क्षेत्र के ग्राम खजुरिया संपत में एक 23 वर्षीय एक युवक का शव ब्रह्मचारी बाबा मंदिर के पास बाग में आम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटकता शव ग्रामीणों ने देखा। तो इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे ग्राम दलपतपुर थाना बिथरी चैनपुर निवासी बबलू सिंह ने अपने बेटे के रूप में पहचान की। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बाद में पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेज दिया है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। लेकिन अभी किसी के विरुद्ध कोई थाने में तहरीर नहीं दी है।

ग्राम दलपतपुर थाना बिथरी चैनपुर निवासी बबलू सिंह ने बताया 10 अप्रैल 25 को पानी लेकर खेत पर आया इसके बाद वह वहां से घर को कहकर वापस चला गया लेकिन देर शाम तक घर न पहुंचने पर हम परिवार जनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन इसका कोई सुराग नहीं लग पाया। आज शनिवार सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर खजुरिया संपत ब्रह्मचारी बाबा मंदिर पास बाग में आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे में अपने बेटे गोविंद का 23 वर्षीय शव लटका देखा। अचानक बेटे का शव देखकर हतप्रभ रह गए। तभी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल की गई। बाद में पुलिस ने शव को उतार कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेज दिया। मृतक के पास एक पानी की बोतल एक शराब का पव्वा एवं मोटरसाइकिल बरामद हुई है। मृतक की शादी नहीं हुई है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक के पिता कृषि कार्य करते हैं।

इधर थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह का कहना है की प्रथम दृष्टता मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा की हत्या है आत्महत्या इसके बाद ही अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रा.वि. मटिया नगला में भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव सप्ताह का आगाज़

### डॉ. अमित शर्मा ने पीपीटी व वीडियोज के माध्यम से दिखाई भारत रत्न डॉ. आंबेडकर के जीवन की सुंदर झांकी

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** बीएसए बरेली संजय सिंह व बीईओ फरीदपुर, शीशपाल के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय मटिया नगला में भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव सप्ताह का शानदार आगाज़ हुआ। इस अवसर पर डॉ. बी आर आंबेडकर बाल संसद का पुनर्गठन भी किया गया और राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के प्रधान अध्यापक डॉ. अमित शर्मा ने पीपीटी व विडियोज के माध्यम से भारत रत्न डॉ. आंबेडकर के जीवन की सुंदर झांकी विद्यार्थियों के सम्मुख प्रस्तुत की और उनके अद्वितीय योगदान और कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि डॉ. बी आर आंबेडकर जी के जयंती को हर वर्ष की भांति समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है और विद्यार्थियों हेतु डॉ अंबेडकर जी पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण, निबंध, कविता तथा अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर बाल संसद का पुनर्गठन विद्यार्थियों द्वारा मतदान करके किया गया। बाल संसद में प्रधान मंत्री पद हेतु पड़ोसी गांव दिथोका से प्राथमिक विद्यालय मटिया नगला में नामांकित छात्रा खुश्बू, उपप्रधान मंत्री पद हेतु प्रतीक व एकता का चुनाव किया गया।




पर्यावरण मंत्री उदयभान व आशीष, विदेश मंत्री जिगिनिया ग्राम के आदित्य और दिथोका के अनुराग व विनीत को चुना गया। बुलावा टोली मंत्री पर विष्णु, सूर्याश, नैतिक, ललित चयनित हुए। स्वास्थ्य मंत्री पद पर खुशबू का चयन किया गया। ऊर्जा मंत्री आदित्य, जल मंत्री शनि, आशीष, सूर्यांश व नैतिक, क्रीड़ा मंत्री सौम्या, खुश्मन व अनुक्षा चुनी गई। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री पद पर प्रखर, खुश्बू व ऋषभ का चुनाव किया गया। खोया पाया मंत्रालय की जिम्मेदारी खुशमन को दी गई तो वहीं पुस्तकालय मंत्रालय हेतु राघव एकता व प्रतीक चुने गए। सहायक अध्यापक लोचन सिंह, राहुल जैन, शिक्षा मित्र विमलेश्वरी देवी, और आँगन बाड़ी प्रीति के साथ ही रूपवती, धन देवी और सोमवती का विशेष सहयोग रहा।

## जीआरएम में विद्यालयी संसद का गठन नए पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** जीआरएम स्कूल नैनीताल रोड ब्रांच में विद्यालयी संसद 2025 - 26 का गठन किया गया। सभी सदस्यों को विद्यालय प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने बैज लगाकर एवं शैश पहनाकर सम्मानित किया। आज का समारोह प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राहुल मैसी ने किया। नवगठित विद्यालयी संसद में अक्ष सक्सेना को हेड ब्वॉय और अंशिता तिवारी को हेड गर्ल चुना गया है। प्रखर मिश्रा व अवीका स्पोर्ट्स कैप्टन बनाए गए हैं। अक्षत मोहन व देवना सक्सेना एमरेल्ड सदन के कप्तान चुने गए हैं। चरण प्रीत सिंह चीमा व गौरी गोयल को रूबी सदन का कैप्टन बनाया गया है। कुशाग्र सारस्वत व सार्वी विश्नोई को सफायर सदन की तथा लक्ष्य अग्रवाल व केशवी गुप्ता को टोपाज सदन की कप्तानी सौंपी गई है। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज ही चारों सदनों के नए टीचर इंचार्जेस भी घोषित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने विद्यालयी संसद के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। समस्त विद्यालय में आज उत्सव का माहौल था। सभी विद्यार्थी अपने अपने सदनों के अनुसार सदन के गण वेश में थे। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थीगण एवम अध्यापक वृंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाउस कनवेनर मनीष बोरा एवम क्रीड़ा विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शिक्षक नवीन नामांकन को लेकर अपना रहे नए तरीके




-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** शिक्षकों द्वारा नामांकन के लिए नए तरीकों को अपनाने का मतलब है शिक्षण में नवाचार करना। इसका मतलब है कि शिक्षण प्रक्रिया में सुधार करना, छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित करना और एक ऐसी शिक्षण व्यवस्था बनाना जो सभी छात्रों की जरूरत को पूरा करें। इसी उपलक्ष्य में

विद्यालय के प्र0 अ0 अमीरचंद ने बताया कि अभी विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है । अभी तक विद्यालय में 90 बच्चों का नामांकन हो चुका है ।स0 अ0 जितेंद्र सिंह ने बताया शासन से प्राप्त निर्देशानुसार स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई ,साथ ही ग्राम वासियों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रोत्साहित किया गया। गांव में पंपलेट छपवाकर घर-घर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन करने की। अपील करी जा रही है ।इसके साथ ही संचारी रोगों से संबंधित जानकारी का भी प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर प्रअ अमीरचंद ,रामनिवास डॉ वीरेश, शालिनी ,अंजू आदि स्टाफ और ग्राम प्रधान,एसएमसी अध्यक्ष व सदस्य गण उपस्थित रहे।

## झंडी यात्रा में भांगड़ा बजाने पर पुलिस ने कहा, नई परम्परा नहीं डाली जाएगी

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर** हनुमान जयंती के अवसर पर गांव नौगवा में गोला वाले बालाजी मंदिर पर महंत चंद्र प्रकाश द्वारा मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। अखंड रामायण पाठ के समापन के उपरांत शनिवार को मंदिर पर हवन पूजन के उपरांत दोपहर समय लगभग 11:00 बजे बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं बच्चों एवं पुरुषों ने महंत जी के नेतृत्व में नौगवा मोड़ से मंदिर तक झडी यात्रा निकाली। झडी यात्रा निकाले जाने के दौरान हनुमान भक्तों द्वारा भांगड़ा बजाने को लेकर मौजूद पुलिस बल के बीच विवाद हो गया पुलिस ने झडी यात्रा में भांगड़ा बजाने की नई परंपरा डाले जाने पर रोक लगा दी जिसे लेकर काफी देर तक विवाद होता रहा इसके उपरांत मंदिर के महंत द्वारा लोगों को समझाकर मामला शांत करा दिया गया और बगैर भांगडे के ही झंडी यात्रा निकाली गई। झडी यात्रा का मंदिर पर पहुंच कर समापन हो गया इसके बाद मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भंडारे में शामिल होकर बालाजी महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। नगर के लाइन पर मठिया मंदिर पर बड़े ही धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाई गई सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारे मैं पहुंच कर भक्त प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज, राम जानकी अस्थल मंदिर एवं नगर के कई मंदिरों पर हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया और भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

# अतिक्रमण के प्रति जागरूक हो व्यापारी वर्ग



शाहाबाद ( हरदोई )। स्वतंत्र भारत

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने कोतवाल बृजेश कुमार राय की तेजतर्रारी और कर्तव्यनिष्ठता से प्रभावित होकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया और व्यापारियों ने राधा कृष्ण जी का चित्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कोतवाल ने व्यापारी नेताओं से एक घंटे की बैठक करके उनकी समस्याएं सुनकर समाधान भी सुझाए। कोतवाल राय ने कहा कि दूसरों की आलोचना से पहले खुद में भी सुधार जरूरी है। उन्होंने अतिक्रमण के प्रति व्यापारियों को जागरूक करते हुए अपने दुकानों की सामग्री को दुकान के अंदर ही सजाने को कहा। क्योंकि दुकानों के बाहर सामग्री लगाने से अक्सर जाम की स्थित पैदा हो जाती है। दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाने की सलाह दी। और अपने आसपास की किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत जानकारी पुलिस को देने को कहा। कोतवाल बृजेश कुमार राय ने कहा कि उनकी मंशा रहती है कि पीड़ित को उचित न्याय अवश्य मिले। उन्होंने कहा कि दोषी को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। नगर की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। व्यापारी वर्ग के पदाधिकारियों ने कोतवाल के निष्पक्ष और सख्त कार्यशैली की सराहना करते हुए व्यापारियों द्वारा हर संभव सहयोग की बात कही और आशा व्यक्त की, कि उनके कार्यकाल में कानून व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र राणा, उपाध्यक्ष नीरज नरूला, मंत्री दिनेश बर्मा, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश रस्तोगी, अनूप राठौर, राकेश राठौर, विशाल गुप्ता, राजीव गुप्ता, संगठन मन्त्री राजन राठौर आदि मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था और अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठा-रामज्ञान

## हरपालपुर में हुई समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत

हरदोई। स्वतंत्र भारत




सवायजपुर विधानसभा के गांव बम्हाटापुर में पीडीए जन पंचायत को सम्बोधित करते समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा।

रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। हर जिले महिलाओं, बहन, बेटियों के साथ अपराध की घटनाएं हो रही है। महिलाएं असुरक्षित है। भाजपा सरकार झूठी है। कानून व्यवस्था और अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठा है। बीएचयू में एक बेटी पढ़ती थी, उसके साथ बलात्कार की घटना हुई।

उस घटना में शामिल सब लोग भाजपा के थे। भाजपा सरकार हर तरह से फेल हो गयी है। भाजपा का रास्ता नफरत भरा है। भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए महंगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था, बिजली जैसी बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे फैसले लेती है जिससे लोगों का ध्यान बांटा जाए। रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है।

सरकार में बैठे लोग संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे है। जाति-धर्म और पार्टी के देखकर उनके साथ भेदभाव करते है। विपक्ष को दबाने के लिए साजिश किया जा रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। संविधान हम सबके अधिकारों का रक्षक है। हम सबकी ढाल है। भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। बाबा साहब के संविधान को कमजोर कर रही है।

रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सब परेशान हैं। इस सरकार ने जीएसटी लाकर महंगाई बढ़ा दी। व्यापार और कारोबार को बर्बाद कर दिया। पीडीए से भाजपा घबराई हुई है भाजपा सरकार की साख लगातार गिर रही है। जनता का हर वर्ग परेशान है जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करने के लिए संकल्पित है।

इस मौके पर मुख्य रूप से सपा नेता अवनीश यादव, रणधीर कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव दीपू, सीताराम राजवंशी, श्रीपाल कुशवाहा, राजीव यादव गुड्डू, राम लखन कुशवाहा, रामप्रसाद राजवंशी, राम लखन राजवंशी, रामवीर कुशवाह, मोतीलाल कुशवाहा, राजपाल कुशवाहा, राजकुमार राजवंशी, हरिराम पाल, हरिशंकर पाल, आदि लोग मौजूद रहे।

# खबर एक नजर

## मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्त में



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र के कस्बे में बाइक और ई रिक्शा की टक्कर में युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में 11 अप्रैल को प्रखर गुप्ता उर्फ वाशु पुत्र आशीष कुमार निवासी मोहल्ला गंगारामपुर द्वारा थाना मल्लावां पर तहरीर दी गई कि जुनैद पुत्र शकील, उमेर पुत्र शकील, सैय्यद अहमद पुत्र इरशाद अहमद निवासीगण ग्राम बन्दीपुर मल्लावां व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के साथ मोटरसाइकिल की ई-रिक्शा से टक्कर होने को लेकर गाली-गलौज व मारपीट की गयी। इस संबंध में तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना मल्लावां के उपनिरीक्षक जगदीश कुमार व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित जुनैद पुत्र शकील, उमैर पुत्र शकील, सैय्यद अहमद पुत्र इरशाद अहमद तथा प्रकाश में आए शकील पुत्र इनायुतल्ला सर्वनिवासीगण ग्राम बन्दीपुर मल्लावां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जनपद के पाली कस्बे में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में शनिवार को पाली थाना परिसर में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार ने मंदिर के पुजारी निर्दोष कुमार मिश्रा के साथ सर्वप्रथम हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती उतारी और लड्डुओं का भोग लगाकर प्रार्थना की गई। वहाँ मौजूद समस्त पुलिस स्टॉफ सहित सभी लोगों ने हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहां मौजूद सभी हनुमान भक्तों ने बजरंग बली के जयकारों से थाना परिसर को गुंजायमान कर दिया। इसी के साथ थाना परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज में सैकड़ों कन्याओं सहित काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का परसाद प्राप्त कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का क्रम सुबह से दोपहर तक चलता रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज उमेश तिवारी, उपनिरीक्षक रामौतार, उपनिरीक्षक विशाल तिवारी, महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह, कांस्टेबल अंबुज तिवारी, कांस्टेबल सचिन, महिला कांस्टेबल कीर्ति चैहान, सहित समस्त पुलिस स्टॉफ के अतिरिक्त काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## चोरी की ट्राली सहित तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जनपद के बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योरापुर से घर के बाहर खड़ी ट्राली चोरी करने के मामले में पुलिस नामजद सहित तीन आरोपियों को चोरी की ट्राली सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण 8 अप्रैल को प्रदीप कुमार पुत्र श्री राम पंडित निवासी ग्राम ब्यौरापुर द्वारा थाना बघौली पर तहरीर दी गई कि अमन अवस्थी पुत्र मुकेश अवस्थी व राजीव अवस्थी पुत्र रमेश अवस्थी निवासीगण ग्राम उमरारी थाना बघौली सहित 04 लोगों द्वारा उसके घर के पास खड़ी उनकी ट्राली को चोरी कर लिया गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी थाना बघौली के उपनिरीक्षक कैलाशनाथ यादव, धर्मराज व पुलिस बल द्वारा नामजद अमन अवस्थी पुत्र मुकेश अवस्थी, राजीव अवस्थी पुत्र रमेश अवस्थी तथा प्रकाश में आए अमित तिवारी पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम नेवादा मजरा थाना बघौली को चोरी की गई ट्राली सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों को जेल भेज दिया है।

## परिवार को घायल करने वाले तीन गिरफ्त में



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र में गाड़ी से खाद उतारने को लेकर हुए विवाद में एक परिवार को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में 9 अप्रैल को कल्लू उर्फ बाबू पुत्र श्यामबाबू निवासी मोहल्ला नटपुरवा द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गयी। गोविंद पुत्र साहबलाल निवासी मोहल्ला रावणपुरवा नटपुरवा थाना बिलग्राम, मुकेश पुत्र जवाहर निवासी ग्राम भीखपुर थाना सांडी, सूरज पुत्र सर्वेश निवासी चैधरीपुर थाना सांडी सहित 06 नामजद अभियुक्तगण द्वारा गाडी से खाद उतारने को लेकर वादी व वादी के परिजनों के साथ गाली गलौज व मारपीट की गयी। जिसमें उसके माता पिता व भाई घायल हो गए। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना बिलग्राम के प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव, उपनिरीक्षक अजय तोमर, प्रदीप कुमार द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद गोविंद पुत्र साहबलाल, मुकेश पुत्र जवाहर, सूरज पुत्र सर्वेश को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस कर्मियों सहित पांच पर घर में घुसकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखापुर निवासी महिला ने पुलिस कर्मियों सहित पांच लोगों पर घर से जबरदस्ती बाइक जेवर नगदी चुराने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता बानो पत्नी साबिर के अनुसार उसने अपने पुत्र चांद मियां का विवाह कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार निवासी मुबीन की पुत्री फरहीन के साथ 24 सितंबर 2016 को किया था। उसके पुत्र और बहू की विवाह के कुछ दिन बाद से ही अनबन हो गई थी। बहू ने उसके पुत्र के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उसका पुत्र एक अन्य मुकदमे में जेल में था।

उसी बीच 8 जुलाई 24 को उसकी बहू अपने साथ नुरैन पुत्र हमीद निवासी महुआ टोला, अयान पुत्र मुईन निवासी गजहा व कोतवाली में तैनात दो सिपाही लेकर उसके घर में घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर बाइक, दो लाख रुपए के जेवर और ट्राली बेचकर घर में रखे पंद्रह हजार रूपये उठा ले गए। मोहल्ले वालों ने घटना का वीडियो बना लिया था। घटना में पुलिस कर्मियों की सांलिप्तता होने के कारण पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। उसने 20 अगस्त 24 को एसपी सहित उच्चाधिकारियों को कई शिकायती पत्र भेजे वह स्वयं भी 9 सितंबर 24 को एसपी के सामने पेश हुई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पुलिस कर्मियों सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर इब्नेजई निवासी महिला ने मोहल्ले के युवक पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त विवरण में पीड़िता रेनू पत्नी महेंद्र के अनुसार वह 9 अप्रैल की शाम को अपने पुत्र के साथ दवा लेकर वापस घर लौट रही थी। मोहल्ले निवासी अनवार पुत्र वसीम ने उसका हाथ पकड़ने का प्रयास किया तो उसने थप्पड़ मार दिया। इसी बात पर विपक्षी ने उसे गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार का नवम कुंडली महायज्ञ संपन्न



हरदोई, हरियावाँ। स्वतंत्र भारत

अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा सोमई में नवम कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन दिनांक 12 अप्रैल से 15 अप्रैल के मध्य होने जा रहा है। जिसकी कलश यात्रा आज प्रातः 9रू00 बजे से निकाली जानी थी। किंतु आंधी पानी तूफान के कारण काफी बड़ी कठिनाईपैदा हुई। फील्ड में पानी भर गया जिसके कारण जिस स्थान से कलश यात्रा निकालनी थी वहां की अपेक्षा कन्या विद्यालय सुम ई के बाहर प्रांगण से कलश यात्रा विषम परिस्थितियों में निकाली गई। इसमें ग्राम सुमईबसोहा आदि गांवों की महिलाओं पुरुषों ने भारी संख्या में भाग लिया यह कलश यात्रा कन्या प्राइमरी विद्यालय सुमईके प्रांगण से निकल कर भ्रमण करते हुए गोड़ा खेड़ा मारयी वासी होते हुए पुनः कन्या प्राइमरी विद्यालय सुमईपर पहुंची। इस कलश यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया जलपान की व्यवस्था बनाई गई सभी महिलाएं पीत वस्त्र धारण किए हुए पंक्तिबद्ध होकर हम सुधरेंगे युग सुधरे गा हम बदलेंगे युग बदलेगा जैसी करनी वैसा फल आज नहीं तो निश्चय कल गायत्री माता की जय शांतिकुंज हरिद्वार की जय आदि जय घोष लगाते चल रहे थे कलसो का मुख्य पूजन रणवी ने सिपतनीक किया इस कार्यक्रम में नगर हरदोई के परिजन पाठ कुआं आदि शाखों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सायं काल की बेला 6 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण की कथा का कार्यक्रम रहेगा प्रत्येक दिन प्रात 8 बजे यज्ञ होगा और कल की बेला में प्रज्ञा पुराण कथा होगी 15 अप्रैल को कार्यक्रमका समापन दोपहर 12 बजे होगा इसमें यज्ञ की पूरण आहुति की जाएगी तथा इसी मंच से टोली की विदाई दी जाए।

# पुलिस ने लापता बालक को बरामद कर परिजनों को सौंपा

हरदोई। स्वतंत्र भारत



कोतवाली शहर थाना क्षेत्र से शनिवार को लापता हुए बच्चे के मामले में पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर परिजनों के सुपुर्द किया है। प्राप्त विवरण में 12 अप्रैल को एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली शहर पर सूचना दी गयी कि उनका 05 वर्षीय पुत्र घर से बिना बताये कही चला गया है तथा काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। इस सूचना पर कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चे की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपहत या गुमशुदा बच्चों बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन स्माईल के क्रम में कोतवाली शहर पर गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक प्रिंस कुमार, आदित्य कुमार द्वारा गुमशुदा बच्चे के संबंध में स्थानीय व्यक्तियोंध्सोशल मीडिया आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद किया गया एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा कोतवाली शहर पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त किया।

# लेखाकारों की तैनाती को न्याय संगत बनाया जाये

हरदोई। स्वतंत्र भारत

विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में विकास खण्डो में लेखाकारों की तैनाती के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखाकारों की तैनाती को न्याय संगत बनाया जाये। विकास खण्डो का क्लस्टर बनाकर तैनाती की जाये। एक लेखाकार को सटे हुए विकास खण्ड आवंटित किये जाएं। 5 वर्ष से एक ही विकास खण्ड में तैनात लेखाकार व वरिष्ठ लिपिक को अन्य विकास खण्ड में स्थानांतरित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांव चलो अभियान में ब्लॉक प्रमुख ने घर घर जाकर बताई योजनाएं



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** टड़ियावा भाजपा ने हाईकमान के निर्देश पर जनपद में गांव चलो अभियान चलाया। इस अभियान के तहत युवा भाजपा नेता व टड़ियावां ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश ने इलाके के जयराजपुर व गौराडांडा गांव में घर- घर जाकर बुजुर्ग- महिलाओं को योगी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने व जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया और उन्हें पत्रक भी बांटे। इसके उपरांत गौराडांडा गांव के समाजसेवी रामनरेश अवस्थी के आवास पर पहुंचे और वहां कार्यकर्ताओं का हालचाल लिया। ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने मौजूद लोंगो की समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि व पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्ला, सुधीर अवस्थी, भाजपा बूथ अध्यक्ष कुलदीप अवस्थी, तुषार, विशाल, राकेश शुक्ला, अरविंद, शिवचंद्र, रामचंद्र, अशोक गुप्ता आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# थाना दिवस की शिकायतों का समय से न्यायपूर्ण निस्तारण करें-दीक्षा जोशी

शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत



शनिवार को कोतवाली शाहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कुल 20 शिकायतें आईं जिनमे से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को न्यायपूर्ण ढंग से समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। फरियादियों की समस्त समस्याओं का एक स्थान पर न्यायपूर्ण निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस और तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। शनिवार को कोतवाली परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम श्रीमती जोशी ने उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को न्याय पूर्ण तरीके से ससमय थाना दिवस की शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सार्वजनिक सरकारी व निजी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर राजस्व और पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच कर अवैध कब्जेदार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। सीओ अनुज मिश्रा ने कहा थाना क्षेत्र में रात्रि गस्त पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि अपराधों को रोका जा सके। फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में सुलह समझौते को आधार बनाकर कार्यवाही अमल में लाई जाए। कर्तव्यों में लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर 20 शिकायतें आईं जिनमे सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय से न्यायपूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी व राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपा ने मनाया स्वाभिमान-संविधान समारोह





## भाजपा कर रही संविधान को कमजोर, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर: देवी प्रसाद चौधरी

**मिर्जापुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देशानुसार सपा 'स्वाभिमान-संविधान समारोह' पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट भवन पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव ने भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

इस मौके पर बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाकर दबे-कुचले और शोषित वर्ग को तरक्की का मौका दिया। नकारात्मक और प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई। इसी से बौखलाए भाजपा सरकार के लोग समय-समय पर बाबा साहेब का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। आज संविधान बचाने की जरूरत है। स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कहा कि संविधान और आरक्षण बचाने के लिए हमें मजबूत होना पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान ही संजीवनी है और संविधान ही ढाल है।पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल ने कहा कि संविधान की सुरक्षा से ही सभी का मान-सम्मान और अधिकार सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने स्वमान के महत्व पर प्रकाश डाला।

पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्द ने कहा कि एकता से ही दमनकारी और वर्चस्ववादी ताकतों का संवैधानिक तरीके से मुकाबला किया जा सकता है। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादवने कहा कि बाबा साहेब सदैव से ऐसे व्यक्तित्व रहें है जिन्होने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नाकारात्मक प्रभुत्वावादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसलिये यह प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहें है। समारोह का संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया।

समारोह को पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व सांसद रमेश बिन्द, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, अशोक यादव,रामराज पटेल,दामोदर मौर्या, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, कीर्ति कोल, रविन्द्र बहादुर सिंह, गिरधारी पटेल, परवेज खान, रोहित शुक्ला 'लल्लू' निराला कोल, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, शैलेष पटेल, परवीन बानों, सतीश मिश्रा, रामजी मौर्या, संतोष गोयल,श्याम अचल यादव, वन्दना पटेल, कौशिक कनौजिया, विशाल यादव, संजय यादव, डा0 सुनील पटेल, सुरेश मौर्या, पंकज उपाध्याय, दीपक मौर्या, वन्दना पटेल, आशा गौतम, सुभाष पटेल, श्याम यादव, चन्दन पटेल, मंत्री यादव, दिनेश यादव, महिपाल सिंह, सूर्यकान्त सिंह, सौरभ सिंह, भोला नाथ यादव, जमाल अहमद, दिनेश पटेल, अनीष खान, अरशद अली, मेवालाल प्रजापति, बब्बू चमार, सियाराम जैसल, संगीता देवी, परवीन अंसारी आदि उपस्थित रहें।

# सेमर का पेड़ काटने पर चार पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बंजारी जंगल में सेमर का पेड़ काटने वाले चार लोगों के विरुद्ध शुक्रवार शाम को मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में रेंजर वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि शुक्रवार भोर में वाचर द्वारा फोन से सूचना दी गई कि बंजारी वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर तीन में ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंचे चार लोग सेमर के पेड़ की कटर मशीन से कटाई कर रहे हैं। सूचना पाकर वाचर दिनेश तिवारी के साथ बंजारी जंगल में पहुंचा तो सेमर के पेड़ का कटान करने वाले लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली पर लदवा रहे थे। पेड़ कटाई कर रहे लोगों ने मुझे व वाचर को देखकर जंगल से चले जाने की धमकी देने लगे। मेरे कड़ा रुख अपनाते ही पेड़ कटाई में शामिल बंजारी कलां गांव निवासी विकास सिंह उर्फ छोटू,हर्ष सिंह,शैलेश कहार और ट्रैक्टर चालक परमेश्वर कोल काटे गए पेड़ की लकड़ी को जंगल में छोड़कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से भाग निकले। रेंजर ने काटी गई लकड़ी को कब्जे में लेकर वनरेंज कार्यालय पर रखवा दिया है। रेंजर की तहरीर पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 221,352 व भारतीय वन अधिनियम की धारा 5ध्25 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया वनक्षेत्राधिकारी ड्रमंडगंज की तहरीर पर बंजारी जंगल में पेड़ का कटान करने वाले चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## वारंटी घर से गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढा गाँव से शुक्रवार को सुबह न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना क्षेत्र के सोनगढा गाँव निवासी रामसूरति का सिविल जज न्यायालय में पति पत्नी का विवाद चल रहा है। इस मामले में नोटिस के बाद भी उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया था जिसको उपनिरीक्षक चरण सिंह व हेड कांस्टेबल परवेज ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय में उपस्थित न होने पर गैर जमानती वारंट के तहत एक ब्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## आंधी तूफान से उड़ा आरआरसी सेंटर का टीन शेड, कई का उड़ा सीमेंट का चद्दर

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम आई आंधी तूफान से कई गांव में लोगो के घरों का टीन शेड, सीमेंट शेड उड़ गया खेतो में किसानों के गेहूं के बोझ भी उड़ गए है खेतो में मड़ाई के बाद रखे भूसा भी उड़ गया है। क्षेत्र में आई आंधी तूफान ने तबाही जमकर मचाया है। पीड़ितो ने क्षतिपूर्ति के लिए तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराया है। आंधी तूफान से ग्राम पंचायत महोखर में कूड़ा निस्तारण के लिए बनाये गए कूड़ा संग्रहण केंद्र में लगाए गए टीन शेड आंधी में उड़ गया है। जिससे हजारों रूपये की क्षति बताई जा रही है। इसी तरह से परसिया खुर्द गांव मे किशोरी का सीमेंट का चादर उड़ गया। ग्राम प्रधान महोखर ज्ञान बहादुर के घर में लागए गए सीमेंट का चादर भी आंधी से उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया है। आंधी तूफान से दर्जनों की संख्या में पेड़ भी धरासाई हो गए है। आम के फल भी आंधी से गिरकर बिखर गए है। आंधी तूफान जमकर तबाही मचाया है। पीड़ित ग्राम प्रधान सहित किसानों ने तहसील प्रशासन से आंधी से हुई तबाही का आकलन कराकर क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग किया है।

## कच्चे मकान में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणो से कच्चे मकान में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने आगजनी से हुई क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए तहसील प्रशासन का ध्यान आकृस्ट कराया है। हलिया थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी विधवा सीतबिया कच्चे मकान में खाना खाने के बाद चारपाई पर सो गई थी। उसी दौरान देर रात आई आंधी तूफान के कारण चूल्हे की चिंगारी से कच्चे मकान में आग लग गई जिसमें रखा गृहस्थी का सामान चावल, गेहूं,आटा, दाल,बिस्तर, चारपाई तथा कुछ पैसा जल गया। पीड़ित महिला ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।पीड़ित के अनुसार लगभग 50 हजार की क्षति बताई जा रही है।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के पुराना थाना के सामने स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया मंदिर को फूल मालाओ से विधिवत सजाया गया था। हनुमान मंदिर पुजारी भीम दत्त त्रिपाठी के निर्देश पर मंदिर पर भक्तों द्वारा सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीस पाठ भव्य दीपोत्सव एवं सामूहिक दिव्य महा आरती का आयोजन किया। मंदिर परिसर में डीजे गाजा बाजा रथ की व्यवस्था किया गया था। हनुमान गीत पर भक्त थरकते नजर आये। सुरक्षा व्यवस्था में हलिया पुलिस भारी फोर्स के साथ मौजूद रही। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाए कार्यक्रम शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, 12 पशु बरामद

## लालगंज सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया जहां दोनों की हालत सामान्य

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज स्थानीय थाना क्षेत्र के जयकर खुर्द के जंगल में शनिवार भोर लगभग 4 बजे पुलिस व पशु तस्करों के बीच हुए मुठभेड़ में दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घायल पशु तस्करों को हिरास में लेकर पुलिस लालगंज सामुदायिक अस्पताल भर्ती कराया जहां दोनों की हालत सामान्य है। पुलिस ने पशु तस्करों के पास सेदो तमंचा, खोखा और जिंदा कारतूस और 12 पशु बरामद किया है। इस कार्रवाई को लालगंज पुलिस, एसओजी, सर्विलांस संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहेअभियान मेंअपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी लालगंज थानाध्यक्ष, एसओजी व सर्विलास की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। मुठभेड़ मेंआकाश गुप्ता पुत्र सुरेंद्र गुप्ता निवासी सत्तनपुर रईसी थाना जंसा वाराणसी, मनीष यादव उर्फ मगरू यादव पुत्र राकेश यादव निवासी गंज ख्वाजा जंसों की मड़इअलीनगर चंदौली को गिरफ्तार किया गया। आकाश के बाएं व मनीष यादव के दाहिनेपैर में गोली लगीहै। अभियुक्तों के कब्जेसे12 गोवंश, दो अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। लालगंज थाने में अभियोग पंजीकृत करपुलिस कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम मेंथाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक एसओजी राजीव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मानवेंद्र सिंह प्रभारी सर्विलांस व पुलिस टीम में शामिल थे।

# थाना दिवस पर नौ मामलों का नहीं हुआ निस्तारण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल नौ मामले राजस्व से संबंधित पड़े। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका है। तहसीलदार ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया है। तहसीलदार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करे और मामले के निस्तारण की आख्या ससमय उपलब्ध कराये मामलो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे, शिव कुमार चौबे, उपनिरीक्षक श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव लेखपाल मौजूद रहे।



# आपसी विवाद में पति-पत्नी ट्रेन के सामने कूदे, पत्नी की मौत, पति घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** आपसी विवाद मेंपति-पत्नी शनिवार को खौफनाक कदम उठातेहुए मालगाड़ी के सामनेकूद गए।जिसमेंट्रेन के टक्कर से पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप सेघायल सीएचसी राजगढ़ मेंले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकत्सिक नेमिर्जापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस महिला का शव अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।वाराणसी जनपद के कजाकपुरा निवासी 24 वर्षीय सानूपाल की शादी लगभग दो वर्षपहले 21 वर्षीय संगीता के साथ हुई। शादीके बाद सोनूअपनी पत्नी संगीता को साथ लेकर राजगढ़ थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर, नई बस्ती मेंपहलेसेघर बनाकर रह रहेअपनेभैया व भाभी के पास आ कर रहनेलगा। कुछ दिनों बाद सानूभी अपनी जमीन खरीद कर घर बना लिया और लगभग एक वर्षसेअपनी पत्नी संगीता के साथ रह रहा था। शनिवार को करीब 10 बजेकिसी बात को लेकर पति-पत्नी मेंविवाद हो गया। विवादइतना बढ़ गया, कि दोनों जान देनेपर अमादा हो गए। तभी उनके घर पीछे रेल लाइन सेगुजर रही मालगाड़ी के सामनेदोनो पतिपत्नी छलांग लगा दिया। मालगाड़ी की चपेट मेंआनेसेसंगीता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सानूपाल गंभीर रूप सेघायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस, एंबुएंलेंस द्वारा दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ लेगई। जहांपर चिकित्सक नेपरीक्षण कर संगीता को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप सेजख्मी सानूपाल को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामासेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। पुलिस संगीता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध मेंथानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि आपसी विवाद के बाद पत्नी नेट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियागया है।सानूको बेहतर ईलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया गया है।

## श्रमिक हाई टेंशन तार की चपेट में आने से झुलसा, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हर्रा गांव निवासी एक व्यक्ति पिकअप के डाला पर खड़ा होकर भूसा लादने जा रहा था। रास्ते में ग्यारह वोल्टेज का हाई टेंशन तार ढीला होने के कारण शरीर में छूने से श्रमिक झुलस गया। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हर्रा गांव निवासी रामदेव का बेटा छोटू (16) एक पिकअप गाड़ी के डाले में खड़े होकर भूसा लादने के लिए जा रहा था। जैसे ही हर्रा गांव के धवनिया मौर्या बस्ती के पास पहुंचा कि उपर से गुजर रहा ग्यारह वोल्टेज का हाई टेंशन तार उसके दाहिने अंग में टच कर गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।


**नोटिस**

मैं, जेसी न.-755206K सूबेदार अनिल कुमार त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मी कान्त त्रिपाठी निवासी -1 ओ/7, तिलकनगर, तहसील, सदर, प्रयागराज, उ0 प्र0 पिन-211006, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम GITA DEVI दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम GITA TRIPATHI है जो कि उनके आधार व पैन कार्ड में दर्ज है। अतः मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का सही नाम गीता त्रिपाठी होना न्यायहित में अत्यन्त आवश्यक है ।

सी.आर.-76/D

**सूचना**

मैं, no.14845337M रैंक- HAV नाम मनोज मल्लिक यूनिट- 504 ASC BN C/O- 56 APO निवासी -Vill-Nutan gram, Post- Tilabani, P.S- Simlapal,Tehsil -Khatra Dist -Bankura राज्य- पश्चिम बंगाल, पिन- 722160

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम झीलिक पत्रा दर्ज हो गया जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम झीलिक मल्लिक है जो कि सही है अतः मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम झीलिक मल्लिक होना न्यायहित में अत्यन्त आवश्यक है। झीलिक पत्रा और झीलिक मल्लिक दोनों एक ही है।

सी.आर.-76/D

**आवश्यक सूचना**

मदरसा अरबिया अशरफिया ज़्याउल ओलूम खैराबाद, मऊ में स0अ0 तहतानिया के दो (2) रिक्त पद व प्रधानाचार्य के एक (1) रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए दिनांक 05 मार्च 2025 के विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। बाद में प्रकाशित विज्ञापन पर नये आवेदन वांछित होंगे।

**प्रबंधक- मदरसा अरबिया अशरफिया ज़्याउल ओलूम खैराबाद मऊ।**

सी.आर.-74/D

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं धर्मेन्द्र कुमार चौधरी S/o श्री बेचन प्रसाद, निवासी-मकान संख्या 177, यूनिटी सिटी, बहादुरपुर निकट प्राइमरी स्कूल, विकासनगर लखनऊ उत्तर प्रदेश -226022. मैंने अपनी पुत्री चित्रगना का नाम बदलकर अमायरा चौधरी पुत्री श्री धर्मेन्द्र कुमार चौधरी कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अमायरा चौधरी के नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा।

सी.आर.-75/L-44

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. NER-BSB0SnT-OT-05-2025**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई–निविदा" आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.: 1: निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-05-2025; कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल में पुराने सिग्नलिंग उपकरणों का बदलाव (ई.पी.एम. और ग्राउंड कनेक्शन और अन्य विविध आइटम) एवं छपरा ग्रामीण–थावे–छपरा कचेहरी खंड में बी.पी.ए.सी. के लिए ऑटो बेंजओवर सुविधा (कुल 2 ब्लॉक खंड) और गौतमस्थान – चितबड़ागांव खंड (07 स्टेशन) में एक्सटर्नल रिंग सप्लाई व्यवस्था का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹1,08,90,225.60/-; **बयाना की राशि:** ₹2,04,500/-; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹0.00/-; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह; **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 05.05.2025 को 15:00 बजे। 1. ई–निविदा दिनांक 05.05.2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबंधक/सिग एवं दूरसंचार मुजाधि/सिग्नल–01 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या–याँ/246/1/15/25–26/ओ०टी०–02**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.–1, कार्य का संक्षिप्त विवरण :** यांत्रिक कारखाना, इज्ज़तनगर में 4008 अदद बोगी फ्रेम और उनके घटकों 4008 अदद बीजी आईसीएफ/एसपीएआरटी/ डीईए मयू टीसी/डीईएमयू डीपीसी बोगियों, 180 अदद एमजी बोगियों और 1392 अदद फिएट बोगियों के ग्रिट ब्लास्टिंग और प्राइमर का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार) 02 वर्ष की अवधि के लिए।, अनुमानित मूल्य (रु० में): रु. 32616220.08 (तीन करोड़ छब्बीस लाख सोलह हजार दो सौ बीस रुपये एवं आठ पैसा मात्र), जमानत राशि (रु० में) : रू. 313100.00 (तीन लाख तेरह हजार एक सौ रूपये मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०) : शून्य, कार्य अवधि: 02 वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समय : 05.05.2025 को 15:30 बजे। **नोटः 1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 05.05.2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में इसके अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। यदि अन्य वित्तीय प्रपत्र अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उप मुयाइ/उत्पादन/यांत्रिक कारखाना, मुजाधि/यौंत्रिक – 09 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कालेसर, वि.ख. पिपरौली, गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत **कालेसर** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) वि.ख. पिपरौली महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग / केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग इंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पौबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17-04-2025 तक अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत **कालेसर** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु. 5000.00 (दस हजार रूपये) होगी।

**नियम एवं शर्तेः-** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है 3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कालेसर** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कालेसर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत **कालेसर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं 18 बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टरलाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

ग्राम प्रधान- रेनू यादव, ग्राम पंचायत- कालेसर, वि.ख.- पिपरौली, गोरखपुर

सचिव- दीपशिखा राय, ग्राम पंचायत – कालेसर, वि.ख.- पिपरौली, गोरखपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बांहपुर वि.ख. गोला, गोरखपुर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत **बांहपुर** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) वि.ख. गोला महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग / केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग इंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पौबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18-04-2025 तक अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत **बांहपुर** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु.5000.00 (दस हजार रूपये) होगी।

**नियम एवं शर्तेः-** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है 3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बांहपुर** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बांहपुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत **बांहपुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं 18 बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टरलाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

ग्राम प्रधान- रामसमुझ, ग्राम पंचायत- बांहपुर, वि.ख.- गोला, गोरखपुर

ग्राम पंचायत अधिकारी- संजय कुमार, ग्राम पंचायत- बांहपुर, वि.ख.- गोला, गोरखपुर

**एम0सी0जे0 फार्म नं0-33 भाग, 7**
**हेतु संदर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय क्षेत्र श्रीनगर, तहसील लखीमपुर जिला खीरी**
**वाद संख्या-टी.202310415544/ बाजदायर धारा - 34 उ0प्र0 राजस्व संहिता**
**तारीख पेशी - 17.04.2025 ई0**
**बउन्वान राम कुमार बनाम उर्मिला मिश्रा**

1. राम कुमार पुत्र नानक चंद्र निवासी अटकोहना, पर0 श्रीनगर, तहसील लखीमपुर, जिला-खीरी
2. उर्मिला मिश्रा पुत्री मदन पाल पत्नी बृजेश कुमार मिश्रा हाल पता निवासी मोहल्ला गंगोत्री नगर, नौरंगाबाद शहर व तहसील लखीमपुर परगना व जिला-खीरी मूल निवासी ग्राम अटकोहना परगना श्रीनगर तहसील लखीमपुर जिला खीरी

चूंकि उपरिनामांकित छोटू सिंह आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 2025 के माह04 दिवस 17 को समय 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हों और ऐसा करने में असफल हरने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा आधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गई।

**नायब तहसीलदार श्रीनगर**

सी.आर.-73/D-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

**कार्य का नाम :** समझ/छपरा कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत छपरा कालोनी, छपरा कचहरी कालोनी, गोल्डिनगंज-छपरा ग्रामीण के मध्य एक एलएचएसडब्लू एवं थावे (रहित)-कप्तानगंज (रहित) के मध्य 21 अदद एलएचएसडब्लू से संचित पानी की निकासी का कार्य, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-01, **अनुमानित लागत (₹) :** 45,10,232/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 90,200/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह। **कार्य का नाम :** छपरा–फेफना अनुभाग में किमी. 17/0-18/2 पर पुल सं. 16 पर एचबीम स्लीपरों द्वारा मौजूदा स्टील चैनल स्लीपर का टीबीएसआर, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-04, **अनुमानित लागत (₹) :** 7,27,27,877/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 5,13,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह। **कार्य का नाम :** थावे-कप्तानगंज अनुभाग में एचबीम स्लीपरों द्वारा मौजूदा क्षतिग्रस्त चैनल स्लीपर का टीबीएसआर (कुल 742 नम्बर), **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-05, **अनुमानित लागत (₹) :** 2,25,12,376/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 2,62,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 10 माह। **कार्य का नाम :** फेफना (रहित)–औडिहार (सहित) अनुभाग में सेस मरम्मत का कार्य (प्राईवेट लैण्ड से), **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-06, **अनुमानित लागत (₹) :** 1,28,99,300/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 2,14,500/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 07.05.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-01 एवं एनईआर-बीएसबी-2025-04 से एनईआर-बीएसबी-2025-06 दिनांक 07.05.2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) मुजाधि/डब्ल्यू-12 वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## यूक्रेन पर ट्रंप-पुतिन की जल्द हो सकती है भेंट

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर

### अमेरिकी दूत ने की रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात

पुतिन से मुलाकात की है। रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बताया है कि मुलाकात में यूक्रेन की स्थिति पर विचार हुआ और वहां पर शांति स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इस दौरान ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। उधर, वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



कहा है कि यूक्रेन में युद्धविराम पर रूस तेजी से काम कर रहा है। पुतिन से मुलाकात से पहले विटकॉफ ने सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन के निवेश मामलों के दूत किरिल दिमित्रियेव के साथ वार्ता हुई। इसके बाद विटकॉफ ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। विटकॉफ अमेरिका और रूस के संबंधों को पटरी पर लाने के सिलसिले में अहम व्यक्ति बनकर उभरे हैं। ट्रंप के विश्वासपात्र के रूप में वह रूस के साथ ही यूक्रेन के भी संपर्क में हैं। लेकिन उनकी रूस यात्रा से किसी बड़े परिणाम की उम्मीद नहीं की जा रही है। ट्रंप के दूत के रूप में विटकॉफ की पुतिन से यह तीसरी मुलाकात थी। यह मुलाकात सीरिया से रूस समर्थित असद सरकार के गिरने, रूस समर्थित ईरान के अमेरिका के साथ तनाव, अमेरिका-चीन के बीच जारी ट्रेड वार और यूक्रेन युद्ध के बीच हुई है। जाहिर है इसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हित के लिए बातें की होंगी लेकिन अभी वे बातें सार्वजनिक नहीं हुई हैं। विटकॉफ शनिवार को ओमान जाएंगे। वहां पर वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उससे जुड़े खतरों पर चर्चा करेंगे।

### ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन और लैपटॉप को टैरिफ से दी छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ खास इलेक्ट्रॉनिक सामानों को पारस्पर शुल्क से छूट दी जाएगी। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप और कुछ अन्य तकनीकी उपकरण शामिल हैं। इस फैसले से आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है, क्योंकि इन वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की आशंका अब कम हो गई है। किन चीजों को मिलेगी छूट? अमेरिकी कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग के अनुसार, कई वस्तुओं को टैरिफ से छूट दी गई है। स्मार्टफोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर बनाने वाली मशीनें, फ्लैट-पैनल मॉनिटर (जैसे एलईडी स्क्रीन)

## निर्वासन के खिलाफ अपील करेगा इजरायल विरोधी खलील

**वॉशिंगटन।** बीते साल कोलंबिया विश्वविद्यालय में इजरायल विरोधी और फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले महमूद

### कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध का मामला

खलील को निर्वासित करने का आदेश दे दिया गया है। अब महमूद खलील के वकील ने कहा है कि वे इस आदेश को चुनौती देंगे। संघीय अप्रवासन एजेंट्स ने बीते महीने महमूद खलील को हिरासत में लिया था। उल्लेखनीय है कि महमूद खलील अमेरिका का नागरिक है और उसकी



पत्नी, जो गर्भवती है, वह भी अमेरिकी नागरिक है। हिरासत में लिए जाने के बाद महमूद खलील को कोलंबिया से हजारों मील दूर लुइसियाना के जेना में स्थित हिरासत केंद्र में रखा गया है। खलील कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मामलों का छात्र है। बीते साल जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में गाजा के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हुए तो महमूद खलील ने ही इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक ब्लॉक पर कब्जा कर लिया था। जिसके चलते खासा हंगामा हुआ था और पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी थी। प्रदर्शन के दौरान महमूद खलील ने अपना चेहरा नहीं छिपाया और मीडिया से भी बात की, जिससे वह ट्रंप प्रशासन के निशाने पर आ गया।

## ट्रंप ने टैरिफ वॉर से करीबियों को पहुंचाया फायदा?

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता की शपथ लेते ही ऐसे कई फैसले लिए हैं, जिनसे

### अमेरिका में उठी जांच की मांग

वैश्विक और अमेरिका के शेयर मार्केट का माहौल काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद मार्केट में काफी गिरावट देखी गई थी लेकिन जैसे ही ट्रंप ने टैरिफ पर रोक की घोषणा की उससे मार्केट ने ऐतिहासिक बढ़त हासिल की। इससे कई निवेशकों के पैसे डूबे हैं तो कई लोगों ने बिलियन्स डॉलर कमाए भी हैं। अब अमेरिका में कुछ सीनेटरों ने मिलकर मार्केट के इसी उतार-चढ़ाव को लेकर सवाल उठाया है कि क्या ट्रंप ने जानबूझकर ऐसा किया, जिससे उनके करीबी लोगों को फायदा हो सके। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सीनेटरों ने मिलकर देश के सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन से राष्ट्रपति के करीबी और व्हाइट हाउस के अंदरूनी लोगों के शेयर्स की जांच करने का आग्रह किया है। सीनेटरों के इस पत्र में शेयरों की जांच के अलावा यह भी पता लगाने को कहा गया है कि क्या टैरिफ पर रोक की घोषणा से पहले राष्ट्रपति के परिवार या उनके किसी दोस्त को इसके बारे में जानकारी थी या नहीं... क्योंकि अगर ऐसा है तो उन्हें निश्चित तौर पर ही मार्केट में आने वाले उतार चढ़ाव का अंदाजा हो गया होगा।

### फ्लोरिडा में विमान हादसा, तीन मरे

**फ्लोरिडा।** न्यूयॉर्क में हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद आज फिर दक्षिण फ्लोरिडा के बोका रैटन में प्रमुख राजमार्ग के पास छोटा विमान सेसना 310 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बारे में बोका रैटन फायर रेस्क्यू के सहायक प्रमुख माइकल लासेल ने जानकारी देते हुए कहा कि विमान दुर्घटना में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। जब विमान जमीन पर गिरा तो उसमें आग का गोला निकला, जिससे पास की कार में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। यह विमान बोका रैटन हवाई अड्डे से तल्हासी के लिए रवाना होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## कनाडा के पीएम पर भड़के नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कनाडा के समकक्ष कार्नी को गाजा में इजरायली सेना के नरसंहार वाले एक बयान पर सहमति जताने के लिए जमकर

### गाजा में 'नरसंहार' वाले बयान पर जमकर सुनाया

खरी-खोटी सुनाई है। इजरायली प्रधानमंत्री का यह बयान कार्नी के उस वीडियो के जवाब में आया है, जिसमें एक कार्नी की एक चुनावी रैली के दौरान एक प्रदर्शनकारी चिल्लाते हुए कहता है कि वहां फिलिस्तीन में इजरायली सेना नरसंहार कर रही है। इस पर कार्नी पलटकर जवाब देते हुए कहते हैं कि धन्यवाद.. हां मुझे मालूम है कि वहां




क्या हो रहा है, इसलिए हमने हथियारों की बिक्री पर रोक लगाई है। कनाडाई प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद मीडिया में अटकलबाजी शुरू हो गई। रैली के बाद जब मीडिया ने कनाडाई पीएम कार्नी से इस बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मैंने 'नरसंहार' शब्द नहीं सुना था। मैं बस इजरायल के संबंध में अपने हथियारों की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बारे में ही बता रहा था। पीएम कार्नी ने भले ही इस पर सफाई दे दी लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## एक नज़र

### पाकिस्तान में 5.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भी लोगों ने धरती में कंपन की शिकायत की। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई, जिसका केंद्र पाकिस्तान में 33.63 डिग्री उत्तर अक्षांश और 72.46 डिग्री पूर्व देशांतर पर 12 किलोमीटर की गहराई पर था। रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप के जोरदार झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से निकलकर बाहर की ओर भागने लगे। अभी तक जान के नुकसान या संपत्ति को क्षति की कोई खबर नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, दोपहर करीब 12ः31 बजे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन के 12 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप पंजाब के अटक, चकवाल, मियांवाली जिलों और आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। भूकंप के झटके पेशावर, मर्दन, मोहमंद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शबकदर में भी महसूस हुए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74000 से अधिक लोग मारे गए थे।

### गूगल ने अपनी टीमों से सैकड़ों लोगों को निकाला

**न्यूयॉर्क।** टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल ने अपने प्लेटफॉर्म व डिवाइस विभाग से सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। जिन विभागों से कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है उसमें एंड्रॉयड सॉफ्टवेयर, पिक्सल स्मार्टफोन और क्रोम ब्राउज़र के कर्मचारी शामिल है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कंपनी ने हाल ही में अपने श्रमिकों को स्वैच्छिक खरीद की पेशकश की थी, जो संगठन में बड़े बदलावों की ओर इशारा करती है। यह बदलाव कंपनी की रणनीति और भविष्य की योजनाओं को दर्शाता है। द इन्फॉर्मेशन के अनुसार, गूगल के प्रवक्ता ने कहा है कि छंटनी कंपनी को अधिक कुशल और लचीला बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। यह बदलाव कंपनी को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करने के लिए किया जा रहा है। यह बदलाव पिछले साल प्लेटफॉर्म और डिवाइस टीमों को मिलाने के बाद किया गया है, जिसका उद्देश्य काम को अधिक सुव्यवस्थित और कुशल बनाना है। रिपोर्ट की मानें तो इस प्रयास के जरिए पहले की गई स्वैच्छिक निकासी कार्यक्रम के अतिरिक्त कुछ नौकरियों में कटौती हुई है।

### रूस के प्रायद्वीप पर फटा ज्वालामुखी

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर स्थित बेज्मियान्नी ज्वालामुखी शनिवार को तड़के फट गया, जिससे 4,000 मीटर तक की ऊंचाई तक राख का गुबार आसमान में फैल गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी की सुदूर पूर्वी शाखा के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान ने अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से बताया कि राख का गुबार ज्वालामुखी के उत्तर-उत्तर-पूर्व में लगभग 90 किलोमीटर तक फैल गया, जिससे क्षेत्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित खतरा पैदा हो गया। यह विस्फोट कई महीनों से बढ़ रही ज्वालामुखी गतिविधि के बाद हुआ है, जिसमें पिछले 24 घंटों में क्षेत्र में 180 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। वैज्ञानिक स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे है। यह विस्फोट 11 अप्रैल, 2023 को हुए शक्तिशाली विस्फोट के लगभग दो साल बाद हुआ है, जिसने उस्त-कामचत्स्की जिले में जीवन को बुरी तरह से बाधित कर दिया था। विशेषज्ञ अब चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा विस्फोट और भी तीव्र हो सकता है, जिससे राख का उत्सर्जन समुद्र तल से 15,000 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने की संभावना है।

### एमपी में वाहन पलटने से चार मरे

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में एक 'एमयूवी' वाहन के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना शुक्रवार रात 10 बजे जिला मुख्यालय से करीब 48 किलोमीटर दूर बोलासा गांव के पास हुई। उन्होंने कहा, एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हैं। उनमें दो की हालत गंभीर है। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### ट्रंप ने कराई वार्षिक शारीरिक जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्षिक शारीरिक जांच कराई और कहा कि उनका स्वास्थ्य अच्छा है। जनवरी में 78 वर्ष की आयु में अमेरिकी इतिहास के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति बनने वाले ट्रंप जांच के लिए लगभग पांच घंटे तक वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में रहे। उन्होंने कहा, मैं काफी समय वहां था। मुझे लगता है कि मेरा स्वास्थ्य काफी अच्छा है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की शारीरिक व मानसिक क्षमता पर लंबे समय से सवाल उठाने के बावजूद, ट्रंप अपने स्वास्थ्य के बारे में बुनियादी तथ्यों को लंबे समय से गुप्त रखते आए हैं।

## तनातनी : यूक्रेन के साथ आए यूरोपीय देश

**ब्रुसेल्स।** अमेरिका की मध्यस्थता के बावजूद रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम समझौता नहीं हो पा रहा है। रूस की तरफ अमेरिका के बढ़ते झुकाव को देखते हुए यूरोपीय देश यूक्रेन के

### अरबों यूरो की देंगे सैन्य मदद

समर्थन में उतर आए हैं। यूरोपीय देशों ने रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को सैन्य सहायता देने की तैयारी की है। ब्रुसेल्स में हुई बैठक में यूरोपीय देशों ने यूक्रेन की मदद के लिए 21 अरब यूरो की सैन्य सहायता देने का एलान किया। उधर, अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने युद्ध विराम को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यूरोपीय सरकारों ने पुतिन पर युद्ध विराम के अपने कदम



पीछे खींचने का आरोप लगाया है। यूक्रेन समर्थित देशों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद ब्रिटेन रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि कुल 21 बिलियन यूरो (. 24 बिलियन) से अधिक हैं। यह यूक्रेन के लिए सैन्य निधि में एक रिकॉर्ड वृद्धि है। हम समर्थन को अग्रिम पंक्ति की लड़ाई में भी बढ़ा रहे हैं। हालांकि यूक्रेन ने कहा कि पहले भी कुछ देश ऐसे सम्मेलनों में पुराने प्रस्तावों को दोहरा चुके हैं, लेकिन वादे के अनुसार हथियार और गोला-बारूद नहीं देते। नाटो महासचिव मार्क रूटे ने पिछले सप्ताह कहा था कि यूक्रेन के समर्थकों ने इस वर्ष के पहले तीन महीनों में अब तक लगभग 21 बिलियन डॉलर प्रदान किए हैं। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि 26 बिलियन डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई गई है। नाटो मुख्यालय में हुई बैठक में यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने कहा कि एक महत्वपूर्ण मुद्दा उनके देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने बैठक को उत्पादक, प्रभावी और कुशल बताया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को अब तक की सबसे बड़ी सहायता मिल रही है। हम प्रत्येक राष्ट्र के आभारी हैं जिन्होंने यह सहायता प्रदान की है।

### ये देश करेंगे मदद

जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा कि उनका देश यूक्रेन को चार इरिस-टी एसएलएम एयर डिफेंस सिस्टम, शॉर्ट-टू-मीडियम-रेंज सिस्टम मिसाइलों के साथ, साथ ही पैट्रियट बैटरी पर उपयोग के लिए 30 मिसाइलें प्रदान करेगा। नीदरलैंड एक हॉकआई वायु रक्षा प्रणाली, एक हवाई प्रारंभिक चेतावनी विमान देगा। एस्टोनियाई रक्षा मंत्री हनो पेवकुर ने कहा कि उनका देश विश्व आयुध बाजार की निगरानी कर रहा है और यूक्रेन के समर्थकों के लिए अधिक हथियार और गोला-बारूद खरीदने पर जोर दे रहा है। पेवकुर ने कहा कि पुतिन नौ मई तक यूक्रेन के साथ किसी तरह के समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। अब कीव की स्थिति को मजबूत करना और भी महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें जितनी जल्दी हो सके डिलीवरी में तेजी लाने की जरूरत है।

## जंग खत्म न हुई तो तीन हिस्सों में बंट जाएगा यूक्रेन

**कीव।** कीव में अमेरिका के राजदूत ने कहा है कि अगर यूक्रेन शांतिवार्ता के लिए नहीं तैयार होता है तो एक दिन आएगा जब यह देश तीन हिस्सों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का एक हिस्सा ब्रिटेन के नियंत्रण में

### अमेरिका ने यूक्रेन को दिलाई दूसरे विश्वयुद्ध की याद

तो दूसरा फ्रांस के नियंत्रण में होगा। वहीं तीसरा पूर्वी हिस्सा रूस के कब्जे में होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका न तो अपनी कोई फौज यूक्रेन में उतारेगा और न ही कब्जा करेगा। दूसरे विश्वयुद्ध की याद दिलाते हुए जनरल कैथ केलोग ने कहा कि जिस तरह से बर्लिन तीन



हिस्सों में बंट गया था। एक पर ब्रिटेन का, दूसरे हिस्से पर फ्रांस का और तीसरे हिस्से पर रूस का नियंत्रण हो गया था। वही हश्र यूक्रेन का भी हो सकता है। बता दें कि इस बार यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिका दौरे के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तनातनी चल रही है। डोनाल्ड ट्रंप डराधमकाकर किसी भी तरह जेलेंस्की से मिनरल डील पर साइन करवाना चाहते थे। लेकिन जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप की भी एक न सुनी। ओवल हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दोनों नेताओं में तीखी नोकझोंक भी हो गई थी। उधर, अमेरिका के हाथ खींचने के बाद ब्रिटेन और नॉर्वे ने यूक्रेन को एंटी टैंक माइन, रडार और ड्रोन के लिए 450 मिलियन पाउंड देने का ऐलान किया है।

### ऑस्ट्रेलिया के भारतीय दूतावास में तोड़फोड़

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास में गुरुवार को तोड़फोड़ की गई। 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित वाणिज्य दूतावास भवन के सामने के प्रवेश द्वार पर भित्तिचित्र पाए गए। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को उठाया और एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास के परिसर में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। देश में भारतीय राजनयिक और वाणिज्य दूतावास परिसर और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## भारतीय मूल के अमेरिकी नेता पर जुआ और सट्टेबाजी गिरोह चलाने का आरोप

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी नेता पर जुए और सट्टेबाजी का गिरोह चलाने का आरोप लगा है। इसके चलते भारतवंशी नेता समेत कुल 39 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि इन लोगों ने जुए और सट्टेबाजी से 30 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की कमाई की है। न्यूजर्सी के अटॉर्नी जनरल मैथ्यू प्लेटकिन ने बताया कि आनंद शाह (42 वर्षीय) प्रॉस्पेक्ट पार्क, न्यू जर्सी के पार्षद और व्यवसायी हैं। आरोप है कि आनंद शाह ने संगठित अपराध गिरोह के साथ मिलकर अवैध पोकर गेम और ऑनलाइन स्पोर्ट्सबुक का अवैध धंधा संचालित किया। शाह समेत 39 लोगों पर इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी जर्सी में 12 स्थानों पर रैकेट चलाने, जुआ अपराध, धन शोधन और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। आरोपियों में फ्लोरिडा के लॉन्गवुड के भारतीय मूल के समीर नादकर्णी (48 वर्षीय) भी शामिल हैं। पुलिस संगठित अपराध गिरोह चलाने वाले लुचेसी अपराध परिवार की जांच कर रही थी। इस जांच के दौरान ही पुलिस ने 9 अप्रैल को टोटोवा, गारफील्ड और वुडलैंड पार्क में चार पोकर क्लबों की तलाशी ली गई, जिसमें इस अपराध का खुलासा हुआ।

## 'बस इतना सा ख्वाब' शो अलविदा

अपनी दिल छू लेने वाली प्रेरणादायक कहानी के साथ दर्शकों का दिल जीतने के बाद पॉपुलर फिक्शन शो 'बस इतना सा ख्वाब', अब 13 अप्रैल को दर्शकों से विदा लेने जा रहा है। यह शो कानपुर की एक समर्पित गृहिणी, अवनी त्रिवेदी (राजश्री ठाकुर) के बेमिसाल सफ़र को दर्शाता है, जिसने समाज की सीमाओं को तोड़कर अपने परिवार के सपनों के लिए एक नई राह पर चलने की हिम्मत दिखाई। राजश्री ठाकुर, योगेन्द्र विक्रम सिंह, भूमिका गुरुंग, छवि पांडे और ईशा धीरवानी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की अदाकारी से सजी इस कहानी ने दर्शकों को हर मोड़ पर बांधे रखा। शो अपनी लोकप्रियता के शिखर पर खत्म हो रहा है, जहां अवनी का परिवार सालों बाद एक हो जाता है और तमन्ना को उसके गुनाहों की सज़ा मिलती है। अवनी का किरदार निभाने वालीं राजश्री ठाकुर ने शो के इस भावुक सफ़र पर कहा, ''बस इतना सा ख्वाब का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद भावुक और



संतोषजनक अनुभव रहा। यह शो जिस ऊंचाई पर खत्म हो रहा है, हमने बिल्कुल वैसा ही सोचा था। इससे ज्यादा खूबसूरत विदाई नहीं हो सकती थी। अवनी का किरदार मेरे करियर के सबसे यादगार किरदारों में से एक रहा, जिसमें मैंने दिल और जान लगाई। दर्शकों का जो प्यार और समर्थन मिला, वो मेरे लिए सबसे बड़ा इनाम है। यह शो सिर्फएक कहानी नहीं थी, बल्कि संघर्ष, प्यार और खुद की तलाश का एक प्रेरणादायक सफ़र था।'' योगेन्द्र विक्रम सिंह, जिन्होंने शिखर का भावुक किरदार निभाया, ने भी दिल से आभार जताते हुए कहा, ''बस इतना सा ख्वाब, मेरे लिए एक रोलरकोस्टर जैसा रहा - हर पल खास, हर दृश्य यादगार। शिखर जैसे किरदार को निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी, जिसमें मुझे जज़्बातों की गहराई भी मिली और सेट पर हंसी-खुशी का साथ भी। प्रोड्यूसर्स ने मुझ पर जो विश्वास जताया, उसके लिए मैं बेहद आभारी हूं। इस शो ने मुझे सिर्फएक किरदार नहीं दिया, बल्कि एक परिवार भी दिया।''

छोटा पर्दा

## पुराने साथियों के साथ मनाया जन्मदिन

मोस्ट पॉपुलर शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रहीं सपना सिकरवार ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपने प्रियजनों के साथ बड़े ही मजेदार तरीके से बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस जश्न में उनके करीबी परिजन, प्यारे दोस्त, पुराने सहयोगी और मौजूदा साथी कलाकार भी मौजूद थे। उन सभी ने मिलकर इस मौके को यादगार बना दिया! इस बारे में सपना सिकरवार उर्फबिमलेश ने कहा, ''यह बर्थडे मेरे लिये वाकई जादुई था। मैं अपने परिवार के साथ सुकून से बैठकर डिनर करना चाहती थी, लेकिन मुझे पता नहीं था कि गुपचुप तरीके से एक धमाकेदार जश्न मेरा इंतजार कर रहा है। जब मैं वेन्यू पर पहुँची, तब देखकर दंग रह गई! मेरे पति, बेटी मान्या और 'हप्पू की उलटन पलटन' की पूरी टीम पहले से वहाँ थी। उनके साथ किकू शारदा, कविता कौशिक, गोपी बहू जैसे इंडस्ट्री से जुड़े मेरे कुछ सबसे पुराने और प्यारे दोस्त भी थे, मेरे पिछले शोज में साथ काम कर चुके कई दूसरे लोग भी वहां थे। यह मिलन बड़ा ही खूबसूरत था और हम खूब हंसे, एक-दूसरे से गले मिले और हमने बहुत मस्ती की। उन्होंने आगे कहा, ''वह रात मेरे लिये यादगार बन गई। हमने जमकर डांस किया, गाने गाये और कई सारी तस्वीरें ली और वीडियो भी बनाए! सबको पता है कि मुझे रील्स बनाना कितना पसंद है और हमने फोटो कॉर्नर्स और मजेदार प्रॉप्स का लुत्फ लिया। मेरी बेटी मान्या तो पार्टी की जान बन गई। वह पूरे जोश के साथ इधर-उधर दौड़ रही थी। मुझे सबसे अच्छा लगा उसके और अपने पति के साथ केक काटना। इससे बढ़िया कुछ हो ही नहीं सकता था।''



बाजार दर्पण

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर
डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089

